फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 306 प्रभात जयपुर, गुरुवार 8 जून , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The 'Mahavir' Ace Bomber Padmanabha Gautam | The only light visible was the ack-ack tracers. They had to fly under the arcs of the ack-ack. | Oldest Known Complex Organic... | A Rendezvous with the Jungle Man | A lively session with Sunayan Sharma



*मिलिए एक ऐसे लार्वा से, जो जिस पौधे पर होता है उसी के जैसा बन जाता है, अर्थात् वैसा ही रंगरुप धारण कर लेता है। ज़ाहिर है, इस कीट को ''कैमफ्लाज़्ड लूपर'' नाम मिला है, खुद को छिपाने की इसकी असाधारण क्षमता के कारण। ये लार्वा, जिन्हें इंचवर्म कहते हैं और बाद में जो ''ग्रीन मॉथ'' बन जाते हैं, जिस फूल को खा रहे होते हैं, उसके टुकड़ों को अपनी जैलटिन जैसी लार की मदद से पीठ पर चिपका लेते हैं और इस तरह खुद भी उसी फूल का हिस्सा लगने लगते हैं। यही नहीं, जब इंचवर्म किसी अलग प्रकार के फूल को खाना शुरु करते हैं तो पुरानी पंखुड़ियों को पीठ पर से हटा देते हैं तथा नई पंखुड़ियाँ चिपका लेते हैं। युनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलाइना के डॉ. मीकलूस ट्राइबर ने 1919 में इस प्रक्रिया को समझाया था। उन्होंने एक लार्वा को पकड़ कर अपने पास रखा, जैसे ही वो किसी फूल की पंखुड़ी को चिपकाता तो डॉ. ट्राइबर उसे हटा देते थे, यह देखने के लिए वह कितनी जल्दी दूसरा रुप धारण करता है। उन्होंने उसे अलग-अलग फूलों पर भी रखा। उन्होंने बताया कि, इंचवर्म जिस फूल को खाता है उसी के जैसा कॉस्ट्यूम धारणा कर लेता है। अपने आप को छुपाने के लिए वह फूल के विभिन्न भागों का इस्तेमाल करता है। इस जीव की बचाव रणनीति उसे पक्षियों का भोजन बनने से बचाती है। वैसे तो अधिकांश लार्वा किसी ना किसी प्रकार की ''कैम्फ्लाज़'' रणनीति काम में लेते हैं। कोई पेड़ की छाल जैसा लगता है, कोई कांटे जैसा, तो कोई चिड़िया की बीट जैसा, पर लूपर की टैक्नीक सबसे निराली है।*

# चारों विधानसभा इलैक्शन में चुनाव अभियान की मुख्य जिम्मेवारी प्रियंका गांधी पर होगी

## इस निर्णय के तहत, प्रियंका गांधी 12 जून को जबलपुर में रैली आयोजित कर मध्य प्रदेश के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगी

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 जून। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में सफल चुनाव प्रचार अभियान के बाद प्रियंका गांधी इस साल के अंत में होने वाले चार विधानसभा राज्यों के चुनावों में स्टार प्रचारक के रूप में उभर रही हैं। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भाजपा को शानदार जीत मिली है।

वे मध्य प्रदेश के लिए चुनाव प्रचार की शुरुआत जबलपुर से करने जा रही है, जहां वे 12 जून को एक सभा को संबोधित करने वाली हैं। सूत्रों का कहना है कि वे इन राज्यों में गहन चुनाव प्रचार करेंगी क्योंकि कर्नाटक में उनके प्रचार अभियान को उनके भाई राहुल गांधी से ज्यादा सफल माना गया।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि अगर राहुल गांधी चुनाव प्रचार से दूर रहते हैं तो पार्टी ज्यादा खुश होगी, क्योंकि कोई भी उन्हें प्रचार के लिए नहीं चाहता है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि

- **कर्नाटक व हिमाचल में प्रियंका गांधी की रैलियों व आम सभाओं का अच्छा असर देखा गया था, अतः चार राज्यों, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना में वर्ष के अंत में होने वाले चुनावों में पार्टी प्रियंका को प्रमुख भूमिका देना चाहती है।**
- **कर्नाटक के चुनाव में रणनीति की दृष्टि से जीत का कारण था, पार्टी ने टिकट वितरण व चुनाव अभियान की शुरूआत काफी जल्दी कर दी थी।**
- **पर, अब चार राज्यों के चुनाव में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। खड़गे अपनी पारिवारिक जिम्मेवारियों में उलझे हुए हैं तथा राहुल अभी विदेश यात्रा से नहीं लौटे हैं।**
- **कर्नाटक में कांग्रेस को ''अरली स्टार्ट'' दिलाने में खड़गे की भूमिका थी, वे दबाव बनाकर टिकट वितरण व चुनाव अभियान को पटरी पर ले आए थे तथा दोनों प्रतिद्वन्दी खेमों को आपस में उलझने नहीं दिया था।**

मध्य प्रदेश में राहुल गांधी के प्रति ज्यादा आकर्षण नहीं है।

उक्त नेता ने कहा कि प्रियंका गांधी की एक दर्जन सभाओं से राज्य में पार्टी को भारी लाभ होगा। मध्य प्रदेश में भाजपा में भारी अन्तर्कलह है और इससे भी कांग्रेस को भारी लाभ होगा। बिल्कुल वैसे ही जैसे कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में हुआ था।

आगामी चुनावों के लिए भाजपा ने तैयारी शुरु कर दी है और पार्टी की उच्च स्तरीय मीटिंग्स हो रही है। हालांकि इन सभी राज्यों में पार्टी की हालत खस्ता है क्योंकि यहां भारी अन्तर्कलह है।

इन चार राज्यों के लिए कांग्रेस को अभी अपनी चुनावी रणनीति बनानी है क्योंकि राहुल गांधी विदेश में है और खड़गे कुछ निजी पारिवारिक समस्याओं में फंसे हैं।

सूत्रों का कहना है कि कर्नाटक में चुनावी जीत का एक बड़ा कारण यह था कि यहां पार्टी के टिकट वितरण और चुनाव प्रचार जल्दी शुरु कर दिया गया, अंतिम समय सीमा तक इंतज़ार नहीं किया था। पार्टी नेताओं ने कहा था यह सब खड़गे की पहल पर किया गया था।

अगर कांग्रेस इसी तरीके पर चलती है तो पार्टी के जीतने की बेहतर संभावनाएं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'रेलवे सेफ्टी कार्यों के लिये आवंटित राशि, छोटे-मोटे अन्य कामों पर खर्च हुई'

## 2022 की सी.ए.जी. रिपोर्ट में कई बार यह भी ''हाई-लाईट'' किया गया है कि, कई वर्षों से रेलवे सेफ्टी के लिए आवंटित राशि ''अण्डर युटिलाइज़्ड'' (कम खर्च हुई) है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 जून। सरकारी दस्तावेज बताते हैं कि रेल सुरक्षा संबंधी कार्यों के लिए पिछले वर्षों में आवंटित धनराशि का या तो बहुत कम उपयोग हुआ है, या इन्हें अन्य उद्देश्यों के लिए हस्तांतरित कर दिया गया है।

2017-18 के बजट में राष्ट्रीय

- **वाउचरों का गहरा अध्ययन करके सी.ए.जी. ने यह भी पाया कि, रेलवे सेफ्टी वर्कर्स के लिये आवंटित राशि का उपयोग ''नॉन सेफ्टी'' कामकाज, जैसे, यात्रियों की सेवाओं को ''अपग्रेड'' करने, के लिये, अलमारी, बर्तन, क्रॉकरी (चाय के प्याले आदि) तथा फर्नीचर खरीद पर खर्च हुए।**

रेल संरक्षा कोष (आर.आर.एस.के.) का गठन 1,00000 करोड़ रू. के कॉर्पस फण्ड से किया गया है। इसमें से 20,000 करोड़ रू. प्रतिवर्ष सुरक्षा कार्यों पर खर्च करना था, जिसमें से 15,000 करोड़ रू. केन्द्र सरकार द्वारा सकल बजट गत समर्थन के रूप में दिया जाना था और 5000 करोड़ रू. भारतीय रेल्वे को आंतरिक आय से देने थे। केन्द्र सरकार ने तो अपने हिस्से के 15,000 करोड़ रूपये का वार्षिक हिस्सा दे दिया मगर रेल्वे 2017-18 से 2020-21 तक चार वर्ष में कुल 4225 करोड़ रू. ही जुटा पाई। यह तथ्य सी.ए.जी. की मार्च 2022 की रिपोर्ट में अंकित किया गया है। इसलिए आर.आर.एस.के. में राशि का कुल निवेश निर्धारित से 15,775 करोड़ रू. कम था। सी.ए.जी. ने टिप्पणी की, ''इस स्थिति से आर.आर.एस.के. के गठन का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है।

देश के शीर्ष ऑडिटर द्वारा की गई जांच में आर.आर.एस.के. के कॉर्पस फण्ड से दिसंबर 2017, मार्च 2019, सितंबर 2019 तथा जनवरी 2021 के खर्चे के वाउचरों की नमूने के तौर पर जांच में ज्यादा चिंताजनक स्थिति सामने आई। 2995.58 करोड़ रूपए के वाउचरों की जांच में पाया गया कि यह राशि गैर सुरक्षा कार्यों पर खर्च की गई थी जिसमें सरकारी सुविधाओं को बेहतर बनाना, अलमारियों, बर्तनों, क्रॉकरी और फर्नीचर पर खर्च शामिल है।

सरकारी दस्तावेजों में यह ज्ञात होता है कि आर.आर.एस.के. के प्राथमिकता वाले कार्यों पर राशि का उपयोग 2017-18 में 81.55 प्रतिशत से घटकर 2019-20 में 73.76 प्रतिशत रह गया है, जबकि अधिकांश रेल्वे जोन्स की उपयोगिता 60 प्रतिशत से अधिक नहीं थी। पश्चिमी रेल्वे ने केवल 44.36 प्रतिशत राशि का उपयोग किया। इसके मुकाबले प्राथमिकता-2 एवं प्राथमिकता-3 में वृद्धि दिखाई थी। सी.ए.जी. में बढ़ते हुए कार्य आर.आर.एस.के. के मार्गदर्शक सिद्धांतों के विरूद्ध है।

इन वर्षों में ट्रैक नवीनीकरण के महत्वपूर्ण कार्य पर आवंटन और व्यय 2018-19 में 9607.65 करोड़ रू. के 2019-20 में घटकर 7414

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# भाजपा के टॉप 5 नेताओं की बैठक

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 जून। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में मिली करारी हार के बाद पार्टी के पुनर्गठन को लेकर दो दिवसीय बैठक की।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह,

- **हिमाचल प्रदेश और फिर कर्नाटक की हार से आहत भाजपा अब कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती, इसीलिए आगामी चुनावों की रणनीति बनाने के लिए पार्टी के 5 वरिष्ठतम नेताओं की दो दिवसीय बैठक की जा रही है।**

भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष (आर.एस.एस. से लाए हुए) के अलावा उपाध्यक्ष सौदान सिंह और महासचिव सुनील बंसल भी बैठक में शामिल हुए।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मुझे एक पार्टी ऐसी बतायें जिसने भाजपा से ''रिलैशनशिप'' नहीं रखी'

## जद (एस) नेता देवेगौड़ा की यह टिप्पणी विपक्ष की एकता के प्रयास के बारे में काफी तीखा कटाक्ष है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 जून। कर्नाटक में विधानसभा चुनावों में तीसरी ताकत की हार के बाद राजनैतिक ताकतों का पुनर्गठन हो रहा है। तीसरी ताकत, जनता सैक्युलर जिसकी ताकत कम हो गई है, क्योंकि कांग्रेस और भाजपा ने पुराना मैसूर क्षेत्र में इसके वोट बैंक में भारी सेंध लगाई, जिससे यह सत्ता के समीकरणों से बाहर हो गई है।

यही वजह है कि भारतीय राजनीति के वरिष्ठम नेताओं में से एक, जनता दल (एस) के संस्थापक एच.डी. देवेगौडा को भाजपा के साथ मेलजोल बढ़ाते देखा जा रहा है और वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ में बयान दे रहे हैं।

स्पष्ट है कि भाजपा और जनता दल (एस) अगर अलग-अलग चुनाव लड़ते हैं और एक दूसरे के वोट काटते

- **यहां यह भी उल्लेखनीय है कि, देवेगौड़ा की पार्टी ने संसद के नये भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की विपक्ष की अपील को ठुकराते हुए, उद्घाटन समारोह में भाग लिया था।**
- **विधानसभा चुनावों में जद (एस) के वोट बैंक में 5 प्रतिशत की कमी आयी थी, जिसका लाभ कांग्रेस को मिला था।**
- **इस घटत को रोकने के लिये, लोकसभा चुनावों में भाजपा व जद (एस) में गठबंधन नहीं तो, कम से कम ''अण्डरस्टैण्डिंग'' (सहयोग की भावना) तो जरूर पनपेगी।**

हैं तो कांग्रेस को लाभ होगा। कांग्रेस के साथ भारी जन समर्थन है जैसा कि विधानसभा चुनावों में मिली शानदार जीत से स्पष्ट है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 42.9 प्रतिशत और भाजपा को 36 प्रतिशत वोट मिले हैं लेकिन जद (एस) का वोट प्रशित 5 प्रतिशत कम हुआ है और 18.3 प्रतिशत से घट कर 13.3 प्रतिशत ही रह गया है। जैसा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ओडिशा में एक और रेल हादसा

जाजपुर, 7 जून। ओडिशा के जाजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक मालगाड़ी की चपेट में आने से छह मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ये मजदूर मालगाड़ी के नीचे आराम कर रहे थे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मजदूरों ने भारी बारिश

- **आँधी -तूफान के कारण बिना इंजन की मालगाड़ी खिसकने लगी, अँधड़ से बचने के लिए रैंक के नीचे छिपे 6 मजदूरों की कटकर दर्दनाक मौत हो गई।**

से बचने के लिए खड़ी हुई मालगाड़ी के नीचे शरण ली थी कि तभी अचानक बिना इंजन की मालगाड़ी चल पड़ी और मजदूरों को उसके नीचे से निकलने का मौका नहीं मिला।

रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, अचानक आंधी चली। मजदूर बगल की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शरद पवार का मानना है, देश में ''भाजपा विरोधी'' लहर चल रही है

## भाजपा द्वारा हाल ही में लिये गए कुछ राजनीतिक निर्णय पवार के इस आकलन की कुछ पुष्टि तो जरूर करते हैं

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 जून। नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के प्रमुख शरद पवार ने आज दावा किया कि देश में एक भाजपा विरोधी लहर है और कर्नाटक नतीजों को देखें तो देश की जनता बदलाव चाहती है। लगता है सत्तारूढ़ भाजपा मोदी सरकार के हालिया कदमों को देखते हुए कुछ ऐसा ही महसूस करती है।

भाजपा न केवल सक्रिय रूप से नए सहयोगी दलों को एन.डी.ए. में लाने की कोशिश कर रही है बल्कि महिला पहलवानों के मुद्दे को सुलझाने का प्रयास कर रही है। आंदोलनकारी खिलाड़ियों की गृह मंत्री अमित शाह से और फिर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात से इस बात का स्पष्ट संकेत मिलता है।

भाजपा ने कथित रूप से कर्नाटक में जनता दल (एस) और पंजाब में शिरोमणि अकाली दल को एन.डी.ए. में शामिल होने के लिए मना रही हैं। अकाली दल ने किसान आंदोलन की वजह से एन.डी.ए. छोड़ दिया था।

संक्षेप में कहे तो भाजपा देश की जनता पर घटते प्रभाव को लेकर चिंतित है। यह सही है कि अभी भाजपा ने तय नहीं किया है कि वह किन मुद्दों को लेकर चुनाव में उतरेगी। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से मदद मिलेगी या भाजपा को अलग दृष्टिकोण अपनाना होगा, इस विषय पर गहन मंथन चल रहा है जिसमें आर.एस.एस. के वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं।

पवार, जिनके बारे में माना जाता है कि वे राजनीति की हवा की दिशा को

- **उदाहरण के लिये, कर्नाटक में देवेगौड़ा की पार्टी जद (एस) व पंजाब में अकाली दल से बातचीत आरंभ की है भाजपा ने, उन्हें दोबारा भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन, एन.डी.ए. में शरीक करने के लिए।**
- **भाजपा ने महिला कुश्ती खिलाड़ियों के आंदोलन को जल्द से जल्द निबटाने का प्रयास भी किया है, गृह मंत्री की खिलाड़ियों से सीधी लम्बी वार्ता करवाकर।**
- **भाजपा व संघ के नेताओं की बैठक आयोजित की गई है क्योंकि देश में भाजपा के प्रति आकर्षण कम होता जा रहा है, ऐसा बताया जाता है कि, ये नेतागण इस मसले पर चर्चा कर रहे हैं कि, आगामी चुनाव में भाजपा किस मुद्दे को चुनावी मुद्दा बनाये। क्या साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण से मदद मिलेगी या कोई और मुद्दा पकड़ना चाहिये।**

पढ़ना जानते हैं और राजनैतिक रूझान की सही भविष्यवाणी करते हैं, ने कहा कि अगर देश की जनता का यही मानस रहा तो आगामी चुनावों में देश बदलाव देखेगा।

औरंगाबाद से प्रैस से बात करते हुए पवार ने महाराष्ट्र की छोटी-मोटी घटनाओं को धार्मिक रंग देने की कोशिश का विरोध किया और कहा कि यह अच्छा संकेत नहीं है।

तेजी से उभरती राजनैतिक वास्तविकताओं की पृष्ठभूमि में शरद पवार ने कहा कि मौजूदा परिदृश्य को देखें तो मुझे लगता है कि भाजपा विरोधी लहर चल रही है। कर्नाटक के चुनाव नतीजों को देखे तो लगता है कि ''देश की जनता बदलाव के मूड में है। और अगर लोगों की यही मानसिकता चलती रही तो आगामी चुनावों में देश में बदलाव होगा। और यह कहने के लिए किसी ज्योतिषी की जरूरत नहीं है।''

लोकसभा चुनाव व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने पर संभावनाओं के बारे में पूछने पर एन.सी.पी. प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी के कई लोगों और उनके सहयोगी दलों में से अधिकांश की यही सोच है।

पवार ने कहा कि लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों को देखते हुए मुझे नहीं लगता कि सत्तारूढ़ पार्टी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उत्तराखण्ड में मुस्लिम विरोधी पोस्टर

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 जून। एक ओर जहां मणिपुर जल रहा है तो हिमालय के राज्य उत्तराखण्ड में भी समस्या सुलग रही है। वहां उत्तरकाशी के पुराला कस्बे में पोस्टर लगाए गए हैं जिनमें मुसलमान दुकानदारों को 15 जून तक अपनी

- **एक लड़की के अपहरण की कोशिश को लेकर राज्य में कई जगहों पर प्रदर्शन हो रहे हैं और मुस्लिम विरोधी पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं।**

दुकानें बंद करने या ''नतीजा भुगतने'' को तैयार रहने की चेतावनी दी गई है।

इस भाजपा शासित राज्य में सांप्रदायिक तनाव 26 मई से बढ़ रहा है। जब दो आदमियों, जिनमें एक मुस्लिम था, के द्वारा एक हिन्दू लड़की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**स्वदेशी उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा, ज्ञान, तकनीक, खानपान, भाषा, वेशभूषा एवं स्वाभिमान के बिना विश्व का कोई भी देश महान नहीं बन सकता।**

**–बाबा रामदेव**

# नशाखोरी के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं युवा

दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश भारत है। युवा नशे के मकड़जाल में फंसकर बर्बादी के कगार पर पहुंच रहे हैं। इससे उनकी सेहत तो खराब हो ही रही है साथ ही उनका सामाजिक स्तर भी गिरता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नशे का सामान चाय पान की थडियों, मेडिकल स्टोरों और शिक्षण संस्थाओं के आसपास आसानी से उपलब्ध हो जाता है। सुनसान रास्ते व खंडहर इमारतें नशा करने वाले बच्चों व युवाओं के विशेष अड्डे हैं। नशाखोरी की आदत 12 से 20 साल तक के युवाओं में अधिक देखने को मिल रही है। इससे आने वाली पीढ़ी के भविष्य पर संकटों के बादल मंडराने लगे हैं। कभी चोरी छिपे बिकने वाले नशे का सामान आज धड़ल्ले से बिक रहा है। नशा मनुष्य को अपराध की ओर ले जाता है जो शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप का जहर है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि युवाओं में नशे के बढ़ते चलन के पीछे आधुनिकता की चकाचौंध भरी बदलती जीवन शैली, परिवार से विभिन्न प्रकार के दबाव, पारिवारिक झगड़े, इन्टरनेट की अत्यधिक लत, एकाकी जीवन, परिवार से दूर रहने, पारिवारिक कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं।

युवा किसी भी देश का भविष्य होता हैं, लेकिन हमारा यह भविष्य नशे के समंदर में डूब रहा है। बड़ी संख्या में युवा नशे के दलदल में धंसते जा रहे हैं जहां बाहर निकल पाना लगभग नामुमकिन है। चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन की एक रिपोर्ट अत्यधिक डरावनी है। इस फाउंडेशन का एक सर्वे बताता है कि देश में नशाखोरी करने वाले 65 प्रतिशत लोगों की उम्र 18 वर्ष से भी कम है। संस्था का यह भी कहना है कि इसमें युवाओं की हिस्सेदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। युवा वर्ग नशे की चपेट में है। इनका असर बच्चों पर भी पड़ रहा है। इन पर नशा न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक दुष्प्रभाव डाल रहा है। नशे की पूर्ति के लिए अपराध से भी वह हिचक नहीं रहे हैं। थिंक चेंज नामक एक स्वतंत्र संस्था की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कोरोना के बाद देश में नशीले पदार्थों की खपत तेजी से बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है नशे की यह प्रवृत्ति देश की तरुणाई तक पहुँच गई है जिसके खतरनाक परिणामों से देश को जूझना पड़ेगा। नशे का कारोबार देश में 15 लाख करोड़ को पार कार चुका है। मिडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आये दिन न सिर्फ लोग गांजा-चरस-अफीम-सुलेशन-ड्रग्स, कोरेक्स और नशीली इंजेक्शन के आदि हो रहे हैं बल्कि इनके सेवन से लोग मौत के शिकार भी हो रहे हैं।

**युवा किसी भी देश का भविष्य होता हैं, लेकिन हमारा यह भविष्य नशे के समंदर में डूब रहा है। बड़ी संख्या में युवा नशे के दलदल में धंसते जा रहे हैं जहां बाहर निकल पाना लगभग नामुमकिन है। चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन की एक रिपोर्ट अत्यधिक डरावनी है। इस फाउंडेशन का एक सर्वे बताता है कि देश में नशाखोरी करने वाले 65 प्रतिशत लोगों की उम्र 18 वर्ष से भी कम है।**

नशा करने से लिवर, किडनी और फेफड़े खराब हो जाते हैं। डिप्रेशन, मानसिक अस्थिरता, फोकस और कंसन्ट्रेशन लॉस, भ्रम की बीमारी, आत्यहत्या करने का खतरा और इन जैसी कई बीमारियों के होने का खतरा होता है। युवाओं में नशे की प्रवृत्ति कुछ वर्षों से निरंतर बढ़ रही है। कुछ में तो नशे की जरूरत इस कदर हावी होने लग जाती है कि वे कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। भारत में आधिकारिक तौर पर 10 से 17 वर्ष के बीच के 15.8 मिलियन बच्चे नशे के आदी हैं।

विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक है। भारत में मादक द्रव्यों के सेवन की सीमा और पैटर्न के पहले व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में नैशनल ड्रग डिपैंडैंस ट्रीटमैंट सैंटर ने मादक द्रव्यों के सेवन से प्रभावित और तत्काल मदद की आवश्यकता वाले युवाओं की एक बड़ी आबादी पाई। शायद सबसे गंभीर चिंता 14-15 वर्ष की आयु के युवाओं की भागीदारी है। नशे के कारण सबसे अधिक प्रभावित युवा वर्ग है। इससे उनका मानसिक संतुलन खराब हो रहा है। एक बार नशे की लत में पड़ने के बाद इससे निकलना मुश्किल हो रहा है। युवा वर्ग इस दवाइयों की लत में इस कदर डूबा रहता है कि इसके दुष्परिणाम के बारे में नहीं सोचता। इसमें छोटे-छोटे बच्चे शामिल हैं। देश के अनेक राज्यों में सूखे नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। सूखे नशे ने लोगों का सुख-चैन तो छीन ही लिया है। शराब के बाद सूखा नशा युवाओं की नसों में इस कदर दौड़ने लगा है कि परिवार के परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं। चिट्टा, गांजा, चरस, हेरोइन और स्मैक को हाई सोसाइटी प्रोफाइल का हिस्सा मानने वाले परिवारों के बच्चे जवानी में ही अपना सब कुछ गंवा रहे हैं। नशा एक ऐसी बुराई है, जिसमे मानव का जीवन समय से पहले ही अंधकार और मौत की राह पर चला जाता है। नशाखोरी क्या है? एक खतरनाक बीमारी जिसके क्षिणक सुख के चलते इंसान अपनी जिंदगी से हाथ धो बैठता है। यह केवल एक बीमारी नहीं है बल्कि यह अनेक रोगों की जननी भी है।

भारत में पिछले तीन वर्षो से नशे का कारोबार पांच गुना तेजी से बढ़ रहा है। मुंबई या मायानगरी में यह उससे भी कहीं ज्यादा तेज गति से बढ़ रहा है। भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक की तरफ से कराए गए एक सर्वे में पता चला है कि मादक पदार्थो का लगभग 84 प्रतिशत हिस्सा पाकिस्तान की तरफ से आता है। पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान और पंजाब के साथ ही मुंबई उसका सबसे पहला लक्ष्य होता है। नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए जरूरी है की सरकार के साथ समाज जागरूक हो। यह अनेक सामाजिक, शारीरिक और आर्थिक बुराइयों और बीमारियों की जड़ है। इससे दूर रहना समाज और देश के हित में है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की जरुरत है। हमारा समाज तभी स्वस्थ होगा जब हम इन बुराइयों से अपने को दूर कर लेंगे। जब तक आप खुद नहीं चाहेंगे, कोई और आपका नशा नहीं छुड़ा पाएगा। सबसे पहले मन में ठान लें कि आप नशा छोड़ना चाहते हैं। फिर जो भी नशा कर रहे है उसकी तरफ देखे नहीं। अपने शरीर पर हो रहे शारीरिक नुक्सान का अनुमान करे। अपने परिवार और बच्चों के भविष्य को देखें। मन कड़ा करें और नशे को छोड़ दे।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 8 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र सांय 6:54 तक, ऐन्द्रयन योग सांय 6:58 तक, कौलव करण प्रातः 8:25 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज महापात योग प्रातः 8:37 तक है। आज नाग पंचमी (बंगाल में), कोकिला पंचमी है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:22 तक, चर 10:43 से 12:26 तक, लाभ-अमृत 12:26 से 3:50 तक, शुभ 5:33 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:15



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**सिंह**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है।



**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।



**धनु**
व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।



**मकर**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**कुंभ**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मीन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# मेवात क्षेत्र का प्रसिद्ध वाद्य ''भपंग''



पन्नालाल मेघवाल

**भपंग** वादन एक प्राचीन परंपरा है। यह मेवात क्षेत्र का प्रसिद्ध वाद्य वादन है। भपंग जोगी जाति के लोग बजाते हैं जो कि इस्माईल पंथ के गुरु गोरखनाथ के चेले हैं। इस्लाम धर्म को मानते हुए भी यह शिव के उपासक हैं। ऐसी मान्यता है कि भपंग की उत्पत्ति शिवजी के डमरू से हुई। शिवजी के ब्यावले में इसकी अहम् भूमिका है। इसके वादन के बिना शिवजी का ब्यावला अधूरा माना जाता है। इसको अलग-अलग प्रांतों में अलग नामों से जाना जाता है जैसे महाराष्ट्र में चोडका, पंजाब में तुंबा और मेवात में भपंग कहा जाता है।

भपंग एक तन्तु वाद्य हैं। यह डमरु की आकृति से मिलता जुलता कड़वी लौकी के तुंबे से बनाया जाता हैं। इसके पेंदे में चमड़ा मढ दिया जाता हैं। चमड़े के बीचो-बीच गाय या भैंस के चमड़े की टिकडी लगाते हैं। टिकडी में छेद कर बकरे की आंत पिरो दी जाती हैं। वर्तमान में प्लास्टिक के तार का प्रयोग करने लगे हैं। इस तार को लकड़ी के गुटके से बांध दिया जाता हैं। बजाते समय इस यंत्र को काँख में दबा लिया जाता है।

बाएं हाथ से बकरे की आंत या प्लास्टिक के तंतु को ध्वनि के हिसाब से खींचकर अथवा ढ़ीला छोड़ कर उस पर दाएँ हाथ से लकडी के तीखे गुटके से प्रहार किया जाता है। इस प्रहार और तंतु खिंचाव के तालमेल से मनचाही मधुर ध्वनि निकाली जाती है। भपंग वाद्य यंत्र एवं लोकगीत या गाथा के साथ श्रोतागण इसके वादन एवं गायन का भरपूर आनंद उठाते हैं। राजस्थान में अलवर जिला मेवाती क्षेत्र कहलाता हैं। जोगी जाति के मेवाती लोग भपंग वाद्ययंत्र के साथ पाण्डुन का कडा, राजा भर्तहरि, भगत पूरणमल, हीर-राँझा एवं गोगा-पीर की मेवाती में लोक गाथाएँ गाते हैं। यह मेवाती लोक भजन, गीत एवं पैरोडी भी गाते हैं। महाभारत का पाण्डुन का कडा मेवाती लोक गाथा मेवात की विशेष पहचान है।

युसूफ खां मेवाती भपंग वादन के सिद्धहस्त कलाकार हैं। उन्हें यह कला उनके पिता स्वर्गीय उमर फारूक से विरासत में मिली। उनके पिता उमर फारूक एवं उनके दादा स्वर्गीय जहूर खां मेवाती भपंग वादन के अंतरराष्ट्रीय कलाकार रहे हैं। उनके परदादा कँवरनाथ एवं उनके बड़े भाई हुसैना भपंग, जोगिया, सारंगी एवं चिकारा के माहिर वादक रहे हैं। संगीत के इस परिवेश में ही युसूफ खां ने भी भपंग वादन कला को आत्मसात कर लिया।

उनके पिता उमर फारुख एवं दादा जहूर खां मेवाती ऐसे सिद्धहस्त भपंग वादक थे कि उनकी पहचान देश ही नहीं विदेश में भी है। उन्होंने मुंबई सहित पूरे देश में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए, वहीं दक्षिण और पूर्वी अफ्रीका में भी अपने भपंग वादन कार्यक्रम से धाक जमाई। उमर फारूक मेवाती ने एम एफ हुसैन द्वारा निर्देशित फिल्म मीनाक्षी ए टेल ऑफ थ्री सिटीज में भपंग पर बैकग्राउंड साउंड दी और लोक कलाकारों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने 40 देशों की यात्रा की। जहूर खां मेवाती ने मुंबई में रहते हुए न्यू देहली, गंगा जमुना तथा आँखें फिल्म में अपनी भपंग का कमाल दिखाया।



उमर फारुख एवं उनके पिताजी जहूर खां मेवाती भपंग वादन के साथ लोकगीत गाने में भी सिद्धहस्त थे। जब वे अपनी भपंग की लय पर सखी मेरा बालम जन्टर मैन या गोला का दर्द नै मारी हकीम जी, जमीला तेरो दुनिया से नखरो न्यारो, जिठानी तेरे देवर नै मेरयो धरयो है भंमीरी नामक लोकगीत गाते थे, तो लोग झूम उठते थे। यह दोनों पिता-पुत्र जब अपनी पूरी मस्ती के साथ भपंग के लटके-खटके और गीतों के बोल के उतार-चढ़ाव के साथ थिरकते-मचकते और अपने सिर को झटकते भपंग बजाते थे तो लगता था जैसे भपंग बजने नहीं गाने लगी है।

**–पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार**

## नहर का पानी बीकनेर पहुंचा

**बीकानेर,** (निसं)। नहर बंदी खत्म होने के साथ ही इंदिरा गांधी नहर का पानी बीकानेर पहुंच गया है। अब तक गजनेर लिफ्ट से शोभासर में पानी पहुंच गया है, जबकि बीछवाल जलाशय में भी बुधवार देर रात तक पानी आ जाएगा। उधर, इंदिरा गांधी नहर विभाग ने किसानों को किसानों को सिंचाई का पानी देने के लिए भी रेगुलेशन जारी कर दिया है। किसानों को तीन में से एक समूह पानी दिया जाएगा। किसानों को नौ जून से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

हरिके बेराज से पिछले दिनों पानी छोड़ दिया गया था, जो लंबा सफर तय करके बीकानेर पहुंच गया है। गजनेर लिफ्ट से होते हुए शोभासर पानी आ गया है। शोभासर जलाशय जल्दी ही पूर्ण क्षमता के साथ भर जाएगा। वहीं, कंवरसेन लिफ्ट से बीछवाल जलाशय में पानी देर रात पहुंचेगा। दोनों ही जलाशयों को पूरा भरा जाएगा। बीकानेर के दोनों जलाशयों के भरने के बाद नियमित रूप से आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल बीकानेर में ओड और ईवन नंबर के आधार पर एक दिन

**■ किसानों को नौ से मिलेगा सिंचाई के लिए पानी**

छोड़कर एक दिन पानी दिया जा रहा है। अब बीकानेर को हर रोज पानी की आपूर्ति होगी। वैसे इस बार पानी की कमी नहीं होने के कारण कई क्षेत्रों में पानी मिलता रहा है।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना के तहत फसल खरीफ 2023 के दौरान 9 जून सुबह 6 बजे से 4 जुलाई सायं 6 बजे तक नहरों को तीन में से एक समूहों में सिंचाई के लिए पानी चलाने के लिए समूहों का विवरण एव चक्रीय कार्यक्रम जारी किया गया है। सिंचित क्षेत्र विकास आयुक्त डॉ नीरज के पवन की ओर से जारी इस कार्यक्रम के अनुसार 9 जून सुबह 6 से 17 जून सायं 6 बजे तक क, ख, ग समूह की वरीयता समूह में तथा 17 जून सायं 6 से 26 जून प्रातः 6 बजे तक ख ग, क तथा 26 जून प्रातः 6 बजे से 4 जुलाई सायं 6 तक ग,क,ख ग्रुपों का वरीयता समूह रहेगा।

## ब्यावर कॉलेज में जापानी तकनीक ''मियावाकी'' से पौधारोपण

**ब्यावर,** (निसं) सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय परिसर और पुस्तकालय परिसर में शहतूत, बिल्व, आंवला , गोंदा, सीताफल, कचनार, नीम आदि की लगभग 10 प्रजातियां के 300 पौधों को वृक्ष बनाने के लक्ष्य से सघन पद्धित से रोपण किया जा रहा है। यह पौधारोपण सघन वन की जापानी विधि मियावाकी तकनीक से हुआ है।

इस तकनीक में स्थानीय पौधों को कम दूरी पर क्रमबद्ध तरीके से लगाया जाता है, ताकि सूर्य की रोशनी भूमि तक न पहुंचे और खरपतवार ना उगे। भूमध्य रेखीय प्रदेश में भी पौधे इसी प्रकार प्रतिस्पर्धा में तेजी से लंबवत बढ़ते हैं, साथ ही इस तकनीक से पौधे 10 गुना तेजी से वृक्ष बनते हैं और कम स्थान पर भी अधिक वृक्षारोपण संभव हो पाता है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान द्वारा एक शिक्षक एक वृक्ष के संकल्प के तहत वर्ष पर्यंत वृक्षारोपण एवं वृक्षों का पालन पोषण का कार्य निरंतर रूप से

**■ इस तकनीक में स्थानीय पौधों को कम दूरी पर क्रमबद्ध तरीके से लगाया जाता है**

किया जाता है।

विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के उपलक्ष में सघन वृक्षारोपण अभियान सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के पुस्तकालय परिसर में मात्र 800 वर्ग गज भूमि में 500 वृक्षों के सघन रोपण के रूप में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में ए.बी.आर.एस.एम. राजस्थान उच्च शिक्षा के महामंत्री डॉ एस के बिस्सु एवं महाविद्यालय के अधिकांश प्रोफेसर ने पौधारोपण किया। सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ क्रिकेट कोच बंटी गुजराती के हाथों से वृक्षारोपण से किया गया। इस सघन वन की सार संभाल के लिए खाद, दवा सिंचाई और नियमित देखभाल सभी व्यवस्थाएं भी की गई है। मियावाकी पद्धित का पालन बिल्कुल वैज्ञानिक ढंग से किया जाता है जिसमें प्रक्रियाएं चरणबद्ध तरीके से फ़ॉलो की जाती है। सबसे पहले मिट्टी के संघटन की जांच की जाती है और बायोमास को मापा जाता है। मिट्टी की बनावट की जांच आवश्यक है क्योंकि यह उर्वरता, जल प्रतिधारण, अंत:स्त्रवण आदि को निर्धारित करने में मदद करती है। ये सभी तत्व जंगल की वृद्धि और उसकी धारणीयता को निर्धारित करते हैं। जमीन को पौधों की वृद्धि के लिए पोषक तत्व प्रदान करने के लिए उर्वरक की आवश्यकता होती है। वेधन सामग्री पौधों को अपनी जड़ों को जमीन में गहराई तक ले जाने में सहायक होती हैं। वेधन को बढ़ाने के लिए चावल की भूसी, गेहूं की भूसी, या मूंगफली के गोले एक उत्कृष्ट संसाधन हो सकते है। एक जंगल को विकसित करने के लिए एक जमीन में महत्वपूर्ण जल प्रतिधारण शक्ति होनी चाहिए।

## किशनगढ़ बास में कैरी-बैग बॉक्स लगाकर भूली नगर पालिका

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। शहर में बस स्टैंड, सब्जी मंडी, स्कूल, अस्पताल, सुलभ शौचालय, मंदिर आदि जैसे अनेक स्थानों की दीवार पर कैरी बैग बॉक्स लगा है। इस बॉक्स को खरीद कर लगाने में सरकार का कितना रुपया खर्च हुआ होगा यह तो अधिकारी ही बता सकते हैं। लेकिन यह सच है कि जिस उद्देश्य से यह बॉक्स लगे हैं वह उद्देश ना तो सरकार के पूरे हो रहे हैं और ना ही इनका लाभ जनता को मिल पा रहा है। केवल शोपीस बनकर दीवार पर लगे बॉक्स करीब 9 माह पहले किशनगढ़ बास में लोगों को मात्र 5 रुपए में कैरी बैग उपलब्ध कराने व पॉलिथीन से छुटकारा दिलाने के लिए लगाए गए थे।




किशनगढ़ बास में अस्पताल के बाहर सुलभ शौचालय की दीवार पर लगा कैरी बैग बॉक्स।

दीवारों पर लगाए गए बॉक्स की हकीकत जानकर अचंभित हों उठेंगे की पहली बार जब बॉक्स लगाए गए थे उसी दौरान बॉक्स में कैरी बैग डाले गए उसके बाद ना तो कोई बॉक्स देखने आया और ना बॉक्स के अंदर कैरी बैग डाले गए है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है की प्लास्टिक मुक्त भारत स्वच्छ भारत जैसे कार्यक्रम के प्रति अधिकारी कर्मचारी कितने संवेदनशील हैं। लोगों का कहना है कि जब कैरी बैग बॉक्स के अंदर डालने ही नहीं है तो फिर इन्हें जगह जगह दीवारों पर लगाने से फायदा क्या हो रहा है।

पार्षद हेमेंद्र चौधरी ने बताया कि दुकान की दीवार पर कैरी बैग बॉक्स लगा हुआ है परंतु जब से बॉक्स लगा है उसके बाद से ही खाली है। पार्षद तेज सिंह सैनी ने बताया कि वार्ड के हनुमान मंदिर की दीवार पर बॉक्स लगा हुआ है लेकिन खराब पड़ा है।

पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल ने बताया कि अस्पताल गेट के बाहर सुलभ शौचालय की दीवार पर कैरी बॉक्स लगा हुआ है परंतु अक्सर खाली मिलता है। यही हाल सब्जी मंडी बस स्टैंड स्कूल आदि की दीवार पर लगे बॉक्स का बना हुआ है।

## नहर टूटने से खेतों में भरा पानी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के रायसिंहनगर में पंद्रह पीएस के पास नहर में कटाव आ गया। किसानों ने इसे बांधने का प्रयास किया। दोपहर तक नहर बांधने का काम जारी था। यह नहर बुधवार को लगातार दूसरी बार टूटी। करीब पंद्रह दिन पहले भी यह नहर टूट गई थी। उस समय किसानों ने इसे कच्चा बांध दिया था लेकिन अब दोबारा नहर में पानी का बहाव तेज आने से फिर से नहर टूट गई।

नहर टूटने से पानी बहकर आसपास के खेतों में फैल गया। इन खेतों में नरमे की फसल बोई हुई थी। पानी जमा हो जाने से बोई हुई फसल को नुकसान हो गया। किसानों को यहां करीब पंद्रह दिन के अंतराल से दूसरी बार नुकसान झेलना पड़ा है। इससे पहले किसानों ने यहां नरमे की फसल बोई हुई थी। पंद्रह दिन पहले नहर टूट जाने पर भी यहां बुवाई बेकार हो गइ थी। बुधवार को एक बार फिर नहर टूट जाने के बाद किसानों की नरमे की फसल को नुकसान झेलना पड़ा। सुबह नहर टूटने की जानकारी मिलते ही किसानों ने इस बारे में आसपास के अन्य किसानों को बताया। किसानों ने अपने स्तर पर नहर को बांधने की कोशिश शुरू कर दी।

# अवैध खनन से डीडवाना का पीर पहाड़ी क्षेत्र नष्ट हो रहा है

**डीडवाना,** (निसं)। नागौर रोड स्थिति कोलिया गांव की पहाड़ियों और डीडवाना के पीर इब्राहिम शहीद दरगाह क्षेत्र के अस्तित्व को आसपास के पहाली क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन से खतरा होने लगा है। खननकर्ता खनन की लीज सीमा क्षेत्र से बाहर जाकर अवैध खनन में जुटे हैं और सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस क्षेत्र में कभी बारूद से विस्फोट तो कभी कम्प्रेशर के जरिए चट्टानों और पहाड़ियों को चीरकर खोखला किया जा रहा है और यहां से रोजाना अनेकों ट्रकों व ट्रैक्टरों के माध्यम से खनन कर निर्माण स्थलों पर भेजा जा रहा है।

गौरतलब है कि कोलिया गांव और डीडवाना क्षेत्र में पीर पहाड़ी का इलाका पहाड़ी क्षेत्र है, जहां खनन विभाग ने खननकर्ताओं को लीज दे रखी है, मगर इन क्षेत्रों में अवैध खनन भी किया जा रहा है। खनन माफिया खुलेआम जेसीबी व अन्य उपकरणों से पहाड़ी क्षेत्र की खुदाई कर डंपरों से ढुलाई कर रहे हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्र की तलहटी व घाटी को भी खोदकर चुनाई पत्थर व झींकरा का दोहन किया जा रहा है, जिससे जगह जगह खाईयां व गड्डे बन गए हैं।

जानकारों के मुताबिक कोलिया और दरगाह क्षेत्र के पहाड़ी क्षेत्र का पत्थर व झींकरा अच्छी गुणवत्ता का होने से इसकी डिमांड अधिक है, इसका फायदा उठाकर अवैध

**■ अवैध खनन ने पहाड़ों को किया जमीदोंज, डंपरों व ट्रैक्टरों से किया जा रहा दोहन**

खननकर्ता नियम कायदों को ताक में रखकर खूब चांदी कूट रहे हैं। इसी के चलते क्षेत्र में अवैध खनन तेजी से जारी है।

जानकारी के अनुसार मुगल बादशाह अकबर ने परगना डीडवाना के दरगाह मुजावरात की खिदमत के बदले में 500 बीघा जमीन सदके में दी थी, जिसका पट्टा 13 रमजान 983 हिजरी को जारी हुआ था। वक्त जायदाद व आराजी इसी भूमि का भाग है। इसके अलावा राज्य सरकार ने भी दरगाह की जमीन को 270 बीघा 6 बिस्वा माना है।

अवैध खनन से जहां सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। वहीं, जिम्मेदार अफसरों की मौन स्वीकृति से क्षेत्र में अवैध खनन कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। यहां से खनन किए जा रहे चुनाई पत्थर व झींकरा को ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है।

ब्लास्टिंग से लोग भयभीत : इन क्षेत्रों में किए जा रहे खनन के लिए बारूद की सहायता से ब्लास्ट किए जा रहे हैं। ब्लास्ट के कारण जोरदार धमाका होता है, जिससे कोलिया गांव के सैकड़ों मकानों में दरारें आ गई हैं। वहीं दरगाह क्षेत्र में आने वाले जायरीन भी ब्लास्टिंग से भयभीत हो रहे हैं, वहीं समीप स्थित ग्राम बालिया व ढाणी में रहने वाले लोग भी धमाकों के चलते दहशत में रहने को मजबूर है।

**अवैध खनन पर रोक की मांग :** इस संबंध में लोगों ने गत दिनों जिला कलेक्टर को जानकारी देकर दरगाह क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि यह पूरा क्षेत्र वक्फ की संपत्ति है, जिस पर लंबे समय से अवैध खनन किया जा रहा है। बार बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अतः अवैध खनन को रोका जाना बेहद जरूरी है।

# डॉ. किरोड़ी मीणा ने ईडी के दफ्तर जाकर घोटाले के सबूत सौंपने का दावा किया

## डॉ. मीणा ने आई.टी. विभाग में 5000 करोड़ रुपये के गबन का आरोप लगाया

**जयपुर।** राजस्थान से राज्यसभा सांसद डॉ.किरोड़ीलाल मीणा ने बुधवार को ईडी दफ्तर पहुंचकर राजस्थान में 5000 करोड़ रुपए के नए घोटाले के सबूत पेश करने का दावा किया है। उन्होंने हाल ही डीओआईटी के ऑफिस की अलमारी से मिली करोड़ों रुपए की नकदी को लेकर सबूत भी सौंपे। सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के दफ्तर में सवा 2.31 करोड़ की नकदी और सोने की ईंट मिलने के बाद गहलोत सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर गई है। भाजपा ने सरकार पर हजारों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने राज्य सरकार के आईटी डिपार्टमेंट में 5000 करोड़ रुपए के गबन का आरोप लगाया है। बुधवार को डॉ. मीणा जयपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे। करीब 20 से 25 मिनट तक ईडी के जॉइंट डायरेक्टर के साथ चर्चा की। बाद में मीडिया से बात करते हुए डॉ. मीणा ने दावा किया कि उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ इंफोर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (डीओआईटी) में हुए 5 हजार करोड़ रुपए के गबन से सबूत ईडी को सौंपे हैं। साथ ही कार्रवाई की मांग की है।


राज्यसभा सांसद डॉ.किरोड़ीलाल मीणा बुधवार को ईडी दफ्तर पहुंचे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को डॉ. किरोड़ीलाल ने सीधे निशाने पर लिया है। सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग मुख्यमंत्री के पास है। डॉ. मीणा ने इस डिपार्टमेंट में हजारों करोड़ रुपए के घोटाले के आरोप लगाए हैं। डॉ. मीणा ने कहा कि सीएम

■ **'सीएम अशोक गहलोत के रिश्तेदार 3500 करोड़ रुपए के घोटाले में हिस्सेदार रहे है जो कि राजकॉम कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है'**

अशोक गहलोत के रिश्तेदार 3500 करोड़ रुपए के घोटाले में हिस्सेदार रहे हैं जो कि राजकॉम कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। यही रिश्तेदार सीएमओ और सीएमआर में काम भी देखते हैं। डॉ. मीणा के मुताबिक आईटी का काम राजेश सैनी देखते हैं। सारे बिल राजेश सैनी की बेटी रुचि सैनी के नाम से उठते हैं। इन सबके सबूत ईडी के जॉइंट डायरेक्टर को सौंप दिए गए हैं।

डॉ. मीणा ने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ इंफोर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी में पिछले साढ़े चार साल से घोटाले हो रहे हैं। हजारों करोड़ रुपए के घोटालों की शिकायत तीन साल पहले एसीबी को मिली थी। एसीबी के तत्कालीन डीजी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र भेजकर 17 ए के तहत जांच की अनुमति मांगी थी लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा जांच की अनुमति नहीं दी गई। इस संबंध में परिवादी ने राजस्थान हाईकोर्ट में भी परिवाद दर्ज कराया था। आज ईडी के अधिकारियों को एसीबी द्वारा सरकार को लिखे गए पत्र और हाईकोर्ट में दर्ज कराए गए परिवाद की प्रतिलिपि भी दी गई है। ईडी में यह परिवाद जितेन्द्र सिंह के नाम से दर्ज कराया गया है।

## बाहर के अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार करने के आदेश

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह प्रदेश से बाहर मूल निवास करने वाले अभ्यर्थियों को लैब टेक्नीशियन और असिस्टेंट रेडियोग्राफर भर्ती प्रक्रिया में शामिल करे। अदालत ने कहा कि संबंधित प्राधिकारी अदालत के इस आदेश को वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के साथ ही दैनिक समाचार पत्रों में भी इस बारे में सूचना प्रसारित करे। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट में अलग से याचिका पेश करने की भी जरूरत नहीं है। वहीं अदालत ने मामले में राज्य सरकार और राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल और अवकाशकालीन न्यायाधीश आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश प्रीति व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हिमांशु जैन ने अदालत को बताया कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल ने गत 16 फरवरी को नियमों में संशोधन कर प्रावधान कर दिया कि राजस्थान का मूल निवासी ही कौंसिल में पंजीकृत हो सकता है। इस प्रावधान को अन्य याचिका में चुनौती दी हुई है।

# 'बाहर से दवा मंगवाने और जांच करवाने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए'

**जयपुर।** चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने निर्देश दिए हैं कि फील्ड से यह शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए कि कोई चिकित्सक मरीज से बाहर से दवा मंगवा रहे हैं या बाहर से जांच करवा रहे हैं। सिंह बुधवार को स्वास्थ्य भवन में सभी संयुक्त निदेशकों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा डिप्टी सीएमएचओ से फीडबैक प्राप्त करने के लिए आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि सरकार के संस्थानों में पर्याप्त दवाइयां और जांचें उपलब्ध है, जो सभी प्रदेशवासियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। ऐसे में मरीज से बाहर से दवा मंगवाने एवं बाहर से जांच करवाने का कोई औचित्य नहीं है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

■ **अगर कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी : शुभ्रा सिंह**

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राजकीय चिकित्सा संस्थानों में जनता के हितों से जुड़ी सुविधाओं के विस्तार के लिए आरएमआरएस फंड का सदुपयोग करें, ताकि संस्थानों की व्यवस्थाएं सुचारू एवं दुरूस्त रहें। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर से समन्वय स्थापित कर डीएमएफटी फंड का इस्तेमाल चिकित्सा संस्थानों के विस्तार के लिए किया जाए। उन्होंने नवसृजित जिलों में चिकित्सा संस्थानों के लिए यथाशीघ्र भूमि चिन्हित करवाकर भूमि आवंटन की प्रक्रिया को पूरा करवाने के निर्देश संबंधितों को दिए। सिंह ने कहा कि प्रदेश के 101 संस्थानों को भारत सरकार से गुणवत्ता प्रमाण-पत्र प्राप्त हो चुका है, लेकिन यह आंकड़ा हमारे प्रदेश के लिए नाकाफी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने जिलों में टीमवर्क करते हुए इस 101 के आंकडे को इस वर्ष बढ़ाकर 1000 करवायें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के कोई भी अधिकारी न तो किसी कार्मिक को डेप्यूटेशन पर लगाये और न ही समायोजन करें।

# समुदाय विशेष के लोगों ने माणक चौक थाने पर प्रदर्शन किया


राजधानी के माणक चौक इलाके के जौहरी बाजार में एक रैली के दौरान समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने और हथियार लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की मांग के लेकर बुधवार को थाने पर प्रदर्शन किया गया।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के माणक चौक इलाके के जौहरी बाजार में एक रैली के दौरान समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने और हथियार लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की मांग के लेकर बुधवार को थाने पर प्रदर्शन किया गया। दौरान आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

जालूपुरा निवासी रफीक खान ने माणक चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि दो-तीन दिन पहले करणी सेना की रैली निकली थी। जिसमें कुछ लोग समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने के साथ हथियार लहराते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा इस कृत्य से सम्प्रदायिक सदभाव खराब होता है। इस संबंध में विधायकपुरी थाने में भी एक मामला दर्ज कराया गया। वहीं हथियार लहराने का वीडियो जौहरी बाजार का होने के कारण इस संबंध में रिपोर्ट माणक चौक थाने में दी गई है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले इस घटना के विरोध में काफी संख्या में समुदाय विशेष के लोग माणक चौक थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तार की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस का जाब्ता

# गहलोत कहें कि मैं मुख्यमंत्री का दावेदार नहीं हूं, कल ही नक्शा पलट जाएगा : भरतसिंह

**जयपुर,** (का.प्र)। कांग्रेस विधायक भरत सिंह ने कहा कि मेरे सुझाव पर चलेंगे तो सरकार रिपीट होगी। मेरा मानना है कि गहलोतजी खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मंच पर आएं और कहें कि मैं मुख्यमंत्री का दावेदार नहीं हूं, नए लोगों को आगे करूंगा, कल ही नक्शा पलट जाएगा, लेकिन सत्ता का मोह छूटे तब है। प्रदेश कांग्रेस के वार रूम में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से मिलकर आने के बाद पार्टी के वरिष्ठ विधायक भरत सिंह ने मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री को अपने बेटे को विधायक बनाना चाहिए, लेकिन यह माया है, माया छूटती नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी ने सलाह नहीं दी कि चुनाव मत लड़ो, यह बात खुद ही बोल रहे हैं। भरत सिंह ने कहा कि वो चाहते हैं कि चुनाव में अब युवाओं को आगे आने दिया जाए। मुख्यमंत्री गहलोत भी अपने बेटे को आगे करें, विधायक बनाएं, लेकिन नए लोगों को आगे आने दें। अगर इस सुझाव पर चलेंगे तो सरकार रिपीट होगी।

हालांकि भरतसिंह के बयान में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बड़ी उम्र वालों को तो अपने आप ही त्याग देना चाहिए, कहने की तो जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए। नेताओं को आप ही माइलस्टोन बनना चाहिए। वैसे कट ऑफ एज पॉलिटिक्स में नहीं हो सकती। रंधावा ने कहा कि यूथ को हमारी पार्टी साथ लेकर चलती है और धीरे-धीरे उनको आगे भी करती है।

इससे पहले बुधवार को जयपुर नगर निगम हेरिटेज के पार्षद भी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से मिले और उन्हें अभी तक ढाई साल से ज्यादा कार्यकाल होने के बावजूद निगम में समितियां गठित नहीं होने पर अपनी नाराजगी से अवगत कराया। वही प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मंत्री-विधायक भी मिले और मुख्य रूप से आरक्षण की सीमा बढ़ाने को लेकर अपने सुझाव दिए। मीडिया से बात करते हुए राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि पहले न्यायालय की एक सीमा थी, इस कारण आरक्षण का दायरा नहीं बढ़ सकता था, लेकिन अब वह दायरा बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि कई राज्यों में न्यायालय ने छूट दी है। इसलिए यहां भी जिस तरह से ओबीसी के आरक्षण की सीमा 21 से बढ़ाकर 27 करने की मांग उठ रही है, उस पर भी मुख्यमंत्री हम से चर्चा कर रहे हैं और जल्द ही इसका कोई समाधान हो सकता है।

■ **रंधावा बोले, ''बड़ी उम्र वालों को अपने आप ही मोह त्याग देना चाहिए, माइलस्टोन बनना चाहिए, वैसे कट ऑफ एज पॉलिटिक्स में नहीं हो सकती**

■ **उधर मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंगलवार देर रात तक ईडी की कार्रवाई को लेकर होती रही चर्चा, विरोध को लेकर अभी एकमत नहीं मंत्री**

इससे पहले बुधवार रात को राजस्थान में मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मंत्रियों के साथ देर रात तक चर्चा की। करीब 3 घंटे तक रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हर मंत्री से वन टू वन चर्चा की। इस बैठक में मंत्रियों से उनकी चुनावी स्ट्रैटजी के अलावा महंगाई राहत कैंपों के असर के साथ प्रदेश में जारी ईडी की कार्रवाई पर विस्तार से बातचीत हुई।

# वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को प्रधानमंत्री मोदी की लीडरशिप में पूरी दुनिया ने देखा : सतीश पूनिया

**ताजाकिस्तान/जयपुर।** तजाकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में 'एविसेना ताजिक स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी' के दीक्षांत समारोह में प्रवासी भारतीय व राजस्थानी स्टूडेंटस को विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित किया। संबोधन में डॉ. पूनिया ने कहा कि, भारत से आया हूं और भारत के उस प्रदेश से आता हूं जिसके बारे में कहा जाता है कि जीवन जहां उत्सव है वह राजस्थान है। इसलिये बहुत सारे स्टूडेंटस जो यहां राजस्थान से पढ़ने के लिये आये हैं और आज से ही नहीं, बहुत लंबे अरसे से आते हैं। एविसेना ताजिक स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी को बहुत धन्यवाद देता हूं कि राजस्थान के स्टूडेंटस को डॉक्टर बनने का अवसर दिया। भारत जी-20 की लीडरशिप कर रहा है और इस जी-20 के दौरान भारत ने जो स्लोगन दिया है, जैसा आपने कहीं पढ़ा होगा कि हम सब लोग भरोसा करते हैं, वसुधैव कुटुम्बकम और इस वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को विश्व के लोकप्रिय एवं मजबूत नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लीडरशिप में पूरी दुनिया ने देखा।

■ **तजाकिस्तान में मेडिकल स्टूडेंटस के साथ उपनेता प्रतिपक्ष का संवाद**

कोविड जैसी भीषण महामारी में भारत ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर वैक्सीनेशन महाभियान से 220 करोड़ डबल डोज वैक्सीनेशन सुनिश्चित कर केवल अपने देश के लोगों को नहीं बचाया, बल्कि दुनिया के 25 देशों को फ्री वैक्सीन सप्लाई करके वसुधैव कुटुम्बकम की और 'वन अर्थ-वन फैमिली एवं वन फ्यूचर' की भावना को जिंदा रखा है। डॉ. हर्षवर्धन को इस बात के लिये धन्यवाद देता हूं कि मुझे मेरे भारत और राजस्थान के विद्यार्थियों के बीच में आने का अवसर दिया। आप सबको यह सौभाग्य से मानवता की सेवा के लिये डॉक्टरी के पेशे को अपनाने का अवसर मिला। इसलिये डॉक्टर्स के बारे में कहा जाता है कि जब कोई मरीज की जिंदगी बचती है तो लोग कहते हैं यह भगवान हैं। लेकिन उसमें भी विरोधाभास है कि आपका एटीट्यूड, आपका बिहेवियर मरीज के प्रति और समाज के प्रति सकारात्मक और उत्तरदायी हो। लोगों ने 100 साल बाद आई कोरोना महामारी में देखा कि पूरी पैनडेमिक से लड़ने के लिये जो फ्रंट वॉरियर्स थे वह डॉक्टर्स, नर्सेज और कम्पाउंडर्स थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को बचाने के लिये अपनी जी जान लगा दी।

## चार करोना संक्रमित मिले

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को चार नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच एक मरीज ठीक भी हुआ है। राज्य में फिलहाल 16 एक्टिव केस मौजूद है।

# एक लाख से ज्यादा किसानों की बदहाली कांग्रेस को ले डूबेगी : राजेंद्र राठौड़

## 'ईडी जांच की आंच से बौखलाई कांग्रेस, सरकारी एंजेंसी के खिलाफ प्रदर्शन वाला गहलोत का बयान शर्मनाक'

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में किसान कर्ज माफी मामले पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि गहलोत सरकार ने किसानों के वोट बटोरकर उनके साथ धोखा किया है। राष्ट्रीयकृत और अनुसूचित बैंकों से करीब 6 लाख किसानों ने लोन लिया था, उनका एक पैसा भी माफ नहीं हुआ। गहलोत सरकार ने किसानों के साथ वन टाईम सेटलमेंट का वादा किया था, लेकिन विधानसभा में सरकार ने जवाब दिया कि प्रदेश में 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीनें नीलाम हुई हैं। इसके अलावा एक लाख तेरह हजार किसानों के खाते एनपीए हो चुके हैं, जिनकी जल्द ही जमीनें नीलाम होने वाली हैं। कर्ज से तंग आकर प्रदेश में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं, अन्नदाताओं की यह बदहाली कांग्रेस सरकार को ले डूबेगी।

पेपर लीक सहित भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन करने के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि ईडी ने प्रारंभिक जांच में तथ्यात्मक रूप से यह पाया है कि प्रदेश में ब्लेक मनी का प्रसार हुआ है, ब्लेकमेलिंग के इस खेल में पेपर माफिया सक्रिय है। आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि डेढ़ करोड़ रूपए देकर आरपीएससी में सदस्य बनाया गया है। सरकार की सरपरस्ती के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और इन सभी मामलों के तार सरकार से जुड़े हैं।

■ **'राजीव गांधी स्टडी सर्किल सेंटर को रीट पेपर कराने का जिम्मा देना साफ दर्शाता है कि खुद सरकार पेपर लीक कांड में मुख्य आरोपी है'**

रीट पेपर लीक मामले में गहलोत सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि राजीव गांधी स्टडी सर्किल सेंटर को रीट पेपर कराने का जिम्मा देना साफ दर्शाता है कि खुद सरकार पेपर लीक कांड में मुख्य आरोपी है। इस दौरान उन्होने यह भी कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन धर्मपाल जारोली पूर्व में बयान दे चुके कि मुझे बली का बकरा बनाया जा रहा है, मुख्य आरोपियों को बचाया जा रहा है। सरकार द्वारा मनोनीत आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा खुद स्ट्रांग रूम से पेपर आऊट कराते हैं। इस काम में उनके साथ उनके रिश्तेदार तक शामिल पाए गये हैं।

पेपर लीक मामले में फरार आरोपी भूपेंन्द्र सारण का हवाला देते हुए राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की सरकार में मंत्रियों के सोशल मीडिया अकाउंट माफिया लोग चला रहे हैं। बिना सरकार की सरपरस्ती के किसी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर इस तरह कार्यालय से कैसे निकाला जा सकता है, सरकार की भूमिका संदिग्ध होने की वजह से ये लोग ईडी की जांच से बौखलाए हुए हैं। जैसे जांच आगे बढ़ेगी ऐसे सभी लोग जिन्होंने नौकरी की गारंटी देने के नाम से कोचिंग सेंटर खोलकर बैच बनाए हुए थे, इन सभी पर जांच की आग जरूर आएगी।


**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुःख के साथ सुचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री नाथूराम जी चितोस्या** (यादव) का स्वर्गवास 6.6.2023 को हो गया है। तीये की बैठक 8.6.2023 को सायं 4 से 5 बजे निवास स्थान रावली कोठी श्योसिंहपुरा रेलवे स्टेशन के सामने धानक्या जयपुर पर होगी।

**शोकाकुलः** सुवालाल (चाचा) रामसहाय, भैरूराम, गोपाल, रामनाथ, सीताराम, राधेश्याम, गोपाल, सीताराम, हरिनारायण, रामस्वरूप (भाई) भैरूराम, रामलाल, कैलाश, रामफूल, लक्ष्मण, शंकर, कानाराम, मालूराम (पुत्र) राहुल, राकेश, कमलेश, विनोद, जितेंद्र, अमित (पौत्र) एवं समस्त चितोस्या परिवार।

9799737114, 9928049336

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री विनोद तिवारी पुत्र श्री गोपाल प्रसाद तिवारी निवासी 54, शिवशक्ति नगर बी, जगतपुरा रोड, जयपुर राज. हाल निवासी ए-704, त्रिमुर्ति अरियाना रामनगरिया जगतपुरा जयपुर के द्वारा दिनांक 10.02.2023 को इकरारनामा श्रीमति पूजा गुप्ता पत्नी राकेश कुमार निवासी 367, श्री गोपाल नगर से किया गया था, उक्त इकरारनामा प्लॉट नं- बी-14, सालिगरामपुरा, महल रोड, जगतपुरा जयपुर के बेचान हेतु किया गया था। इकरारनामें में वर्णित शर्ते पूरी ना कर पानें व समयावधि निकल जाने के कारण यह इकरारनामा स्वतः निरस्तनीय है व आज दिनांक 08.06.2023 से निरस्त समझा जावें उक्त प्लॉट का स्वामित्व व एकाधिकार सम्पूर्ण रूप से मेरे अभिभाष्य श्री विनोद तिवारी के पास ही है व उपभोग उपयोग हेतु स्वतंत्र है। एडवोकेट विजय लक्ष्मी चेम्बर 31, बी-ब्लॉक, राज. हाई कोर्ट जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती मंजू देवी पत्नी स्वर्गीय श्री बसंती लाल गुर्जर निवासी-प्लाट नं. 29 गणेश विहार विस्तार, बैनाड रोड, जयपुर राजस्थान की है मेरी अभिभाष्या का पुत्र ओमप्रकाश गुर्जर मेरी अभिभाष्या के कहने सुनने में नहीं होने के कारण व उसके द्वारा परिवार के विरूद्ध किये जा रहे आचरण से तंग आकर मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र ओमप्रकाश गुर्जर को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने घर से निष्कासित कर अपने सम्पूर्ण संबंध समाप्त कर दिये है आज दिनांक के पश्चात मेरी अभिभाष्या के ओमप्रकाश गुर्जर से माता-पुत्र के संबंध समाप्त हो गये है एवं आज के पश्चात मेरी अभिभाष्या व उसके परिजनों का ओमप्रकाश गुर्जर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध व सरोकार नहीं रहेगा जो कोई भी व्यक्ति, संस्था, संगठन, इत्यादि मेरी अभिभाष्या के पुत्र ओमप्रकाश गुर्जर से किसी प्रकार का समव्यवहार करेंगे तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी अभिभाष्या की किसी भी प्रकार से कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।
दिनांक-07.06.2023 (राजकुमार, एडवोकेट) मो.9983333472

**नाम परिवर्तन**

मैं यश गुप्ता, मेरी 10वीं, 12वीं की मार्कशिट में मेरे पिताजी का नाम सुभाष गुप्ता है जो कि गलत है सही नाम सुभाष चन्द गुप्ता है। निवासी F-1, Plot No. 09 Shiv Residency, Shankar Vihar, Murlipura, Jaipur. For All Purposes.

मैंने अपना नाम Khatoon से बदलकर Khatun Begam रख लिया है। मो. 9929499060

मैं नं. 18024967W सैपर प्रसेनजीत सरकार, भारतीय सेना की 60, इंजीनियर रेजीमेंट में कार्यरत हूँ। मेरी माताजी श्रीमती कल्पना सरकार जिनकी सही जन्मतिथी 01.01.1975 है। मेरे सर्विस डोक्यूमेंट में मेरी माताजी की जन्मतिथी 19.02.1975 है। जो कि गलत है। मैं अपने सर्विस डोक्यूमेंट में अपनी माताजी की जन्मतिथी 01.01.1975 अंकित कराना चाहता हूँ।

मैंने विवाहोपरान्त अपना नाम लाजवन्ती सिन्धी पुत्री श्री शीतलदास से बदलकर लिपाक्षी रामचन्दानी पत्नी श्री मुकेश रामचन्दानी रख लिया है। भविष्य में मुझे लिपाक्षी रामचन्दानी के नाम से जाना जावें। लिपाक्षी रामचन्दानी पत्नी मुकेश रामचन्दानी पता सी-52, रामनगर शोपिंग सेन्टर, शास्त्री नगर जयपुर-302016 (राजस्थान)

I have changed the name of my son from Lavanya Bhatia to Shivaay Bhatia for all future purpose. Amit Bhatia R/o 33, Gurunanakpura, Near Hanuman Dhaba, Rajapark, Jaipur-302004

I, Vinita Maheshwari D/o Ram Swaroop Biyani and W/o Hari Narain Parwal, resident of J-181-G, Sangram Colony, Mahaveer marg, Cscheme, Jaipur (302001) have changed my name from Vineeta Parwal to Vinita Maheshwari for all future purpose.

I army no 10303843 P Ex LNK Suresh Sharma S/O Ramniwas Sharma R/O village ambapura post malpura teh.malpura dist tonk have changed my son name from Raj SHEKHAR(DOB 30/9/2000) To RAJ SHEKHAR SHARMA (DOB 8/2/2002) and daughter SUMAN (DOB 31/12/2003) To SUMAN SHARMA (6/10/2004) vide affidavit dated 6jun 2023 before district notary Jaipur

न्यायालय तहसीलदार, बस्सी (जयपुर)
पत्रांक: PGKS/2023/45 दिनांक 06.06.2023
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मानगढ़ खोखावाला के ख.न. 98, 161, 175, 176 व अन्य में दर्ज मृतक खातेदार श्रीनारायण पुत्र भोला की विरासत का नामान्तरण संबंधी प्रार्थना पत्र सं. 33/22 रामादेवी बनाम गीता देवी व अन्य न्यायालय में विचाराधीन है। जिसके संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो नोटिस प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष पेश करें। नियत समय सीमा पश्चात प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सूचित रहे। तहसीलदार
तहसील- बस्सी जिला- जयपुर

**आम-सूचना** मेरी अभिभाष्या श्रीमती सुनीता पत्नी श्री जगदीश, निवासी-ग्राम गुढा साईपुरा, मौजमाबाद, जिला जयपुर का पुत्र राजकुमार उसके कहने में नहीं है, अतः मेरी अभिभाष्या द्वारा अपने पुत्र राजकुमार को उसकी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल किया जाता है। राजकुमार द्वारा पूर्व में एवं भविष्य में किसी व्यक्ति अथवा संस्था से किये गये किसी भी संव्यवहार के लिए मेरी अभिभाष्या उत्तरदायी नहीं होगी। सूचनार्थ।
जयपुर (ओ.पी. बैरवा) एडवोकेट
दिनांक-07.06.2023 मो.नं. 9414454555

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 6/380 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 165.60 वर्ग मीटर का नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र कमांक 98 दिनांक 18.04.1994 श्रीमती सुशील सागर वधवा के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 23.04.1994 को करवाया गया। श्री सुशील सागर वधवा की मृत्यु दिनांक 11.11.2020 को हो जाने के कारण श्री दीपक वधवा पुत्र स्व. श्री सुशील सागर वधवा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, वसीयतनामा की छाया प्रति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास में से श्री सुशील सागर वधवा के हिस्से का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री दीपक वधवा पुत्र स्व. श्री सुशील सागर वाधवा के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 7-ड-12 जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 136.00 वर्ग गज का आवंटन श्री जगदीश चन्द सचदेवा पुत्रश्री चुन्नी लाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1973 दिनांक 05.07.1974 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर नगर में दिनांक 13.12.1974 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री जगदीश चन्द सचदेवा पुत्र स्व. श्री चुन्नी लाल सचदेवा के द्वारा डॉ. राकेश सचदेवा पुत्र श्री जगदीशचन्द जी सचदेवा के पक्ष में वसीयतनामा का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक चित्तोड़गढ में दिनांक 26.03.2012 को करवाया गया। तत्पश्चात डॉ. राकेश सचदेवा पुत्र स्व. श्री जगदीश चन्द सचदेवा के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्रीमती पदमा देवी बदलानी पत्नी स्व. श्री लक्ष्मण दास को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, षष्टम में दिनांक 18.09.2013 को करवाया गया। श्रीमती पदमा देवी बदलानी पत्नी स्व. श्री लक्ष्मण दास के द्वारा आवास के मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम केती का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्रीमती पदमा देवी बदलानी पत्नी स्व. श्री लक्ष्मण दास का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश कमांक 5156 दिनांक 13.03.2008 जारी कर आवास संख्या- 5/13 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 189.00 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण श्री सुशील सागर वधवा एवं श्रीमती सन्तोष वधवा के संयुक्त नाम से किया गया था। उक्त दोनों आवंटियों में श्री सुशील सागर वधवा की मृत्यु दिनांक 11.11.2020 को हो जाने के कारण श्री दीपक वधवा पुत्र स्व. श्री सुशील सागर वधवा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, अपंजीकृत वसीयतनामा की छाया प्रति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास में से श्री सुशील सागर वधवा के हिस्से का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री दीपक वधवा पुत्र स्व. श्री सुशील सागर वाधवा के पक्ष में उक्त आवास में से श्री सुशील सागर वधवा हिस्से का प्रतिस्थापन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा व्यावसायिक भूखण्ड संख्या- 1/SC/75 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 21.60 वर्ग मीटर का आवंटन शीला कुमारी पुत्री परदेशी राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 2912 दिनांक 31.01.2011 जारी किया गया था। तत्पश्चात उनके द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर अष्टम में दिनांक 23.03.2011 को करवाया गया। तत्पश्चात सुश्री शीला कुमारी पुत्री श्री परदेशी राम के द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का मुख्तारनामा आम सुश्री जयश्री पुत्री श्री झामन दास को नियुक्त किया गया। उक्त मुख्तारनामा आम का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सप्तम में दिनांक 13.04.2011 को करवाया गया। तत्पश्चात मुख्तारनामा आम सुश्री जयश्री पुत्री श्री झामन दास के द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री आशु रावत पुत्र श्री प्रकाश चन्द रावत को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम में दिनांक 29.02.2012 को करवाया गया। (इस विक्रय पत्र के संबंध में शुद्धि पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम में दिनांक 05.03.2012 को करवाया गया।) तत्पश्चात श्री आशु रावत पुत्र श्री प्रकाश चन्द रावत के द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री बृजेश सिंह तोमर पुत्र स्व. श्री बुद्धी लाल तोमर को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 09.02.2023 को करवाया गया। श्री बृजेश सिंह तोमर पुत्र स्व. श्री बुद्धी लाल तोमर के द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम केता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री बृजेश सिंह तोमर पुत्र स्व. श्री बुद्धी लाल तोमर का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट संख्या- 12/107 (जी.एफ.) मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 33.752 वर्ग मीटर का आवंटन श्री ललित मोहन जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 79 दिनांक 11.01.1990 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, प्रथम में दिनांक 30.03.2002 को करवाया गया। श्री ललित मोहन जैन की मृत्यु दिनांक 31.05.2006 को हो जाने के कारण श्री प्रदीप निगोतिया पुत्र स्व. श्री ललित मोहन जैन के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, अपंजीकृत वसीयतनामा की छाया प्रति, राशन कार्ड की छाया प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं वसीयत में अंकित गवाहों का शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री प्रदीप निगोतिया पुत्र स्व. श्री ललित मोहन जैन के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लांट न. 76, योजना ग्रीन पार्क-बी, बैनाड रोड, नांगल जैसा बोहरा, जयपुर क्षेत्रफल 100.00 वर्ग गज को शंकर भवन निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर द्वारा श्री पूरन सिंह को जरिये हस्तान्तरण आवंटन-पत्र दिनांक 17.05.1995 को आवंटित किया गया था। यह श्री पूरण सिंह का स्वर्गवास दिनांक 30.03.2014 को हो गया। श्री पूरण सिंह के स्वर्गवास पश्चात् उनके समस्त वारिसान्/उत्तराधिकारी श्रीमती किरण कंवर (पत्नी), पूजा कंवर व पूनम कंवर (पुत्रीयॉ) एवं श्री मदन मोहन सिंह राठौड़ (पुत्र) ने उक्त प्लांट को विक्रय करने का इकरार श्रीमती कौशल्या देवी से किया है जिसकी खरीद हेतु श्रीमती कौशल्या देवी ने उक्त सम्पत्ति पर ऋण हेतु Indiabulls Housing Finance Ltd. में आवेदन किया हैं। उक्त सम्पत्ति के बाबत् स्व. श्री पूरण सिंह के उत्तराधिकारी की हैसियत से किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति, संस्था, जनसाधारण आदि को कोई भी आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में अपना अधिकार या हक मय दस्तावेज प्रस्तुत करे, अन्यथा Indiabulls Housing Finance Ltd. द्वारा उक्त सम्पत्ति को रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा।
दिनांक :- 05.06.2023
(पीयूष भार्गव एडवोकेट)
6, रघुकमल निवास, गणपति प्लाजा के सामने, एम. आई. रोड़, जयपुर फोन नम्बर : 0141-4112154
E-mail:vkbhargavaassociates@gmail.com

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 5-ठ-15 जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 109.00 वर्ग गज का आवंटन श्री श्याम मोहन सहाय पुत्र श्री बृज मोहन सहाय को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 9137 दिनांक 08.05.1975 एवं संशोधित आवंटन पत्र कमांक 1628 दिनांक 01.11.1978 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, प्रथम में दिनांक 25.08.1990 को करवाया गया। श्री श्याम मोहन सहाय की मृत्यु दिनांक 18.08.2019 को हो जाने के कारण श्री शरद सहाय पुत्र स्व. श्री श्याम मोहन सहाय के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, अपंजीकृत वसीयतनामा की छाया प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत एवं वसीयतनामा में अंकित गवाह श्रीमती स्नेह लता सहाय पत्नी स्व. श्री श्याम मोहन सहाय एवं श्री राजकुमार जैन पुत्र श्री सतीश चन्द जैन का शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री शरद सहाय पुत्र स्व. श्री श्याम मोहन सहाय के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**आम सूचना** मुझे अधिवक्ता द्वारा सूचित किया जाता है कि एक आवासीय पटटेशुदा सम्पत्ति पट्टा संख्या 2354 वार्ड नम्बर 06 श्रीमाधोपुर जिला सीकर में 175.33 वर्गगज की अवस्थित है, जो कि दिनांक 16.12.2003 को लीलाराम पुत्र श्री श्यामलाल हरिजन निवासी श्रीमाधोपुर के नाम से जारी है। जिसका पंजीयन दिनांक 22.06.2018 है। लीलाराम की मृत्यु दिनांक 18.12.2019 को होने के पश्चात उनके विधि वारिस 1. कान्ता, 2. सरोज, 3. कृष्णा पुत्रीयों लीलाराम 4. भंवरी देवी पत्नी श्री लीलाराम, 5. सुभाष चन्द पुत्र लीलाराम ने अपने भाई/पुत्र महेन्द्र कुमार हरिजन के पक्ष में दिनांक 06.02.2023 को हक त्याग विधिवत पंजीकृत करवाया गया है, एवं इसके पश्चात उक्त पट्टे का पट्टा नामान्तरण कमांक LSG/SHRIMADHOPUR/MUT/2023/24145661 दिनांक 05.04.2023 नगर पालिका श्रीमाधोपुर द्वारा महेन्द्र कुमार हरिजन पुत्र श्री लीलाराम हरिजन निवासी वार्ड नम्बर 06श्रीमाधोपुर के नाम से जारी है। जिसका पंजीयन दिनांक 13.04.2023 को उप पंजीयन श्रीमाधोपुर किया गयाहै तत्पश्चात महेन्द्र कुमार हरिजन का एकमात्र मालिक एवं स्वामी काबिज चला आ रहा है। उक्त समस्त मूल दस्तावेजों के आधार पर आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लि. शाखा श्रीमाधोपुर के द्वारा ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त लीलाराम के अन्य कोई विधिक वारिस हो या इसमें किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को उज्र या आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस में आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक लि. शाखा श्रीमाधोपुर या मुझे अधिवक्ता को सूचित करें।
दिनांक-06.06.2023 मनोज शर्मा, एडवोकेट
नोटेरी पब्लिक श्रीमाधोपुर (सीकर), रजि.नं. 14164

**कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला-सीकर (राज.)**
SR.No.-न.पा.री/2023-4/1245 DATE- 07.06.2023
Email- ringas.jaipur@gmail.com
**आपत्ति आमंत्रण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक धींगडा पुत्र प्रेमसागर धींगडा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रींगस के पास नीलामी में आवंटित दुकान संख्या 17 जिसकी नाप 10 x 10 फीट है तथा श्री निखिल धींगडा पुत्र प्रेमसागर धींगडा ने आवंटित दुकान संख्या 18 जिसकी नाप 10 x 10फीट है के पट्टा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदकों ने मूल नीलामी आवंटन पत्र प्रस्तुत नहीं किया है। प्रकरण में भू आवंटन के पश्चात मूल भू आवंटन धारको द्वारा जरिए इकरारनामा द्वारा उक्त आवेदकों को दुकान विक्रय की गई थी। अतः आमजन को आपत्ति आमंत्रण सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार प्रकरण में पट्टा देने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करावें। बाद मियाद अवधि नियमानुसार राजस्थान नगरीय भूमि निस्तारण नियम 1974 के प्रावधानों के तहत प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित हो।
(सीताराम कुमावत) अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, रींगस, जिला सीकर (राज.)

# गैंगस्टर रोहित गोदारा ने ज्वैलर को धमकी देकर पांच करोड़ रुपये मांगे

## रुपये नहीं देने पर गोली मारने की धमकी दी, ज्वैलर ने नया शहर थाने में परिवाद देकर एफआईआर दर्ज करवाई

**बीकानेर, (निसं)।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने बीकानेर के एक बड़े ज्वैलर से पांच करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। रुपए नहीं देने पर गोली मारने की धमकी दी है। धमकी के बाद ज्वैलर ने नयाशहर थाने में परिवाद देकर एफआईआर दर्ज करवाई है।

जानकारी अनुसार बीकानेर के एक ज्वेलरी शोरूम पर फोन आया। फोन पर बदमाश ने कहा कि वह शोरूम मालिक के पहचान वाला है, इसलिए उनके वॉट्सऐप नंबर दे। शोरूम पर बैठे कर्मचारी ने नंबर दे दिए। इसके बाद दोपहर 2 बजे ज्वेलर के पास फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को गैंगस्टर रोहित गोदारा बताते हुए पांच करोड़ रुपए की डिमांड रखी। इस पर ज्वैलर ने कहा कि मेरे पास इतने रुपए नहीं हैं, बल्कि मैंने बैंक से 20 करोड़ रुपए का कर्ज ले रखा है। रोहित गोदारा ने धमकी दी कि बुधवार शाम तक अगर उसे सही जवाब नहीं दिया तो गोली मार देगा। इससे बैंक का कर्जा भी नहीं चुकाना पड़ेगा। इतना ही नहीं, रोहित गोदारा ने ये भी कहा कि वो चाहे तो दूसरे मोबाइल से इसकी रिकॉर्डिंग करके पुलिस में एफआईआर भी करवा देना।

पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि छानबीन की जा रही है। वैसे रोहित गोदारा के अधिकांश साथी पुलिस की निगरानी में हैं। गिरफ्तार करके अंदर भी डाले गए हैं।

- **रोहित गोदारा ने धमकी दी कि बुधवार शाम तक अगर उसे सही जवाब नहीं दिया तो गोली मार देगा। इससे बैंक का कर्जा भी नहीं चुकाना पड़ेगा**

पुलिस को दी शिकायत में ज्वेलर ने बताया कि खुद को रोहित गोदारा बताने वाले ने ये भी दावा किया कि बीकानेर में मेरे दो हजार लोग हैं। कभी कोई दिक्कत हुई तो ये लोग उसकी मदद करेंगे। बीकानेर पुलिस उसके गुर्गों पर भी नजर रखे हुए है।

रोहित गोदारा विदेश में बैठकर गैंग ऑपरेट कर रहा है। बीकानेर में लूणकरणसर के रहने वाले गैंगस्टर रोहित गोदारा के खिलाफ रंगदारी वसूली के लिए धमकाने के दर्जनों मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी हो चुका है। एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित है।

रेड कॉर्नर नोटिस को रेड नोटिस भी कहा जाता है। अगर इस बात की आशंका हो कि कोई भी अपराधी या आरोपी जांच एजेंसी से बचने के लिए दूसरे देश में भाग सकता है तो यह नोटिस ऐसे अपराधी के बारे में दूसरे देश की पुलिस को सचेत करता है। इंटरपोल के जरिए ही यह नोटिस जारी होता है।

राजू ठेहट की हत्या के मामले में गैंगस्टर रोहित गोदारा का नाम सामने आया था। उसके नाम से एक फेसबुक पोस्ट भी की गई थी। इस पोस्ट में राजू ठेहट की हत्या की जिम्मेदारी ली गई थी। बीकानेर पुलिस पिछले दिनों रोहित के नाम से सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है। रोहित गोदारा फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है।

# भू-अभिलेख निरीक्षक 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## जोधपुर-ग्रामीण एसीबी टीम ने आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी ली

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा में जोधपुर-ग्रामीण एसीबी टीम ने बुधवार को भू-अभिलेख निरीक्षक को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी ली। बालोतरा मंडली में बुधवार ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जोधपुर-ग्रामीण इकाई ने बालोतरा में कार्यवाही करते हुये गजाराम, भू-अभिलेख निरीक्षक मण्डली, तहसील कल्याणपुर, जिला बाडमेर को परिवादी से 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



आरोपी भू-अभिलेख निरीक्षक।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की जोधपुर-ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि खातेदारी भूमि की तरमीम में संशोधन करने की एवज में गजाराम, भू-अभिलेख निरीक्षक मण्डली, तहसील कल्याणपुर, जिला बाडमेर द्वारा 5 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरवीजन में एसीबी जोधपुर ग्रामीण इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के निर्देशन में

- **खातेदारी भूमि की तरमीम में संशोधन करने की एवज में 5 लाख रूपये रिश्वत राशि मांगी थी**

शिकायत का सत्यापन किया जाकर अनु चौधरी, पुलिस निरीक्षक मय टीम के बाडमेर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये गजाराम पुत्र चुतरपुरा, तहसील शेरगढ़, जिला जोधपुर हाल भू-अभिलेख निरीक्षक मण्डली, तहसील कल्याणपुर, जिला बाडमेर को परिवादी से 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** फर्जी कंपनी के जरिए निवेशकों से करोड़ों की ठगी करने के मामले में एसआईटी की टीम ने अपेक्षा ग्रुप के एक और डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। एसआईटी की टीम ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में तैनात सहायक प्रशासनिक अधिकारी चेतन स्वरूप नामा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को रिमांड पर भेज दिया है। चेतन नामा मूल रूप से बूंदी के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निवासी है और वर्तमान में विदांत अपार्टमेंट महावीर नगर इलाके में रहता है। वह 2013 में अपेक्षा ग्रुप से जुड़ा हुआ है। उसने अपनी पत्नी बृजेश नामा को अपेक्षा ग्रुप कंपनी की डायरेक्टर बना रखा था। जून 2020 तक 35 निवेशकों से अपेक्षा ग्रुप की कंपनियों में एक करोड़ 56 लाख 39 हजार का निवेश करवाया। अपेक्षा ग्रुप द्वारा ठगी के मामले में अब तक सीएमडी मुरली मनोहर नामदेव व 23 सक्रिय डायरेक्टर और सदस्य को एसआईटी गिरफ्तार कर चुकी है। मामले के अनुसार अपेक्षा ग्रुप का निर्देशक मुरली मनोहर नामदेव बारह का निवासी है इसमें रकम दोगुनी करने का झांसा देकर कंपनी में कई लोगों को डायरेक्टर बनाया।

# राशन वितरण करने को लेकर विवाद में युवक की हत्या

## युवक की हत्या का आरोप राशन डीलर पर लगाया

**करौली, (निसं)।** जिला मुख्यालय समीप मासलपुर थाना क्षेत्र के टटवाई गांव में राशन वितरण करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की हत्या हो गई। युवक की हत्या का आरोप राशन डीलर पर लगाया है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश में जुटी है।

मासलपुर थानाधिकारी परसोत्तम ने बताया कि देशराज पुत्र अमान जाटव निवासी छाबर टटवाई गांव में राशन डीलर है। बताया कि आरोपी टटवाई गांव में राशन वितरण का काम कर रहा था। इस दौरान मृतक जितेंद्र पुत्र महेंद्र निवासी टटवाई दुकान पर आया और बिनेगा गांव के लोगों को राशन वितरण का विरोध करने लगा। इस दौरान राशन डीलर और युवक में कहासुनी हो गई। कहासुनी में आरोपी राशन डीलर देशराज ने जितेंद्र को धक्का मार दिया। जितेंद्र का सिर एक पाटौर पोश मकान से जाकर टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को परिजन और आसपास मौजूद लोग करौली हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉ. ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर मासलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया तथा लोगों से घटनाक्रम की जानकारी ली। करौली हॉस्पिटल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया घटना स्थल पर पुलिस तैनात है पुलिस टीम गठित कर आरोपी डीलर की तलाश में जुटी है। थाना अधिकारी ने बताया कि मृतक के भाई सुनील ने एफ आई आर दर्ज कराई है। एफआईआर में बताया कि राशन डीलर देशराज ने उसके भाई की मारपीट कर हत्या कर दी।

# ट्रक ने युवक के पैरों को कुचला

**कोटा, (निसं)।** शहर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए उसके पैरों को कुचल देते हुए निकल गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल की सार संभाल की और फिर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायल युवक का उपचार जारी है।

घटना मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वहीं ट्रक ड्राइवर को भी पकड़ लिया गया है। ट्रक ड्राइवर नशे में धुत बताया जा रहा है। घटना आनंदपुरा थाना इलाके की है।जानकारी के अनुसार व्यापारी गुड्डू बाइक पर सुबह घर से निकले थे। 9.00 बजे करीब एमबीएस रोड पर नए बने बस स्टैंड के सामने तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी एक्सीडेंट होते ही बाइक दूर जा गिरी और गुड्डू ट्रक की चपेट में आ गए और कुछ दूर तक ट्रक उन्हें घसीटता हुआ ले गया फिर पैरों को कुचलते हुए निकल गया। इसके बाद भी चालक ने ट्रक को भगाना बंद नहीं किया। हादसे के पश्चात मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई तथा उन्होंने गुड्डू के घर वालों को सोचना दी। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक चालक को डिटेन कर लिया गया है वह नशे में धुत था।

# जम्मू-कश्मीर के दो नशा तस्करों को अजमेर में दबोचा

## सेंट्रल आई बी व राजस्थान पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

**अजमेर, (कासं)।** जम्मू कश्मीर पुलिस की सूचना के आधार पर सेंट्रल आई बी और राजस्थान पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई को अंजाम देते हुए कश्मीर के दो कुख्यात नशा तस्करों को अजमेर में दबोचा है। मिल रही जानकारी के अनुसार पूरा मामला पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए सप्लाई की गई 90 किलो हेरोइन नशे की खेप से जुड़ा हुआ है। अजमेर पुलिस द्वारा पकड़े गए दो तस्करों को हिरासत में लेकर आज मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश कर ट्रांसिट रिमांड पर लिया है, दोनों आरोपी इरशाद और यासीन को लेकर जम्मू कश्मीर पुलिस कश्मीर के लिये रवाना हुई।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद यासीन और मोहम्मद इरशाद कश्मीर के पुंछ

- **अजमेर के गंज पुलिस थाना क्षेत्र की एक होटल में देर रात की दबिश**
- **मामला पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए सप्लाई की गई 90 किलो हेरोइन से जुड़ा बताया**

इलाके की देगवार गांव के रहने वाले हैं दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी कश्मीर में एनडीपीएस एक्ट के कई मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। इन दोनों आरोपियों के संबंध में कश्मीर पुलिस ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन को सूचना दी थी और उसके बाद दिल्ली से रवाना हुई आईबी की टीम ने अजमेर की गंज थाना पुलिस को साथ में लेकर कार्रवाई को अंजाम दिया। दोनों आरोपी 1 दिन पहले ही अजमेर पहुंचे थे और गंज थाना इलाके के होटल कृष्णा में रुके हुए थे। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद इस मामले की सूचना कश्मीर पुलिस को दे दी गई है। मिल रही जानकारी के अनुसार कश्मीर पुलिस का एक दल दोनों आरोपियों को अपने साथ ले जाने के लिए कश्मीर से अजमेर के लिए रवाना हो चुका है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब अजमेर पुलिस भी सतर्क हो गई है और इनके स्थानीय संबंधों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से मोहम्मद यासीन इससे पहले भी एक बार अजमेर आ चुका है।

उल्लेखनीय है कि अजमेर का गंज पुलिस थाना सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह इलाके के नजदीक ही आता है। विगत कई वर्षों से ड्रग्स तस्कर दरगाह और उसके आसपास के इलाकों में बनी होटलों में छद्म भेष में आकर रुकते हैं और दरगाह के जायरीन बन कर क्षेत्र में खुले आम घूमते है। पूर्व में भी अजमेर और दरगाह से जुड़े लोगों के ड्रग्स तस्करों से संबंध उजागर हो चुके हैं। पुलिस ने अनेक बार अभियान चलाकर ड्रग्स लेने और देने वालों को इस इलाके से दबोचा भी है किन्तु यह कार्रवाई निचले स्तर पर ही होकर रह जाती है। जबकि अजमेर का दरगाह इलाका ड्रग्स कारोबार से जुड़े माफिया का ट्रांजिट पाइंट भी बना हुआ है।

# फूफा ने मासूम को उतारा मौत के घाट

## मोबाईल चलाने की जिद पर उतारा मौत के घाट

**बूंदी, (निसं)।** हिंडोली थाना क्षेत्र के पपराला गांव में मंगलवार दोपहर रिश्तो को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। पपराला निवासी आरोपी फूफा रमेश ने अपने साले दुर्गालाल के 13 वर्षीय पुत्र विकास को बुरी तरह पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

छाजेला खेड़ा गांव निवासी दुर्गालाल ने बताया की मंगलवार शाम उसका जीजा रमेश और बहिन जनता ने दूरभाष पर सूचना दी की विकास की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उल्टी होने के बाद उसकी मृत्यु हो गई। हम उसे गांव लेकर आ रहे है तुम अंतिम संस्कार की तैयारी करो। जब विकास के शव को गांव लाया गया तब शाम हो चुकी थी, परिवार में शव देख कोहराम मचा हुआ था। सभी परिवारजन जल्द से जल्द अंतिम संस्कार करने की तैयारी में जुट गई। अर्थी को लेकर श्मशान घाट पहुंचने के बाद चिता पर रख अंतिम संस्कार की क्रिया प्रारंभ हुई। जैसे ही बालक के शरीर पर घी लगाने लगे तो परिवारजनों की नजर बच्चे के हाथ पैरो पर लगी चोटों पर गयी इस पर पिता को संदेह हुआ कि विकास के साथ कुछ अनहोनी घटना घटित हुई है।

शव को कपड़े फाड़कर देखे तो पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। परिजनों ने पुलिस को तत्काल इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर हिंडोली पुलिस मय जाप्ता शमशान घाट पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में लाकर रखा। सब इंस्पेक्टर सूरजमल ने बताया कि मृतक के पिता ने रिपोर्ट दी है कि उसके पुत्र को मार मारकर मौत के घाट उतारा गया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं, हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

विनोद जब 5 वर्ष का था तभी से वह अपनी बुआ और फूफा के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था। अपनी दो बहिनो में सबसे बड़ा भाई बुआ का इतना लाड़ला था कि वह गर्मी की छुट्टियों में भी बुआ के यहां ही रहा करता था। उसकी दोनों बहिने मां बाप के पास ही रहती थी।

परिवारजनो को कहना है कि मंगलवार दोपहर को विनोद ने अपने आरोपी फूफा रमेश से मोबाईल मांगा तो फूफा ने देने से इंकार कर दिया, विनोद कुछ देर मोबाईल पर खेलने की जिद करने लगा, यह जिद फूफा को नागवार गुजरी और उसने विनोद के साथ बूरी तरह मारपीट की जिसमें विनोद की मौत हो गई। मारपीट के बाद शव को नहला धुलाकर नए कपड़े पहना कर ले गए ताकि किसी को चोट के निशान नहीं दिखे। जिसके बाद बुआ फूफा उसे कार में गांव ले गए।

# वकीलों ने उदयपुर में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर मौन जुलूस निकाला

**उदयपुर, (कासं)।** मेवाड़ वागड़ हाईकोर्ट बैंच संघर्ष समिति, जिला हाईकोर्ट बैंच संघर्ष समिति एवं बार एसोसिएशन उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अधिवक्ताओं ने इस मांग के समर्थन में हाथों में तख्तियां लेकर शहर में मोहन जुलूस निकाला। इसी तरह उदयपुर जिले राजसमंद सहित सभी तहसील हेडक्वार्टर पर भी बार एसोसिएशन की ओर से धरना प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपे गए।

उल्लेखनीय है कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र उदयपुर संभाग मुख्यालय पर पिछले 42 वर्ष से चल रहे हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर आंदोलन अधिवक्ताओं का आंदोलन चल रहा है। इसी आंदोलन के तहत 7 तारीख को मौन जुलूस निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रस्तुत कर मेवाडा वागड के मुख्यालय उदयपुर में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना हेतु सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का किया। अधिवक्ताओं ने जिला कलेक्टर को इस बात से भी अवगत कराया कि हाईकोर्ट बैंच की स्थापना से पहले सरकार को इस मांग की महत्वता समझाते हुए वर्चुअल न्याय पीठ शुरू करने के लिए भी प्रयास करने को कहा गया है। अधिवक्ताओं ने जिला कलेक्टर को बताया कि उड़ीसा में 19 जिलों में हाईकोर्ट बैंच कर्नाटका में हाईकोर्ट की कई बैंचे होने के समाचारों से भी अवगत कराया ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की जा रही है वर्चुअल हाईकोर्ट बैंच की स्थापना राजस्थान में उदयपुर से शुरू करने के लिए भी प्रयास करने का आग्रह किया है।

जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही 2 या 3 दिन में संभागीय आयुक्त से इस बारे में विस्तार से चर्चा कर अपनी रिपोर्ट के साथ अधिवक्ताओं का मांग पत्र वह मुख्यमंत्री को प्रेषित कर आएंगे इसके अलावा उदयपुर आने पर मुख्यमंत्री से भी इस मांग के समर्थन में अपनी ओर से आग्रह करेंगे।ज्ञापन देने वालों में मेवाड वागड हाई कोर्ट बैंच संघर्ष समिति के संयोजक रमेश नंदवाना, पूर्व बार अध्यक्ष शंभू सिंह राठौड़, मनीष शर्मा, भरत वैष्णव हाईकोर्ट बैंच संघर्ष समिति के मीडिया प्रमुख हरीश पालीवाल, जिला स्त्री संघर्ष समिति के संयोजक चेतन पुरी गोस्वामी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मोगरा, उपाध्यक्ष योगेंद्र दशोरा, महासचिव शिव कुमार उपाध्याय, सचिव चेतन पालीवाल, वित्त सचिव हरीश चयन, पुस्तकालय सचिव राकेश आचार्य, जिला संघर्ष समिति की महिला विंग की सहसंयोजक कांता नागदा सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने सुबह जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर अधिवक्ताओं ने अपनी बाहों की कलाई पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया।

# सीवरेज टैंक में मजदूरों की मौत मामले में कमेटी गठित

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान अर्बन इंफ्राट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत कोटा में डल रही सीवरेज लाइन के दौरान हादसे में 3 मजदूरों की मौत हो गई है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार ने जयपुर से ही एक कमेटी गठित कर दी है। जिसमें एडिशनल चीफ इंजीनियर को अध्यक्षता में दो अन्य अधिकारियों को लगाया गया है।

इस पूरे मामले पर कोटा जिला कलेक्टर ओपी बुनकर का कहना है कि राज्य कमेटी की रिपोर्ट पर ही आरयूआईडीपी के अफसरों की लापरवाही तय होगी और इसमें आरयूआईडीपी के अफसरों की लापरवाही सामने आने पर उन्हें भी मुकदमे में नामजद किया जाएगा। हादसे में प्रारंभिक तौर पर तो आरयूआईडीपी कंपनी और कॉन्ट्रेक्टर दोनों की लापरवाही लग रही है। सेफ्टी मेजर्स मौके पर लेने चाहिए थे। जिनका मजदूर उपयोग करते हैं और कांट्रेक्टर लेबर को मजबूर करते हैं कि उनका उपयोग करके ही नीचे उतरें, ऐसे में यह हादसा नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए हुए हैं कि कोई भी लेबर मेनहोल में बिना सेफ्टी मेजर के नहीं उतरेगा नहीं तो मशीन से ही काम होगा फिर भी यह काम किया गया है। इसीलिए निर्माण कंपनी के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करवाई गई है।

एडिशनल चीफ इंजीनियर आरयूआईडीपी आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी आ गई है और जांच करेगी। यह तय करेगी कि आरयूआईडीपी के स्टॉफ की लापरवाही है या नहीं। अगर आपराधिक लापरवाही पाई जाती है, तो उनको मुकदमे में नामजद भी किया जाएगा। नेगलिजेंसी होने पर चार्जशीट दी जाएगी।

जिला कलेक्टर बुनकर का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार तीनों मृतकों के परिवारजनों को 10-10 लाख के चेक बतौर मुआवजा सौंपे गए हैं। हम कोशिश करेंगे कि आरयूआईडीपी की तरफ से भी उन्हें राहत मिले। साथ ही उन्हें कोटा से भेजने की व्यवस्था की है। उनके गांव झाबुआ बॉडी भेजी गई है। साथ ही अंतिम संस्कार के लिए भी 20-20 हजार की सहायता दिलाई गई है, उनका अंतिम संस्कार भी बुधवार को हो गया है। कलेक्टर ओपी बुनकर ने माना है कि घटनास्थल मॉस्क और ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं थे। आरयूआईडीपी के नियम यह है कि 2 घंटे पहले चेंबर को खोलकर उसकी गैस निकलने दी जाए। उसके बाद जलती हुई तीली डाल कर चेक किया जाता है लेकिन ऐसा प्रिकॉशन लेबर ने लिया या नहीं यह जांच का विषय है।

# विवाहिता की इलाज के दौरान मौत

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** स्थानीय जिला अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती महिला की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई है। महिला के पीहर पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक महिला के बेटे शुभम ने बताया कि सोमवार को उसकी मां हेमा बाई पत्नी नरेंद्र जोगी के पेट में दर्द हो गया था। इस पर उसकी मां हेमा बाई ने चूर्ण समझकर जहर खा लिया था, जिससे उसे उल्टियां होने लगी और तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने के बाद मंगलवार को हेमा को परिजनों ने हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया। बुधवार सुबह हेमा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

महिला की मौत की सूचना पर कुड़गांव थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस को सूचना पर मृतक महिला के पीहर पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंचे। पीहर पक्ष के लोगों का आरोप है कि उनकी बेटी हेमा को ससुराल पक्ष के लोगों ने जहर देकर मार दिया है। कुड़गांव थाना एएसआई भवानी सिंह ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। हालांकि अभी परिजनों ने मामला दर्ज नहीं करवाया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# दो कांस्टेबलों की हत्या के मामले में ईनामी बदमाश गिरफ्तार

## जिला पुलिस को मिली सफलता, फायरिंग के आरोपियों को भगाने में की थी मदद

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग के भीलवाड़ा जिले में 10 अप्रैल 2021 को फायरिंग में हुई दो कांस्टेबल की हत्या के मामले में अजमेर जिला पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बुधवार को 25 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने कांस्टेबल की हत्या के आरोपियों को घटनास्थल से भगाने में मदद की थी। मामले में भीलवाड़ा पुलिस ने पूर्व में कार्यवाही करते हुए 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी सिटी सुशील बिश्नोई ने बताया कि अजमेर संभाग के भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी थाना पुलिस ने 10 अप्रैल 2021 को थाने पर दो पिकअप और स्कॉर्पियो में मादक पदार्थ होने की सूचना मिलने पर नाकाबंदी कर स्कॉर्पियो और पिकअप गाड़ी को रुकवाया, जब पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार हो गए। फायरिंग में कॉन्स्टेबल ओंकार रायका



पुलिस ने कांस्टेबलों की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

की गोली लगने से इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए रेंज आईजी और एसपी अधिकारी घटना स्थल पहुंचे और भीलवाड़ा व आसपास के जिलों में नाकाबंदी करवाई गई। उसी दिन रात 2 बजे पुलिस थाना रायला की टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान जब एक पिकअप व स्कॉर्पियो को तेज रफ्तार से जाते हुए देखा तो उन्होंने गाड़ी पीछा करना शुरू कर दिया। थाना रायला के पास बदमाशों ने पुलिस टीम प एक बार फिर फायरिंग की गई। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की गई थी। घटना के दौरान रायला थाने के कांस्टेबल पवन कुमार की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस टीम पर फायरिंग करने के बाद बदमाश डोडा पोस्ट से भरी पिकअप छोड़कर स्कॉर्पियो में फरार हो गए थे। मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अजमेर रेंज आईजी के निर्देश पर विभिन्न टीमों का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

**आरोपी पर 25 हजार रुपए का ईनाम:-** एडिशनल एसपी सुशील बिश्नोई ने बताया कि रेंज आईजी के निर्देश पर मांगलियावास थाना अधिकारी सुनील ताडा और रामगंज थाना अधिकारी सुरजीत सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबीर तंत्र की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए चोखा गांव में दबिश देकर मामले में फरार चल रहे 25 हजार के वांछित बदमाश जिला जोधपुर निवासी विक्रम सारण उर्फ विक्की पुत्र खरताराम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने घटनास्थल से सभी आरोपियों को भगाने में सहयोग किया था। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं चार प्रकरण दर्ज है। एडिशनल एसपी सिटी ने बताया कि पूर्व में 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# तपती गर्मी के बीच पेयजल संकट से लोग परेशान





राजधानी जयपुर में बीसलपुर पेयजल लाइन के रखरखाव कार्य के चलते शहर में बीते दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप है। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट के कारण कच्ची बस्तियों और बाहरी क्षेत्रों में महिलाएं और बच्चें दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर है, ताकि घर में रोजमर्रा उपयोग के पानी की जरूरत पूरी हो सके। फोटो-राष्ट्रदूत

## अवैध गोदाम और फैक्ट्री को जेडीए ने ध्वस्त किया

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को जयपुर-दिल्ली बाइपास और सांगानेर में मदरामपुरा के पास कार्रवाई करके अवैध तरीके से बन रहे गोदाम, दुकान और फैक्ट्री को ध्वस्त किया। इसके अलावा टीम ने डिग्गी-मालपुरा रोड पर अवैध तरीके से कॉलोनी बसाने के लिए किए गए निर्माण को भी हटाया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि पहली कार्रवाई दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस हाइवे पर गांव दौलतपुरा में की। यहां कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति बिना भू-रूपान्तरण करवाए करीब 60 बाई 75 में कॉमर्शियल उपयोग के लिए गोदाम और दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। इस पर 2 जून को निर्माणकर्ता को नोटिस जारी करके निर्माण रोकने और अवैध निर्माण हटाने के लिए कहा था, लेकिन मनमानी नहीं थमने पर आज कार्रवाई की।

# जयपुर में स्मैक बेचने वाले दो तस्कर दबोचे

- **स्पेशल पुलिस टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर और श्याम नगर में की कार्रवाई**

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की सी.एस.टी. टीम ने बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर और श्याम नगर थाना इलाके में दो बदमाशों को स्मैक की सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से स्मैक और स्मैक से कमाई हुई नगदी बरामद की।

एडिशनल डीसीपी क्राइम सुलेश चौधरी ने बताया कि शहर में स्मैक की सप्लाई करने वाले दो बदमाशों की जानकारी सीएसटी की टीम को लगी। इस टीम के द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर और श्याम नगर थाना इलाके में ऑपरेशन के लिए टीम भेजी गई। टीम ने थाना ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर दानिश कुरेशी उर्फ अनीस को गिरफ्तार कर कब्जे से 1.20 ग्राम स्मैक बरामद की। वहीं, श्याम नगर में अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर दिनेश वैष्णव को गिरफ्तार कर कब्जे से 1.93 ग्राम स्मैक बरामद की। ये बदमाश अवैध मादक स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर शहर व आसपास रहने स्कूल कॉलेज के छात्रों को यह सप्लाई किया करते थे। गिरफ्तारी आरोपित दानिश कुरेशी उर्फ अनीस पुत्र मोहम्मद सलीम मूलतः आमागढ़ जयपुर का निवासी है। आरोपी स्वयं स्मैक पीने का आदि है। आरोपी अवैध मादक पदार्थ स्मैक अपने बड़े भाई शकीर से मंगवाने के लिये 6000 रुपये नकद दिया था। आरोपी अपने भाई से एक बार 2-3 ग्राम स्मैक मंगवाता है, जिसमें से कुछ स्वयं के पीने के लिये रखता है और शेष स्मैक को अपना खर्चा चलाने के लिये पुडिया बनाकर आस-पास के ग्राहकों को बेच देता है।आरोपी दानिश कुरेशी उर्फ अनीस का बड़ा भाई शाकिर खो नागोरियान क्षेत्र में किराये के मकान में निवास करता है और वहा पर घूम फिर कर स्मैक बेचता है।आरोपी दिनेश वैष्णव पुत्र नाथूलाल मूलतः दूदू जयपुर ग्रामीण का निवासी है आरोपी अवैध मादक पदार्थ स्मैक जयपुर से ही अज्ञात व्यक्ति से खरीदना बताया और अपनी बाइक से घूम-घूम कर सप्लाई करना बताया।

## संक्षिप्त

### पक्षियों के लिए 3101 परिंडे लगाये

**जयपुर** (कासं)। दक्षिवा वैलफेयर फाउण्डेशन के परिण्डे लगाने के कार्यक्रम में महाराणा प्रताप जयन्ती एवं पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में 3101 परिण्डे लगाये गये तथा वितरित किये गये। यह कार्यक्रम एपसिनो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से सम्पन्न करवाया गया जो कि कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी के अन्तर्गत आयोजित किया गया था।
फाउण्डेशन के डायरेक्टर पवन गुप्ता व आषा गुप्ता ने बताया कि गर्मियों में पानी ही सबसे बड़ा अमृत होता है। पानी के अभाव में जीव जन्तु व पक्षियों की जान तक चली जाती है। इनकी जान बचाने व इनको पानी मुहैया करवाने के उद्देश्य से पानी के परिण्डे लगाये गये हैं। हम हर साल इस प्रकार परिण्डे लगाकर इस पुनीत कार्य को अंजाम देते हैं। परिण्डे कई सामाजिक लोगों, संस्थाओं, स्काउट व स्वयंसेवी लोगों के साथ मिलकर लगाये गये हैं।

### गुण्डा एक्ट में एक अपराधी तडीपार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे राजस्थान गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को (तडीपार) जिला बदर किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि विभिन्न अपराधों को अंजाम देकर समाज में भय और आतंक का माहौल निर्मित करने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के खिलाफ जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते पूर्व जिले में कार्रवाई करते हुए 40 वर्षीय बबलू निवासी श्योपुर मध्य प्रदेश हाल जगतपुरा जवाहर सर्किल जयपुर को 01 माह के लिए जिला जयपुर से जिला कोटा निष्कासित किया गया है। अपराधी को निष्कासित किये गये स्थान पर रहना होगा तथा संबंधित थाने में समय-समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। समय अवधि पूर्ण होने से पूर्व बिना अनुमति जिला जयपुर की सीमाओं के किसी भाग में प्रवेश नहीं करेंगा।

### पुलिस ने दबोचे दो शातिर नकबजन

**जयपुर** (कासं)। भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने दो शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया आरोपित राहुल गुर्जर (20) निवासी शिवजी नगर कच्ची बस्ती और राहुल हरिजन (20) निवासी चांदमारी कच्ची बस्ती, भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से माल बरामदगी के लिए पूछताछ जारी है। वहीं बजाज नगर थाना पुलिस ने दो चेन स्नेचर को गिरफ्तार किया है। एसआई राम विश्नोई ने बताया गिरफ्तार आरोपित सैफ अली खान (23) और आदिल खान (28) बरकत कॉलोनी, जालूपुरा के रहने वाले हैं। आरोपी इलाके स्थित सरस डेयरी पुलिया के पास ई-रिक्शा सवार महिला की सोने की चेन तोड़ फरार हो गए थे, जिन्हें गिरफ्तार कर चेन बरामद कर ली गई है।

### दो स्मैकची पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर**। हरमाड़ा थाना पुलिस ने दो स्मैकची को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से ट्रक की बैटरी बरामद की है। जांच-अधिकारी हैडकांस्टेबल रामनिवास ने बताया गिरफ्तार आरोपित अनुराग जांगिड़ उर्फ़ कालू (22) श्याम वाटिका कॉलोनी और शाहरुख़ (26) पार्वती नगर, हरमाड़ा के रहने वाले हैं। आरोपित स्मैकची है, जो नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदातें करते हैं।

# प्रदेश में खाद्य पदार्थों के 817 सैंपल लिए

## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत कार्रवाई

- **खाद्य विभाग का दावा है कि एक दिन में 817 नमूने लेना सर्वाधिक रिकॉर्ड है**
- **यह सैंपल्स दूध व दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों व कोल्ड ड्रिंक के लिए गए हैं**

**जयपुर**। 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा ने मिलावट की पहचान करने के लिए विशेष अभियान चलाकर एक ही दिन अब तक सर्वाधिक 817 नमूने एकत्र किए।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण शिव प्रसाद नकाते के निर्देशन में की गई यह कार्रवाई प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी है, जब एक ही दिन में खाद्य पदार्थों के इतनी बड़ी मात्रा में नमूने लिए गये हो। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण ने बताया की शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा दिवस पर विशेष अभियान के तहत दूध एवं दूध से निर्मित एवं बेवरेजेस जैसे कोल्ड ड्रिंक इत्यादि के प्रदेश भर में कुल 817 सैंपल लिए गए।

उन्होंने बताया कि मिलावटखोरी को रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में जहां खाद्य पदार्थों के 6439, 2022 में 14029, एक जनवरी से 31 मई 2023 तक 11066 नमूने लिए गए। वही बुधवार को एक ही दिन में 817 नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में 99651 तथा 2022 में लगभग दुगने 187570 लाइसेंस एवम् रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा किए गए। इसी प्रकार वर्ष 2021 में 1.18 करोड़ एवं वर्ष 2022 में 8.34 करोड़ की शास्ती मिलावटखोरों से विभाग ने वसूली।

मुखबिर योजना में मिलावट की सूचना देने वालों को 51 हजार रुपए तक का इनाम सरकार द्वारा दिया जाता है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की मिलावट की सूचना 181 पर काल करके या ज़िला कलेक्टर को दे।

## मूंग उत्पादकों से भेदभाव कर रही सरकार : जाट

**जयपुर** (कासं)। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने केंद्र सरकार पर मूंग उत्पादक किसानों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की लागत के अनुसार मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 10,720 रुपए प्रति क्विंटल होना चाहिए था लेकिन इस वर्ष इसे 8,558 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में मूंग पर 803 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है, जो इस वर्ष की अन्य उपजों की तुलना में सबसे अधिक है। इस बढ़ोतरी का लाभ किसानों को तभी प्राप्त हो सकता है,जब मूंग के दाने-दाने की खरीद गेहूं और धान की तरह हो। वर्तमान में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत मूंग के कुल उत्पादन में से 75 फीसदी उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य की परिधि से बाहर है। इस योजना के तहत मूंग के कुल उत्पादन में से 25 फीसदी से अधिक की खरीद प्रतिबंधित है जिसके चलते मूंग उत्पादक किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। देश के कुल उत्पादन में से आधा उत्पादन करने वाला राजस्थान इससे वंचित रहेगा। उन्होंने कहा कि यह भेदभाव समाप्त होने पर ही मूंग उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन मिल पाएगा।

# मंत्रालयिक एकता मंच की सरकार को चेतावनी

## सरकार मंत्रालयिक महासंघ से वार्ता करे अन्यथा एकता मंच भी करेगा हड़ताल

- **शहीद स्मारक पर मंत्रालयिककर्मियों का 85वें दिन भी क्रमिक अनशन जारी रहा**
- **कोर कमेटी सदस्य राजेश पारीक ने कहा कि कोई भी स्थिति हो, लेकिन मंत्रालयिककर्मियों का दमन नहीं करने दिया जाएगा**

**जयपुर** (कासं)। मंत्रालयिक एकता मंच ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि वह आंदोलनरत मंत्रालयिक महासंघ से शीघ्र वार्ता करे अन्यथा एकता मंच भी हड़ताल करेगा।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि राजस्थान में मंत्रालयिक कर्मचारियों के आंदोलन की सरकार द्वारा उपेक्षा किए जाने के कारण आज मंत्रालयिक एकता मंच की आपात बैठक आयोजित की गई।

कोर कमेटी सदस्य राजेश पारीक ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि कोई भी स्थिति हो मंत्रालयिक कर्मचारियों का दमन नहीं करने दिया जाएगा। भले ही हम अलग-अलग बैनर और मांग पत्र पर लड़ रहे हैं, पर प्रदेश का कर्मचारी एक है। यह अलग बात है कि मंत्रालयिक महासंघ द्वारा अलग से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रालयिक एकता मंच सरकार को चेतावनी देता है कि मंत्रालयिक महासंघ से शीघ्र वार्ता करें अन्यथा एकता मंच द्वारा भी हड़ताल का आव्हान किया जाएगा।

उधर, मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से शहीद स्मारक पर 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में बुधवार को 85 वे दिन क्रमिक अनशन जारी रहा। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के रवि शंकर भट्ट के नेतृत्व में राजेंद्र वर्मा, जगदीश प्रसाद वर्मा, राम प्रकाश मीणा, रेवड़ मल मीणा एवं धर्मेन्द्र सैन भी क्रमिक अनशन पर बैठे रहे।

# झोटवाड़ा में डिस्पेंसरी के लिए भूमि आवंटित



**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को डिस्पेंसरी या अस्पताल बनाने के लिए ग्रेटर नगर निगम ने 1100 वर्गगज जमीन आवंटित की है। कांग्रेस पार्षद लादुराम दुलारिया के प्रयासों पर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त महेन्द्र सोनी ने यह जमीन आवंटित की है। बुधवार को महापौर ने यह आवंटन पत्र पार्षद लादुराम को सौंपा। चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार चौधरी ने इस डिस्पेंसरी के लिए प्रस्ताव तैयार कर भिजवाया था।

# जयपुर डेयरी ने लॉन्च की 'सरस आईसक्रीम'




**जयपुर** (कासं)। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरैशन की प्रशासक और प्रबंधक संचालक सुषमा अरोडा ने जयपुर डेयरी द्वारा उत्पादित सरस आईसक्रीम को लांच करते हुए कहा कि सरस की गुणवत्ता ही उसकी पहचान है और सहकारी डेयरियों को प्रतिस्पर्धा के इस युग में सरस उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को भी उत्पाद खरीदते समय उसकी कीमत और गुणवत्ता का आंकलन अवश्य करना चाहिए। इस सबको ध्यान में रखते हुए जयपुर डेयरी द्वारा सरस ब्रांण्ड की उच्च गुणवत्तायुक्त क्रीम वेस्ड आइसक्रीम अपेक्षाकृत बहुत ही सस्ते दामों पर उपलब्ध कराई जाएगी।

जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया ने कहा कि गर्मी के मौसम में जयपुर शहर के उपभोक्ताओं की मांग को ध्यान में रखते हुए 15 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता के प्लान्ट में सरस आईसक्रीम का उत्पादन शुरु किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की आम उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए सस्ते दाम और उच्च गुणवत्ता की वजह से सरस आईसक्रीम बहुत जल्दी उपभोक्ताओं में लोकप्रिय होगी।

## स्मार्टसिटी सीईओ ने परकोटा घूमकर देखे प्रोजेक्ट्स

**जयपुर** (कासं)। जयपुर स्मार्टसिटी के सी.ई.ओ. और हैरिटेज नगर निगम के कमिश्नर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बुधवार को तमाम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक ली। पहले उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों की बैठक बुलाकर तमाम प्रोजेक्ट्स की सिलसिलेवार रिपोर्ट ली। उन्होंने सभी विकास कार्य तय समय से पूर्व ही गुणवत्ता के साथ पूरा करने को कहा। इसके बाद राजेन्द्र सिंह ने परकोटे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, चौगान स्टेडियम, मल्टीलेवल पार्किंग, एस.टी.पी. तालकटोरा परियोजना और पॉन्ड्रिक उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि देशभर में विकसित की जा रही 100 स्मार्टसिटी में जयपुर का फिलहाल 11वां स्थान है, इसे ऊपर ले जाएंगे।

# इन्सोलेशन एनर्जी लि. को ग्रीन ग्लोब अवार्ड

## 'एक्सीलेंस इन रिन्यूएबल एनर्जी सोलर' में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला अवार्ड



केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन मनीष गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन,जनरल मैनेजर सेल्स अजय शर्मा व मार्केटिंग हेड देवेश खंडेलवाल को पुरस्कृत किया।

**जयपुर**। राजस्थान की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड को आई आई टी दिल्ली में ग्रीन ग्लोब अवार्ड सेरेमनी 2023 में एक्सीलेंस इन रिन्यूएबल एनर्जी सोलर का अवार्ड दिया गया।

यह अवार्ड ग्रुप के चेयरमैन मनीष गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन,जनरल मैनेजर सेल्स अजय शर्मा एवं मार्केटिंग हेड देवेश खंडेलवाल को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदान किया गया। कंपनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता ने इस अवार्ड के लिए इन्सोलेशन परिवार एवं अपने सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं डीलर्स को आभार व्यक्त किय। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन ने बताया की आईएनए सोलर विभिन्न आकारों में उच्च दक्षता के सोलर पैनल, बैटरी और इनवर्टर के निर्माण का व्यवसाय करती हैं। फैक्ट्री में सभी उत्पादों को पूरी तरह से स्वचालित और नवीनतम एम-10, जी-12 तकनीक और टॉप कोन मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के साथ अनुभवी इंजीनियरों की देखरेख में सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ निर्मित किया जा रहा है और साथ ही उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों बीआईएस द्वारा मान्यता प्राप्त है। और साथ ये भी बताया गया की कंपनी देश की विभिन्न योजनाओ जैसे जल जीवन मिशन, कुसुम रेसिडेंटइल रूफ टॉप सोलर, बीएसएनएल एवं सोलर पार्क में अपनी भागीदारी डिस्ट्रीब्यूटर-डीलर्स के माध्यम से बढाएगी तथा विश्वस्तरीय प्रोडक्ट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में प्रवेश करेगी। कंपनी की दोनों इकाइयों की संयुक्त उत्पादन क्षमता सालाना 700 मेगावाट है। आगामी वर्षो में इसकी निर्माण क्षमता 1200 मेगावाट बढ़ाई जाएगी, साथ ही 600 मेगावाट सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग की यूनिट लगाएंगे।

# समय पर बारदाना आपूर्ति न होने से किसान हो रहे हैं प्रभावित : आंजना



सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बुधवार को सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

- **'नैफेड को बारदाना की त्वरित आपूर्ति के लिए निर्देशित करे केन्द्र सरकार'**

**जयपुर**। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना की खरीद 1 अप्रेल से हो रही है। 6 जून, 2023 तक 1 लाख 42 हजार 785 किसानों से 3.47 लाख मीट्रिक टन चना एवं सरसों की खरीद की गई है। जिसकी राशि 1 हजार 873 करोड़ रूपये है। किसानों को 1 हजार 117 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

आंजना बुधवार को सचिवालय में विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे उन्होंने कहा कि करीब एक माह से नैफेड द्वारा मांग के अनुसार देरी से बारदाना राजफैड को उपलब्ध कराने से किसानों से खरीद प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि राजफैड द्वारा नैफेड को सरसों के करीब 63 लाख बारदाने तथा 57 लाख 49 हजार चना के बारदाने की मांग की गई है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा इस संबंध में नैफेड को दो बार लिखा जा चुका है। उन्होंने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि नैफेड को बारदाना शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजफैड के पास करीब 22 लाख बारदाना उपलब्ध है, लेकिन इसके उपयोग की अनुमति भी नैफेड द्वारा नही दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी केन्द्र सरकार को पत्र लिखेंगे।

आंजना ने कहा कि अन्नपूर्णा योजना का लाभ शीघ्र ही लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरे स्तर से टेंडर का अनुमोदन कर दिया गया है और शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि नैफेड के अधिकारियों से लगातार संपर्क में है और बारदाने की आपूर्ति अब तेजी से होने लगी है। प्रबंध निदेशक राजफैड ने कहा कि बाजार में भी सरसों एवं चना के भाव समर्थन मूल्य से कम होने के कारण किसान अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर बेचना चाह रहे है और प्रतिदिन 2 से 3 हजार पंजीयन हो रहे है। उन्होंने कहा कि नैफेड को 35 लाख बारदाने की मांग और भेजी जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री बजट घोषणा, अपेक्स बैंक में डीपीसी, ऋण वितरण सहित अन्य बिदुंओं पर चर्चा की गई। बैठक में रजिस्ट्रार सहकारिता मेघराज सिंह रतनू, संयुक्त शासन सचिव नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक तिलम संघ अरविन्द मिश्रा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रथम राजीव लोचन शर्मा, प्रबंध निदेशक अपेक्स बैंक भोमाराम समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## संजीवनी, आदर्श व नवजीवन सोसायटी मामले में चर्चा

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान शांति और सद्भाव का प्रतीक है। यहा का वातावरण भयमुक्त बना रहे, साम्प्रदायिक तनाव न हो, अफवाओं पर अंकुश लगे तथा कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे, इसके लिए राजस्थान पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर संतोष जताते हुए कहा कि राजस्थान पुलिस अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा सजग एवं संवेदनशील है।

गहलोत बुधवार को पुलिस मुख्यालय पर आयोजित कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी घोटाले के अलावा आदर्श, नवजीवन तथा अन्य सोसाइटियों के मामलों में हुई कार्रवाई का फीडबैक लिया। अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं तथा अन्य मामलों में जांच जारी है। गहलोत ने कहा कि ठगी करने वाली ऐसी सोसाइटियों की सम्पत्तियां कुर्क होनी चाहिए तथा भविष्य में ऐसी सोसाइटियों पर अंकुश लगाने की कार्रवाई भी होनी चाहिए। राज्य पुलिस ने केन्द्रीय प्रवर्तन निदेशालय से इन मामलों में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। सीएम ने साइबर अपराध व ऑनलाइन धोखाधड़ी से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए जन-जागृति करने को कहा।

# परिवहन सचिव से मिले बस ऑपरेटर यूनियन के प्रतिनिधि

**जयपुर** (कासं)। बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को परिवहन सचिव आनंद कुमार से मुलाकात की और अपनी तमाम समस्याओं की जानकारी देते हुए निराकरण की मांग रखी। साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर सरकार ने हमारी 11 सूत्री मांगें नहीं मानी तो 12 जून को प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जायेगा।

बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सतनारायण साहू और महासचिव रवि प्रकाश सैनी ने बताया कि परिवहन सचिव आनंद कुमार को हमारी मांगों से अवगत करवा दिया है। पूर्व में विभाग द्वारा लोक परिवहन सेवा के लिए निजी बस मालिकों को अनुज्ञा पत्र जारी करने के लिए 425 मार्गो की सूची जारी की थी, जिसको विभाग द्वारा 1300 से परमिट जारी करके मार्गो को शून्य कर दिया गया है। इसलिए 425 मार्गो में से 1300 बसों के जारी किए गए अनुज्ञा पत्रों को निकालने के बाद जो अनुज्ञा पत्र जारी नहीं हो सके, उन मार्गों पर तथा जो अनुज्ञा पत्र रिनिवल नहीं हुए व सरेंडर कर दिए गए, उनके स्थान पर नए परमिट व नए अनुज्ञा पत्र जारी करने की मांग प्रमुख है। इससे राज्य सरकार को भी राजस्व मिलेगा व प्रदेश की जनता को सुलभ यातायात मुहैया होगा।

# पंच कुंडीय यज्ञ 11 जून को

**जयपुर**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की ओर से रविवार 11 जून को सुबह 8:00 बजे से रोड नंबर एक खेड़ा महापुरा मुरलीपुरा के श्री बालाजी धाम में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

बुधवार को मंदिर पूजा अर्चना कर देवों को निमंत्रित किया गया। मंदिर के पुजारी रामदास महाराज ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम संयोजक मनोज पारीक ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली यज्ञ संपन्न कराएगी। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण के लिए आयोजित इस महायज्ञ सभी को आहुतियां अर्पित करने का अवसर प्राप्त होगा यज्ञ की पूर्व संध्या पर 10 जून शनिवार को सुबह प्रभातफेरी निकाली जाएगी तथा शाम को महाआरती होगी।

## 'आर.टी.डी.सी. में भी मिलेगी ओल्ड पेंशन स्कीम'

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आर.टी.डी.सी.) के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई बजट घोषणा की अनुपालना में अब आरटीडीसी के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भी ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिल सकेगा। इस संबंध में बुधवार को पर्यटन भवन में आयोजित आरटीडीसी बोर्ड की 192वीं बैठक में अनुमोदन किया गया।

धर्मेन्द्र राठौड़ ने कहा कि निगम प्रबन्धन प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा आरटीडीसी की होटल इकाइयां एवं पैलेस ऑन व्हील्स मुनाफे के साथ संचालित हो रही है। प्रतिस्पर्धा के दौर में निजी होटल के समान स्तर के लिए 10 आरटीडीसी होटल इकाइयों में जीर्णोद्धार एवं उन्नयन के कार्य प्रगतिरत है।

बैठक में बोर्ड के सदस्य के तौर पर प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, गायत्री राठौड़, प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम विजयपाल सिंह, प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम नथमल डिडेल के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## World Oceans Day

66% of the world is covered in a blanket of rich, vibrant blue, from its depths once came all life on the Earth, and it continues to house an immense amount of life. This blanket is the world's oceans, and they serve as one of the most popular vacation spots in the world and play a vital role in the economy of countries worldwide. It still serves as the primary thoroughfare for trade. World Oceans Day celebrates the ocean and the important role it plays in our lives.



On the morning of 25 November 1972, while taking off from Pune, the engine of his MiG-21 FL aircraft failed. A school located close to the Air Force station still commemorates that day with a silent prayer in remembrance of Gautam, as he is believed to have steered the stricken MiG-21 away from the school where it was directly headed for impact. In the process, he lost critical seconds that would have facilitated an ejection, since this version of MiG had an ejection seat which could operate only above a height of 300 meters.

# The 'Mahavir' Ace Bomber

## Padmanabha Gautam



Maj Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)




Wg Cdr Padmanabha Gautam MVC (Bar), VM.



Wing Commander Padamanabha Gautam in his early days as a young IAF Pilot.



Wing Commander Padmanabha Gautam (encircled), the Commanding Officer of 16 Squadron during the 1971 war, made it a point to engage with all his aircrew on issues such as courage, bravery and fear. Everyone in the Black Cobras knew who would be the one to fly the riskiest missions and that leadership under fire would never be an issue.

Wing Commander Padmanabha Gautam one of only six officers to have been decorated with the Maha Vir Chakra twice was born in Chennai on 23 July 1933 and grew up in Indore, where both his parents were academicians. His father Mr Neelkanta Padmanabha taught Physics and was later the Principal of Ahalyabai Holkar College.

Theirs is a unique family as all three brothers joined the Indian Air Force and served the country with distinction. While Padmanabha Gautam was a legendary Bomber Pilot, his two younger brothers, Wing Commander P Ashoka and Wing Commander Ajith were part of the much-coveted group of Test Pilots in the IAF.

Gautam was initially home-schooled till the age of 12 and then went on to complete his education from Holkar College Indore. He joined the Third Course at the Joint Services Wing (JSW), the predecessor of the NDA, which was in Clement Town, Dehra Dun at that time.

After JSW he trained as a pilot at Begumpet, with the 60th Pilots' Course, and was commissioned on 01 April in 1953. His first spells of Squadron Service were with a Spitfire Squadron, in Halwara in Ludhiana, Punjab; and then with a Toofani Squadron.

In 1956 he was selected for the Flying Instructors' School. During 1957-58, he was an Instructor at the Air Force Flying College in Jodhpur, instructing on Harvard aircraft. In 1958 he converted to the Canberra, at the Jet Bomber Conversion Unit (JBCU), in Agra.

### Commendable Courage

As a Flight Lieutenant in No 5 'Tuskers' Squadron Padmanabha Gautam was in the first batch of Indian Expeditionary Forces deputed to Congo in 1961, operating with the Canberra Unit. On 6th of December 1961, he was ordered to attack Kolwezi airfield in Katanga. Despite extreme adverse weather conditions and heavy enemy opposition, he courageously and successfully carried out several attacks on the airfield and completely destroyed the aircraft which was harassing UN ground forces. He also shot up tires of the Katangese aircraft on the ground and neutralised other installations around it. Flight Lieutenant Gautam also carried out several other successful missions or Elizabethville in close support of

## #BRAVERY

the ground forces operating against Katangese. Throughout the operations, Flight Lieutenant Gautam displayed commendable courage and devotion to duty in the face of enemy. This is where he was awarded the Vayu Sena Medal.

On his return Squadron Leader Gautam was posted as the Commanding Officer of the Jet Bomber Conversion Unit in Agra to pass on his unique skills of flying the Canberra to aspiring bomber pilots. However, during this tenure, he was called upon to participate in the Indo-Pak war of 1965.

During the war, he led raids on Peshawar as the lead aircraft, marking the target with Target Indicating bombs and incendiary flares. In such missions, it was the pathfinders that indicated the targets. Success or failure depended a great deal on the accuracy of the pathfinder. Their job was difficult and unenviable flying at the extremities of the aircraft's radius of action. Heading much in front of other bombers, these Canberra's were specialists. They marked out the way to the target and the target as well. Six aircraft flew all the way to bomb Peshawar airfield successfully. All the six returned without loss, in spite of being intercept by Pakistani Starfighters carrying missiles.

Throughout the war he was given a number of challenging and dangerous missions within the enemy territory on short notice when combat first started. Between 06 and 21 September 1965, he conducted six offensive, tactical and close support missions deep into enemy territory, despite intense ground fire and the presence of Pakistani Sabres. These missions included reconnaissance into enemy territory, destroying the airfields at Akwal and Gujarat, and strafing enemy concentration in the Gujarat and Chawinda regions. He was awarded the Maha Vir Chakra for exhibiting extraordinary bravery, determination, and devotion to duty.

In 1968, on completion of his tenure as the Commanding Officer of the Bomber Conversion Training Unit, Gautam was posted to Iraq, as part of the Indian Training Team. In this tenure, he trained Iraqi pilots in fly the MiG-15, and MiG-17. An emergency during a training flight caused a forced landing on the runway. True to form, Gautam displayed exemplary skill and presence of mind saving two precious lives as well as an expensive aircraft of the Iraqi Air Force. He was commended by the Iraqi Air Force for this act.

After his return from Iraq in 1969, he took over No16 Squadron - 'The Black Cobras', based at Gorakhpur, operating the Canberra Bomber. Gautam made the Black Cobras a formidable unit as war clouds loomed on the horizon. As per Air Vice Marshall Arjun Subramaniam; "Gautam created pilot-navigator teams that commenced training as early as March 1971. Choosing abandoned WW-II airfields in Uttar Pradesh, Bihar and West Bengal as simulated targets, the Squadron perfected the art of low-level ingress at night into hostile territory at 500 feet, popping up to 7,000 feet for weapon delivery, which comprised 8X1000 lb bombs, and then diving down to 300-500 feet for the perilous return leg home. Being the senior-most among the commanding officers of the three Canberra squadrons, he was often called to Allahabad, the HQ of Central Air Command, where all mission planning was done".

> In this tenure, he trained Iraqi pilots in fly the MiG-15, and MiG-17. An emergency during a training flight caused a forced landing on the runway. True to form, Gautam displayed exemplary skill and presence of mind saving two precious lives as well as an expensive aircraft of the Iraqi Air Force.






Corgi Canberra.

### Extreme Experiences

In December 1971, the Squadron was deployed to undertake bombing missions under "Operation Cactus Lilly". Wing Commander Gautam led six missions during Operation Cactus Lilly,' from 03 December to 15 December 1971, carrying out three missions over West Pakistan and three missions over East Pakistan.

Wing Commander Gautam's first mission was on 03-04 December 1971 morning over Mianwali. He took off from Gorakhpur and landed at Ambala, where the aircraft was to be loaded with special bombs. Though it was planned to attack the runway at the airfield with 'Y' plan bombs but these could not be made ready, the aircraft was therefore loaded with conventional 8 x 1000 bombs to be dropped from 7000 feet. They returned to Gorakhpur after refueling at Ambala after a successful completion of the mission.

The second mission on the Western Sector by him and Squadron Leader Dutta was also to Mianwali on 04-05 December 1971. Unlike the previous night, the special bombs under 'Y' plan were prepared and loaded in time for the mission. They undertook the mission and found themselves facing heavy fire from anti-aircraft guns. They dived to 100 to 200 feet to fly parallel over the runway and release these special bombs. The only light visible was the ack-ack tracers which illuminated the runway. They had to fly under the arcs of the ack-ack along the runway. The heavy fire did not deter Wing Commander Gautam and Squadron Leader Dutta in adhering to the plan and releasing the special bombs which spread jelly filled spike bombs that were innovative runway denial weapons over the runway at this important air field, affecting PAF operations the next day.

> Wing Commander Gautam's third mission over West Pakistan was an interdiction mission over Raiwind Rail marshalling yard South of Lahore. They did the first run over the yard with rockets and three subsequent runs with 20 mm front guns. Heavy ack-ack fire was experienced during these runs, but they came back unscathed.

While they were flying low over the runway, the ack-acks were firing just above the; aircraft, almost at the same height as the aircraft. It was providence that the guns failed to score a hit on their aircraft. During the post-flight debriefing, Wing Commander Gautam said that the risk level experienced in the final stages in such sorties was extreme.

### A Bombing Mission

Nevertheless, in the annals of the Indian Air Force, Wing Commander Gautam and Squadron Leader Dutta's mission on the 04 December 1971 over Mianwali, operating at 100 feet, being exposed to tremendous risk, stands as an exceptional act of bravery, highly skillful flying and navigation at low level.

Wing Commander Gautam's third mission over West Pakistan was an interdiction mission over Raiwind Rail marshalling yard South of Lahore. They did the first run over the yard with rockets and three subsequent runs with 20 mm front guns. Heavy ack-ack fire was experienced during these runs, but they came back unscathed.

The subsequent three missions were flown over East Pakistan. Out of these, the first on 11 December, was a daytime attack as a single aircraft over an Army concentration near the West bank of river Sitalakha, East of Dhaka.

The fifth mission of Gautam and Dutta was also over East Pakistan on the 13 December. It was a bombing mission over Tezgaon, Dhaka's well-defended military-cum-civil air base. This mission was carried from Gorakhpur.

The sixth mission flown by this crew was the last mission of the war, flying on 15 December they bombed Kurmitola Airfield at Dhaka. Though they were to bomb the airfield from 7000 feet, but because of the cloud cover up to 4900 feet, they descended below the clouds and released the bombs over the airfield. In this three aircraft raid, the last aircraft flown by Fight Lieutenant Brian Wilson and Flight Lieutenant R B Mehta was lost to ground fire over Dacca.

KK Dutta and Gautam were an inseparable pilot-navigator pair and the former was decorated with a Vir Chakra.

### An Inspiration

Wing Commander Padmanabha Gautam was awarded a Bar to Maha Vir Chakra for his gallantry during the 1971 Operations for his inspirational leadership while carrying out many hazardous missions, devotion to duty, professional skills and courage in the finest traditions of the Air Force.

On completing his tenure at No. 16 Squadron, in 1972, Wing Commander Padmanabha Gautam was posted as Chief Operating Officer (COO) of No4 Wing, Pune. During his tenure as COO, he converted to fly the famous MiG-21, which had given a creditable performance in the 1971 operations.

On the morning of 25 November 1972, while taking off from Pune, the engine of his MiG-21 FL aircraft failed. A school located close to the Air Force station still commemorates that day with a silent prayer in remembrance of Gautam, as he is believed to have steered the stricken MiG-21 away from the school where it was directly headed for impact. In the process, he lost critical seconds that would have facilitated an ejection, since this version of MiG had an ejection seat which could operate only above a height of 300 meters.

Gautam's courage and selflessness had followed him from the war zone and he will remain an inspiration for future generations of the IAF His aircraft crashed into rocks and burst into flames engulfing one of the greatest heroes of the IAF, leading to his untimely demise.

The Air Force had tragically lost one of its bravest fighters, Wing Commander Padmanabha Gautam, was a personification of the qualities of a very able leader, professionally competent pilot, and an exemplary human and left an indelible mark that has been difficult to emulate.

writetoarbit@rashtradoot.com



Corgi Canberra and Wing Commander Padmanabha Gautam.



## #SCIENCE

### Oldest Known Complex Organic Molecules

Observing the galaxy as it was 1.5 billion years after the big bang.

An international team of astronomers have used the James Webb Space Telescope to detect organic molecules in the most distant part of the universe to date using the James Webb Space Telescope. The kind of molecules discovered are abundant on Earth in the form of smoke, soot and smog.

The researchers used the Webb telescope to find organic molecules in a galaxy that is more than 12 billion light years away, according to the University of Texas A&M. Since the galaxy is that far, it means that the light took 12 billion years to reach the telescope. This means that astronomers are observing the galaxy as it was at the time-when the



universe was less than 1.5 billion years old.

Apart from the impressive prowess of the Webb telescope, the researchers also got a little help from a phenomenon called gravitational lensing. When you are observing a distant cosmic object, if there is a massive galaxy in between that and you, the foreground galaxy will bend and distort the light from behind it, effectively creating a lens that will allow you to see the distant object better.

In this particular case, the light from the background galaxy is stretched and magnified into a round-ish shape known as an Einstein ring. Albert Einstein originally predicted the phenomenon of gravitational lensing in his theory of relativity.

In the data from Webb, researchers found the signature indicating the presence of large organic molecules like that found in smog and smoke.

"These big molecules are actually pretty common in space. Astronomers used to think they were a good sign that new stars were forming," said Justin Spilker, lead author of the article.

But the new research shows that this idea may not always be true, according Spilker. In the high-definition images from Webb, the researchers saw a lot of regions with "smoke," but no star formation and others with news stars forming but no smoke.



## #GET-TOGETHER

It was an evening replete with jungle adventures at Rashtradoot as Sunayan Sharma, the well-known forester and author regaled the audience with his stories of the jungle



Sunayan Sharma in conversation with Shailaza Singh.

# A Rendezvous with the Jungle Man



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*



It was a lively session at Rashtradoot with Sunayan Sharma, the famous forester and author, regaling stories about the jungle which involved heroic escapades from the tiger and many more. The awestruck audience could not have enough of these stories as they kept asking questions about his exploits and adventures.

This session wasn't about politics or administrative intelligence. It was about that which lies beyond the concrete jungles and away from the human world's humdrum. The guests who attended the session sat entranced as Sunayan Sharma talked about his days and his life as a forest officer.

Till recently, Sunayan Sharma was a part of the Sariska Tiger Foundation, the NGO that deals with disputes between the stake holders and the forest department. He talked about how he and his team helped in resettling the Bavaria community who was primarily responsible for the decimation of the tigers in 2004 and helped them to get into the main stream.




A lot of people asked him about how he dealt with cattle encroachment, a rampant issue which endangers the life of humans and animals alike in Sariska. He said that he had to always make the tough choice between appeasing the politicians and the people or protecting the jungle. He talked about how he erected a wall at the Siliberi Umri valley which attracted the ire of the villagers. He said that many a times his staff and he had to face the wrath of the people. He said that protecting the jungles in today's times of increasing population, burgeoning land demand is indeed a tough proposition. This session was also attended by a lot of youngsters and children who were curious about the prospects of a career as a forester. For them, it was a more interesting and refreshing change from the usual careers like engineering or medicine.

Many people in the audience who had worked with Sunayan Sharma talked about his commitment to the cause of the jungle. Many of them had read his books which they said helped them to understand the real problems of the jungle and how he managed to tackle them. All said and done, this was an evening where the jungle and its stories came alive for everyone.











Photos by Zakir Hussain

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# तालाब में नहाने उतरे दो मासूम डूबे, दोनों की मौत

## खेलते-खेलते एवं नाडी में नहाने के लिए उतर गए थे

**जोधपुर, (कासं)।** घर से कुछ ही दूर स्थित तालाब में नहाने उतरे दो मासूम चचेरे भाईयों की डूबने से मौत हो गई। बच्चे नहाने के लिए तालाब में उतरे थे। काफी देर तक वे पानी से वापस बाहर नहीं आए तो साथ आए दो बच्चे रोते हुए घर पहुंचे और घटनाक्रम बताया। सूचना के बाद परिवार वाले तालाब की ओर दौड़े, लेकिन कुछ दिखाई नहीं दिया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों के शवों को बाहर निकालकर बालेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। मामला जोधपुर के बालेसर स्थित मूडसर गांव का है। घटना 6 मई शाम करीब 6 बजे की है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार शाम भाटेलाई चारणान ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम मूंडसर में बच्चों के डूबने की सूचना पर आगोलाई चौकी प्रभारी रूगाराम मय पुलिस टीम के साथ शाम 6 बजे मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों एवं परिजनों ने बताया कि विकास (8) पुत्र प्रेमाराम जाट एवं नरपत (10) पुत्र चुनाराम जाट जो दिन में घर से निकले थे। खेलते-खेलते एवं नाडी में नहाने के लिए उतर गए, लेकिन तैरना नहीं आने की वजह से डूब गए।

- **मामला जोधपुर के बालेसर स्थित मूडसर गांव का है**

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के चार बच्चे खेलते खेलते तालाब पर गए थे। दो बच्चे तालाब के अंदर नहाने के लिए अंदर गए। लेकिन वापस नहीं आए तो बाकी वाले बच्चे रोते रोते वापस गांव की तरफ आ रहे थे। गांव वालों ने पूछा तो बताया कि दोनों बच्चे तालाब के अंदर नहाने गए थे, लेकिन बाहर नहीं आए। तब ग्रामीण तालाब पर जाकर स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश की तो दोनों बच्चों के शव तालाब में मिले।

**दो बहनों का इकलौता भाई था विकास :-** ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाला विकास अपनी दो बहनों का इकलौता भाई था और पिता भी खानों में मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। वहीं, नरपत गांव की स्कूल में पांचवी कक्षा में पढ़ता था।

# झोपड़ी में आग लगने से सामान जला, मासूम की मौत

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** पिण्डवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के आदिवासी अंचल में बसे वर्ली पंचायत क्षेत्र के डांगफली गांव में मंगलवार शाम झोपडे में आग लगने से डेढ़ लाख रूपए के सामान सहित अंदर सो रहे एक वर्षीय बच्चे की जलकर मौत हो हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ली पंचायत के डांग फली गांव में पिंटू भाई पत्नी चैताराम जाति गरासिया झोपडे में निवास करता है। वहीं उसका पति चेताराम गरासिया गुजरात के सूरत शहर में मजदूरी का काम करता है। शाम 4.30 बजे करीब पिंटू भाई अपने मवेशियों के लिए चारा लेने गई थी। उसका पांच वर्षीय बड़ा बेटा मुन्ना लड़कों के साथ खेल रहा था। वहीं एक वर्षीय छोटा बच्चा झोपडी में सो रहा था। तभी अचानक झोपडे में आग लग गई। आग को देखकर बाहर खेल रहे बच्चे जोर जोर से चिल्लाने लगे कई बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के लोग इक्कट्ठा होकर आग बुझाने के प्रयास किए। इसी दौरान झोपडी में आग लगने की घटना की जानकारी पिंटू बाई को मिलते ही अपने झोपड़े के पास पहुंची। सभी लोग मिलकर आग बुझाते इतनी देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और झोपडा जलकर खाक हो गया। वही उसमें रखा घर बिक्री का सामान व सोने चांदी के जेवरात सहित घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी आबू पिंडवाडा विधायक समाराम गरासिया को मिलते ही मौके पर पहुंचे और गरीब परिवार की सहायता के लिए तहसीलदार को फोन कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पंचायत हल्का क्षेत्र के पटवारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल जायजा लेकर परिवार की मदद के लिए सहायता राशि रिपोर्ट पेश की। वहीं परिवार ने मृतक बालक को राजकीय चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाया।

सुबह मृतक के पिता सूरत से अस्पताल पहुंचे। जहां पुलिस थाने के एसआई शिवनारायण मीणा को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा।

# पूर्व सी.एम. राजे जिला प्रमुख ममता कुंवर की शादी में शरीक हुई

## डबोक एयरपोर्ट पर भाजपा पदाधिकारियों ने राजे का किया स्वागत



**प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे ने बुधवार को उदयपुर पहुंच जिला प्रमुख ममता कुंवर के शादी समारोह में भाग लिया।**

**उदयपुर, (कासं)।** प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया बुधवार दोपहर उदयपुर पहुंची। वे यहां जिला प्रमुख ममता कुंवर के वैवाहिक समारोह में हिस्सा लेने पहुंची है। मेवाड़ की धरा पर दोपहर को उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचने पर वसुंधरा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान राजे ने वहां आए भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों से अलग-अलग चर्चा भी की।

एयरपोर्ट पर स्वागत करने के दौरान पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, उदयपुर निगम महापौर जीएस टांक, पूर्व उपमहापौर महेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व ग्रामीण विधायक वंदना मीणा, जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, विजय प्रकाश विप्लवी, पार्षद ताराचंद जैन सहित कई भाजपा नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

राजे यहां से सीधे होटल के लिए रवाना हो गई। इसके बाद राजे देर शाम शोभागपुरा स्थित वाटिका में पहुंच जिला प्रमुख ममता कंवर के वैवाहिक समारोह में भाग लिया। ममता कुंवर भाजपा के पूर्व देहात जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पंवार की पुत्री है। जिला प्रमुख ममता कंवर की शादी सिरोही निवासी चेतन सिंह (ठि. मकरोड़ा) के साथ हुई है।

# जेठ-बहू ट्रेन के आगे कूदे, मौत

**बीकानेर, (कासं)।** लूणकरनसर में एक युवक और युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। दोनों रिश्ते में जेठ और बहू थे। मरने से पहले युवक ने रात बारह बजे लड़की के साथ फोटो लगाते हुए गाने का स्टेट्स लगाया। इसमें कहा गया कि 'देखना एक दिन मेरे लिए भी गाना बजेगा, चला गया चांद कहां आसमां को छोड़ के..' दोनों के शवों के चिथड़े उड़ गए, जो अब लूणकरनसर अस्पताल पहुंचाये गए हैं। देर रात करीब दो बजे के बीच नाथवाणा की तरफ लूणकरनसर से निकलने वाली अबोहर-जोधपुर रेल के नीचे आकर दोनों ने जान दे दी। दोनों एक साथ थे। ट्रेन से टकराने से दोनों के शरीर के कई टुकड़े हो गए।

देर रात करीब दो बजे बाद टाइगर फोर्स के महिपाल सिंह के पास सूचना आई। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। लूणकरनसर पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में पता चला कि लड़का महावीर बिश्नोई (25) निवासी सहनीवाला है। लड़की सोफिका बिश्नोई (28) साल है। लड़की की शादी महज सात महीने पहले फूलदेसर में मुकेश बिश्नोई से हुई थी। मुकेश मृतक महावीर के बुआ का लड़का है। पुलिस इस पूरे मामले की अब छानबीन कर रही है। महावीर ने रात बारह बजकर 12 बजकर 14 मिनट पर पहला स्टेट्स लगाया। जिसमें 'चला गया चांद कहां, आसमां को छोड़कर' गाना लगाया और बेकग्राउंड में सोफिका की अनेक फोटो लगाई और आई मिस यू लिखा है।

एक मिनट ही दूसरा स्टेट्स लगाया, जिसमें बेकग्राउंड में कहा गया कि आज हूं तो मेरी कद्र नहीं है। लेकिन याद रखना जिस दिन खो दोगे, उस दिन मुस्कुराते हुए भी रो दोगे। फिर 12.20 पर स्टेट्स लगाया कि 'सबसे अच्छी चीज मौत है..', अंतिम स्टेट्स भी रात 12.25 पर लगाया।

# पुलिसकर्मी पर किया हमला

**झुंझुनूं, (निसं)।** ड्यूटी कर रहे ट्रेफिक पुलिसकर्मी पर एक युवक ने सिर पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में पुलिसकर्मी का कान का कुछ हिस्सा कट गया, खून बहने लगा। अचानक हुए हमले से अफरा-तफरी मच गई। घटना शहर के मंडावा मोड़ की है। हमलवार मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार झुंझुनूं ट्रेफिक थाना में कार्यरत कॉन्स्टेबल वीरेन्द्र बुधवार को सुबह 11 बजे के आस पास मंडावा मोड़ पर ड्यूटी कर रहा था। युवक से पूछताछ जारी है।

# मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों से चर्चा की

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा वर्ग द्वितीष वर्ष के चल रहे प्रशिक्षण शिविर में सरसंघचालक मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों को सामाजिक व सांस्कृतिक दायित्वबोध कराया।

आदर्श विद्या मंदिर स्कूल परिसर में चल रहे इस वर्ग में शारीरिक, बौद्धिक एवं चिंतन वर्ग में बांटे गए विभिन्न सत्रों में शामिल होकर संघ प्रमुख ने स्वयंसेवक की कार्य पद्धति, उनके कार्य-व्यवहार और राष्ट्र निर्माण में हर व्यक्ति के योगदान पर चर्चा की। चिंतन वर्ग में टोली बनाकर संवाद हुआ तो बौद्धिक सत्र में संघ के अभिनव कार्य पद्धति को लेकर संबोधित किया। संघ शिक्षा वर्ग में 4 दिवसीय प्रवास के तीसरे दिन संघ प्रमुख सुबह शाखा शामिल हुए और शारीरिक प्रशिक्षण को देखा। स्वयंसेवक एवं प्रशिक्षकों से चर्चा की।

भोजन पूर्व बौद्धिक सत्र में राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवक के योगदान और नियमित दिनचर्या एवं क्रियाकलाप में समाज के प्रति संवेदनशील रहने की भावना के प्रस्फुटन पर जोर दिया। भोजन पश्चात के सत्र में द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवकों के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषय पर चर्चा हुई।

## भागवत उदयपुर प्रवास पर

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर पश्चिम क्षेत्र के द्वितीय वर्ष विशेष में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के प्रवास की जानकारी देते हुए विभाग संघचालक हेमेंद्र श्रीमाली ने बताया कि ग्रीष्मावकाश में कार्यकर्ताओं के शारीरिक व बौद्धिक प्रशिक्षण के लिए तीन सप्ताह के संघ शिक्षा वर्गों का आयोजन होता है।

इसमें प्रथम वर्ष करने के उपरांत एक से अधिक शाखाओं की देखरेख करने वाले 40 वर्ष से अधिक उम्र के कार्यकर्ताओं का द्वितीय वर्ष विशेष क्षेत्र अनुसार होता है। इस क्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 8 और 9 जून को विशेष द्वितीय वर्ष में उदयपुर प्रवास पर आ रहे हैं। वर्ग के समय सरसंघचालक का पूरा समय संघ शिक्षा वर्ग करने आए शिक्षार्थियों के लिए ही रहता है शिक्षार्थियों से परिचय ,अनौपचारिक वार्ता, बौद्धिक व जिज्ञासा के कार्यक्रम रहते हैं।

# मंत्री शकुंतला रावत ने बालाजी के दर्शन किए

**मेहंदीपुर बालाजी, (निसं)।** राजस्थान सरकार में उद्योग वाणिज्य, राजकीय उपक्रम एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत बुधवार दोपहर मेहंदीपुर धाम पहुंची। मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उनकी अगवानी की और पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ फूल माला भेंटकर मंत्री का स्वागत किया। जहां मंत्री रावत ने बालाजी महाराज को अर्जी प्रसादी का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। वहीं बालाजी दरबार में घी का दीपक लगाकर करीब एक घंटे तक सुंदरकांड का पाठ कर विशेष पूजा अर्चना करते हुए देश एवं प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर देवस्थान विभाग के आयुक्त रतनलाल योगी ने भी मंत्री के साथ बालाजी महाराज की विशेष पूजा अर्चना की। साथ ही भैरव बाबा और प्रेतराज सरकार के दरबार में भी शीश नवाया। विजिट के दौरान मंत्री ने ट्रस्ट सचिव एमके माथुर से मंदिर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए की गई दर्शन व्यवस्था, श्रद्धालुओं के निकास की गई व्यवस्था, इमरजेंसी गेट, परिसर में किए गए इंतजामों का जायजा लिया। जिन्हें देखकर मंत्री ने ट्रस्ट की बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए संतुष्टि जाहिर की। इसके बाद मंत्री रावत ने सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने महंत महाराज से क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। साथ ही महंत महाराज को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित होने के लिए बधाई भी दी।

मेहंदीपुर बालाजी दौरे के दौरान राज्य सरकार की मंत्री शकुंतला रावत का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर और बालाजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर मानपुर पुलिस उपाधीक्षक दीपक मीना, बालाजी थाना प्रभारी अजीत बडसरा, एएसआई शीशराम आर्य, हेड कांस्टेबल उदय मीना, मगन चौधरी, केके शर्मा, रामदयाल गुर्जर, विनय सीमला, लोकेश खटाना, विष्णु भालपुर, कमल सैनी उदयपुरा, कमलकांत झुन्ना, अभिषेक प्रिंस सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



**देवस्थान मंत्री शंकुतला रावत ने मेंहदीपुर बालाजी धाम पहुंचकर दर्शन किए।**

# दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के पोक्सो एक्ट न्यायालय ने बच्चों के साथ बढ़ते यौन अपराधों के प्रति चिंता दर्शाते हुए नाबालिग बहन के साथ बलात्कार करने के आरोपित को 20 साल की सजा और 70 हजार रुपए जुर्माने से दण्डित किया है। अदालत ने फैसले में बच्चों के साथ बढ़ते यौन अपराधों के दृष्टिगत आरोपित के साथ सख्ती का रुख अपनाया।

सरकारी वकील विक्रमसिंह शेखावत ने बताया कि आरोपित के खिलाफ 30 दस्तावेज और 22 अहम गवाह न्यायालय में प्रस्तुत किए गए थे। इसके अतिरिक्त आरोपित का मेडिकल मुआयना कराए जाने पर डीएनए भी पोजिटिव आया। सरकारी वकील विक्रमसिंह शेखावत ने बताया कि मामला 2 जुलाई 2021 में पीसांगन पुलिस थाने में दर्ज हुआ था। पीड़ित के पिता ने रिपोर्ट में बताया कि दूर के रिश्ते में भाई लगने वाले 27 वर्षीय व्यक्ति ने उसकी 16 साल की बच्ची के साथ यौन अपराध कारित किया है। पुलिस ने आरोपित को पकड़ कर उसका मेडिकल मुआयना कराया।

# विद्युत लाइन की चपेट में आए युवक का शव उठाया

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** पिण्डवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के वीरवाडा गांव में माली धर्मशाला में शादी समारोह के दौरान खाना परोसने वाले पिंडवाडा निवासी वेटर की 11 हजार केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। तीसरे दिन बुधवार को पुलिस अधीक्षक जेठूसिंह करनोत और पिंडवाडा उपखंड अधिकारी हसमुख कुमार की समझाइश पर प्रजापत समाज ने पुलिस थाने के सामने चल रहे धरना समाप्त कर मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों ने अंतिम संस्कार किया ।

करंट की चपेट में आने से पिंडवाडा निवासी कमलेश कुमार पुत्र मंसाराम प्रजापत की मौत के मामले में दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मृतक युवक गरीब परिवार होने के चलते सहायता मुआवजा राशि को लेकर प्रजापत समाज के लोग एकत्रित होकर पुलिस थाने के बाहर टेंट लगाकर सोमवार से धरना धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जिसमें पुलिस और प्रशासन ने कई बार समाज के लोगों को समझाइश और वार्ता का दौर चला पर दो दिन तक सभी प्रयास नाकाम रहे। वहीं बुधवार सुबह से ही प्रजापत समाज ने अपने व्यवसाय प्रतिष्ठान बंद कर सैकडों की संख्या में लोग धरना स्थल पर पहुंचकर मृतक युवक के परिजनों को आर्थिक सहायता और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल होकर समर्थन दिया। दोपहर में करीब 3 पुलिस उप अधीक्षक पिंडवाडा जेठू सिंह करनोत, पिंडवाडा उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार ने धरनार्थियों के बीच पहुंचकर समझाइश की पहल शुरू की। जिसमें समाज ने अधिकारियों को बताया कि अगर विद्युत विभाग की लाइन नगर पहले खींची गई थी तो माली समाज की धर्मशाला कैसे बनी जिसके बाद फोरलेन हाईवे निर्माण होने के पहले इस धर्मशाला रोड़ कटिंग आने में मुआवजा मिल जाने के बाद इसको हटाया क्यों नहीं गया और जब यह माली समाज की अवैध धर्मशाला थी तो इसके अंदर शादी समारोह का आयोजन किस की इजाजत से किया गया। इस मामले में माली समाज के धर्मशाला संचालक दोषी हैं। वही एनएचआई विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विद्युत विभाग द्वारा करंट से मौत होती है तो पांच लाख रुपए सहायता के रूप में की राशि विभाग देता है। उसे जल्द से जल्द परिजनों को दिलाने की मांग रखी। वही इस गरीब परिवार में पालन पोषण करने वाला मृतक ही था। इसके मौत के बाद परिवार की आजीविका खत्म होने पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग की गई थी। जिसमें उपखंड अधिकारी और पुलिस उप अधीक्षक करनोत ने मृतक की माता को आंगनबाड़ी में नियुक्ति देने की बात कही। वहीं बिजली विभाग द्वारा अति शीघ्र ही नियमानुसार कार्रवाई कर पांच लाख रुपए की सहायता राशि दिलाने व अवैध तरीके से धर्मशाला में समारोह आयोजन करने वाले धर्मशाला के संचालकों के खिलाफ कडी से कडी कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

# शैक्षणिक योग्यता अर्जित करने की दिनांक से चयनित वेतनमान देने के आदेश

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर चलपीठ जोधपुर ने गावं खिन्दासर, तहसील कोलायत, जिला बीकानेर, निवासी हनुमान सिंह भाटी की अपील को स्वीकार करते हुए उसे शैक्षिणक योग्यता अर्जित करने की दिनांक से सभी परिलाभ देने का आदेश दिये।

- **राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर चलपीठ जोधपुर ने आदेश दिये**

हनुमान सिंह भाटी वर्तमान में अध्यापक ग्रेड तृतीय के पद पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाटियो की ढाणी, तहसील कोलायत, जिला बीकानेर में कार्यरत है। प्रार्थी की प्रथम नियुक्ति संविदा के आधार पर विकास अधिकारी, पंचायत समिति कोलायत के द्वारा 22 जुलाई 1986 को अप्रशिक्षित अध्यापक के रूप में हुई थी। दिनांक 24 सितंबर 1996 को प्रार्थी ने शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा (एस.टी.सी) उत्तीर्ण कर ली थी। जिला स्थापना समिति जिला परिषद, बीकानेर द्वारा 12 अप्रैल 99 को एक आदेश पारित कर सभी सविदा पर नियुक्त अध्यापकों को उनके प्रथम नियुक्ति से चयनित कर लिया गया। इस चयनित करने के आदेश में विभाग द्वारा यह स्पष्ट रूप से अंकित किया गया कि जिस दिन से प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है, उसी दिन से वेतन श्रृखंला चयनित वेतनमान व अन्य सभी लाभ सभी चयनित अध्यापको को मिलेगा।

जिला परिषद के आदेश दिनांक 12 अप्रैल 1999 के आदेश के अनुसरण में प्रार्थी की सर्विस बुक में भी यह इन्द्राज कर लिया गया कि उन्हे प्रशिक्षण प्राप्त करने की तिथि यानि 24 सितंबर 1996 से सभी परिलाभ देय होंगे। परन्तु विभाग द्वारा मनमाने तरीके से प्रार्थी को 24 सितंबर 1996 से परिलाभ प्रदान ना कर उसे जिला परिषद के द्वारा पारित आदेश दिनांक 12.04.1999 से सभी परिलाभ प्रदान किये गये।

विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर प्रार्थी ने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक अपील अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की। अधिकरण के समक्ष राज्य सरकार ने यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि उसे आदेश पारित होने की दिनांक से जो लाभ प्रदान किया गया है वो उचित है। प्रार्थी के अधिवक्ता का अधिकरण के समक्ष यह तर्क था कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद बीकानेर द्वारा संविदा पर नियुक्ति सभी अप्रशिक्षित अध्यापको को प्रथम नियुक्ति तिथि से चयनित कर लिया गया व चयनित करने के आदेश 12 अप्रैल 1999 मे यह स्पष्ट अंकित किया कि जिस दिन जो अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करेगा उसे उसी दिनांक से सभी परिलाभ प्रदान किये जायेगें। चुकि अपीलार्थी ने वर्ष 1996 मे प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है एवं उसके सर्विस बुक में भी यह इन्द्राज कर दिया गया कि जिस दिन वह प्रशिक्षण प्राप्त कर लेगा उसे उसी दिनांक सभी परिलाभ प्रदान किये जायेगें। अत: वह वर्ष 1996 से सभी परिलाभ प्राप्त करने का प्रार्थी अधिकारी है।

प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्का से सहमत होते हुए अधिकरण ने प्रार्थी की अपील को स्वीकार करते हुए प्राथमिक शिक्षा विभाग, को यह आदेश प्रदान किया कि प्रार्थी को प्रशिक्षण प्राप्त करने की दिनांक से यानि 24.09.1996से सभी परिलाभ प्रदान करे न कि आदेश पारित होने की दिनांक से साथ ही आदेश की पालना तीन माह मे करने का भी विभाग को स्पष्ट निर्देश दिये।

# ब्लैकमेल कर रुपए हड़पे, मामला दर्ज

**पाटन, (निसं)।** कस्बे निवासी भारत कौशिक पुत्र वीरेंद्र कुमार कौशिक ने पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि लगभग आठ वर्ष पहले मेरे मोबाइल पर किसी लड़की का फोन आया जिस पर मेरी बात हुई तथा उससे मेरी दोस्ती हो गई।

उस दौरान उस लड़की ने मेरे पर्सनल फोटोज ने ले लिए तथा बाद में उस लड़की का फोन आना बंद हो गया। लेकिन बाद में एक मोबाइल नंबर 6350095762 से मेरे पास फोन आया तथा उसमें अपने आपको उस लड़की का भाई बताया और मेरी निजी फोटोज को लेकर मुझे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। उसने मुझे बताया कि या तो मेरे फोन पे पर पैसा भेजो वरना तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दूंगा। मैं उसकी धमकियों से भयभीत हो गया तथा उसके भय व परिवार की इज्जत को देखते हुए उसके फोन पे नंबर पर पांच सात लाख रुपए भिजवा दिए।

दो-तीन माह पहले भी पचपन हजार रुपए उसके फोन पे पर और भिजवाए हैं। उसके बावजूद भी वह व्यक्ति मुझे धमकियां दे रहा है। मैं उसकी धमकियों से मानसिक अवसाद में हूं। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच हेड कॉन्स्टेबल श्रवण कुमार को सौंपी है।

# झुंझुनूं में पहले की बजाय काफी सुधार, और भी करेंगे: के.के. गुप्ता

## न्याय मित्र के.के. गुप्ता ने झुंझुनूं नगर परिषद में ली बैठक

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्थाई लोक अदालत द्वारा नियुक्त किए गए न्याय मित्र केके गुप्ता बुधवार को झुंझुनूं जिले के दौरे पर रहे। न्याय मित्र के गुप्ता ने झुंझुनूं नगर परिषद में अधिकारियों की बैठक ली और गत एक माह में झुंझुनूं नगर परिषद द्वारा किए गए कार्यों को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि जिस तरीके से नगर परिषद में सफाई व्यवस्था को लेकर बदलाव किए हैं। वह बदलाव सराहनीय है। उन्होंने रोड नंबर एक और नेहरू बाजार में स्थाई अतिक्रमण हटाने को लेकर भी कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक था।

- **गत एक माह में झुंझुनूं नगर परिषद द्वारा किए कार्यों को लेकर फीडबैक लिया**



**न्यायमित्र के.के. गुप्ता ने झुंझुनूं नगर परिषद में अधिकारियों की बैठक ली।**

इसको लेकर नगर परिषद द्वारा उचित कार्रवाई की गई हैं। न्याय मित्र के के गुप्ता ने कहा की स्वच्छता सर्वेक्षण में झुंझुनूं नए आयाम स्थापित करेगा। बैठक में नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में नगर परिषद सभापति नगमा बानो, आयुक्त दिलीप पूनिया, उप सभापति राकेश झाझड़िया, एक्सईएन राहुल भाटिया, मुख्य सफाई निरीक्षण राजीव जानूं सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केके गुप्ता ने कहा कि वे लगातार न्यायालय के आदेश पर तीनों ही कस्बों का दौरा कर रहे हैं। पहले की बजाय अब के हालातों में सुधार है। उन्होंने कहा कि तीनों कस्बों की बात करें तो झुंझुनूं में सर्वाधिक सुधार है। तो वहीं मंडावा में भी काफी अच्छा सुधार है। लेकिन नवलगढ़ में अभी और सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे लगातार मॉनेटरिंग कर तीनों ही कस्बों को साफ-सुथरा बनाकर ही दम लेंगे।

## संक्षिप्त

### मारुति वैन में आग लगी

**राजगढ़, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के टहला कस्बे के बस स्टैंड समीप मारुति वैन में आग लगने से हड़कंप का आलम रहा। इस हादसे की सूचना पर दमकल वाहन भी मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी व्यक्ति मारुति वैन को खड़ी कर चेक कर रहा था उसी दौरान अचानक गाड़ी में आग लग गई। मारुति चालक गाड़ी में दूध की सप्लाई का काम करता है। इधर आग लगने के बाद मारुति वैन जलकर राख हो गई। दमकल वाहन से पूर्व ग्रामीणों ने टैंकर से पानी डाल आग पर काबू पाया।

### नगर पालिका ने हटाया अतिक्रमण

**निवाई, (निसं)।** नगरपालिका के तत्वावधान में अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी के निर्देशानुसार बुधवार को नगरपालिका क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया एवं अतिक्रमियों के सामान भी जप्त किए। अतिक्रमण प्रभारी मनीष गौर ने बताया कि अधिशाषी महिमा डांगी के निर्देशानुसार शहर में हो रहे अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए प्रतीक गैस एजेन्सी के सामने श्रीराम कालोनी एवं हाउसिंग बोर्ड कालोनी के बाहर व खणदेवत रोड पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमियों के सामान भी जप्त किए गए एवं जुर्माने की कार्यवाही की गई।

### कबड्डी प्रतियोगिता 13 जून को

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोरदा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर 13 जून को पीटीआई स्व. सुभाष रावत की स्मृति में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्र की टीमें भाग लेगी। जिसमें विजेता टीम को 21 हजार व उप विजेता टीम को 11 हजार रूपयों का पुरूस्कार दिया जायेगा।

### देशी कट्टे सहित बदमाश गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** सरूण्ड थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम नारेहडा में हथियार लेकर घुमते आदतन बदमाश मुकेश पुत्र ख्यालीराम गुर्जर निवासी लोमोडा की ढाणी, ग्राम दीपावास, नीमकाथाना सदर (सीकर) को गिरफ्तार कर उसके पास से बिना लाईसेंस का देशी कट्टा जप्त किया।

# सब्जी एवं प्याज मंडी को नई कृषि उपज मंडी में खोलने की मांग

**खैरथल, (निसं)।** दो दशक के संघर्ष के बाद आखिर राजस्थान की प्याज सब्जी व फल मंडी यार्ड की मांग को पूरा करने की विधायक दीपचंद खैरिया ने भरोसा दिलाया।

राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा के नेतृत्व में बुधवार को फल सब्जी एवं प्याज आढ़तियों के प्रतिनिधिमंडल से भेंट के दौरान यह भरोसा दिलाया।

■ **दो दशक के संघर्ष के बाद विधायक ने भरोसा दिलाया**



**फल-सब्जी एवं प्याज के आढ़तियों ने विधायक दीपचंद खैरिया से भेंट की।**

सब्जी मंडी अध्यक्ष दुर्गादास परवाना, गोपाल पेशवानी, अर्जुनदास असरानी, घनश्यामदास निहलानी, आसुमल चांदवानी, रामचंद्र थावनानी, पुरुषोत्तमदास भगत, धर्मदास थावनानी, कालीचरण आदि व्यापारियों ने विधायक दीपचंद खेरिया के समक्ष नई सब्जी मंडी एवं प्याज मंडी नई कृषि उपज मंडी यार्ड में खोलने की मांग रखी तथा कृषि उपज मंडी में खाली पड़ी जमीन पर जल्द ही फल सब्जी मंडी एवं प्याज मंडी व्यापारियों को न्यूनतम शुल्क पर फड़ वितरित कराने की मांग की जिस पर विधायक दीपचन्द खेरिया ने कृषि उपज मंडी समिति सचिव से विचार विमर्श कर योजना बनाने का भरोसा दिलाया।

संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने बताया कि शहर के नवीन कृषि उपज मंडी यार्ड में स्थित खाली पड़ी जमीन पर फल-सब्जी एवं प्याज व्यापारियों को व्यापार करने में आसानी होने के साथ ही खैरथल जिला बनाने के बाद व्यापार का भी विस्तार होगा।

वहीं कृषि उपज मंडी शहर के बीचों बीच होने के साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहतर है। विदित रहे कि विगत तीन वर्षों से नवीन कृषि उपज मंडी में अस्थाई प्याज मंडी लग रही है और प्रति वर्ष लाखों रुपयों का मंडी टेक्स भी फल-सब्जी एवं प्याज व्यापारियों की ओर से जमा कराया जाता है खैरथल की प्याज मंडी को राजस्थान की प्रमुख मंडियों में स्थान प्राप्त है।

गौरतलब है कि मुख्य बाजार में जगह कम होने की वजह से व्यापारी एवं ग्राहकों की असुविधा को देखते हुए नगर पालिका ने 1984 में रेलवे फाटक के पास सब्जी मंडी को स्थानांतरित किया गया। परंतु यहां भी समय के साथ-साथ रिटेल की सब्जी एवं फल-फ्रूट की दुकानें बढने से सुबह से शाम तक रिटेल ग्राहकों की भीड़ जमा होने से मंडी में स्थित सभी आढ़तियों का माल आने पर छोटे माल वाहक वाहनों के मंडी में प्रवेश करने में ही काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सामोद में कार्यकर्ताओं का सम्मान किया

**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** मेरा बूथ-मेरा सम्मान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मोरीजा और सामोद के बूथों पर विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं ने संपर्क किया।

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार के आखंड में डूबी हुई है फिर चाहे आरपीएससी हो, भर्तिया हो, पेपर लीक मामले हो, ख़ान घोटाले या बजरी से जुड़े मामले हो, इन तमाम मामले ये साबित करते है कि सरकार के नुमाइंदे प्राकृतिक संपदा को लूटने का काम कर रहे है। उन्होंने 20 जून को बस स्टैंड चौमूं पर कांग्रेस सरकार के ख़िलाफ़ आयोजित होने वाली जन आक्रोश सभा में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुँचने का आ ान किया। मेरा बूथ- मेरा सम्मान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मोरिजा में बूथ संख्या 168, 166, 163, 165 और सामोद में बूथ संख्या 160, 158, 157 पर बूथ मीटिंग का आयोजन कर कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, रामू चोपड़ा, सुरेश जांगिड, मुकेश कुमार सैनी, राजेंद्र कुमार प्रजापत, रमेश कुमार शर्मा, रजत पारीक, पवन कुमार, योगेस सेनी, कालूराम सेठी, युवराज यादव, राजेन्द्र यादव, मोहनलाल लखेरा, धन्नालाल सेठी, दुर्गा लाल, गिरिराज कुमावत, चाणक्य कुमावत आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### एस.पी. ने थाने का निरीक्षण किया



**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बुधवार को दोपहर बौंली थाने का औचक निरीक्षण कर थाने की कार्यवाही देखी एवं नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक मीना व थाना प्रभारी हरवंत सिंह रंधावा को कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सूचना पाकर बौंली थाने पर पहुंचे बौंली एवं मित्रपुरा क्षेत्र के पत्रकारों से एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने क्षेत्र की समस्या व उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान बौंली नगर के मुख्य नगर पालिका चौराहे व सदर बाजार में अस्त-व्यस्त वाहनों को लेकर होने वाली आमजन की परेशानियों से अवगत कराया। एसपी ने तुरंत व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया।

### मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय भाजपा के प्रबल दावेदार व भूत पूर्व विधायक जयनारायण सालोदिया के पौत्र अंकुर सालोदिया सहित भाजपा कार्यकर्ताओं व रैगर समाज के सैकडों लोगों ने अंकुर सालोदिया के नेतृत्व गंगा जमुना गार्डन से अहिंसा सर्किल तक कैंडल मार्च निकाला एवं अहिंसा सर्किल पर ओडिशा बालासोर ट्रेन हादसे में 288 मृतको को भावभीनी मौन श्रद्धांजलि दी। साथ ही व उनके परिवारजनों को शांति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर बाबूलाल कंवरिया, मनोज पाटनी, अभिषेक भारती, भरत सोनवाल, प्रमोद कंवरिया, राकेश शर्मा, लोकेश बैरवा, त्रिलोकचंद मंडरावलिया, दुर्गालाल कंवरिया, मोतीलाल फुलवरिया, प्रहलाद सोकरीया सहित कई लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मुण्डियागढ पं.स. किशनगढ़ रेनवाल (जयपुर)**
क्रमांक-ग्रा.पं. मुण्डियागढ/निविदा/2023/51 दिनांक- 05.06.2023
**ऑन लाईन निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत मुण्डियागढ, पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल में महानरेगा योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्यों की सामग्री आपूर्ती हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तो के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 08.06.2023 से 19.06.2023 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण, दिनांक एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download की जा सकती है।
UBN-ZJP2324GLRC00679, NIB-ZJP2324A0371
सरपंच ग्रा.प. मुण्डियागढ — ग्राम विकास अधिकारी ग्रा.प. मुण्डियागढ

**कार्यालय ग्राम पंचायत डूंगरसी का बास पं.स. किशनगढ़ रेनवाल (जयपुर)**
क्रमांक-ग्रा.पं. डूंगरसी का बास/निविदा/2023/24 दिनांक- 06.06.2023
**ऑन लाईन निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत डूंगरसी का बास, पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल में महानरेगा योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्यों की सामग्री आपूर्ती हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तो के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 07.06.2023 से 19.06.2023 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण, दिनांक एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download की जा सकती है।
UBN- ZJP2324GLRC00676, NIB-ZJP2324A0368
सरपंच ग्रा.प. डूंगरसी का बास प.स. कि.रेनवाल (जयपुर) — ग्राम विकास अधिकारी ग्रा.प. डूंगरसी का बास प.स. कि.रेनवाल (जयपुर)


## दो दिवसीय गुरुकुल सत्र का समापन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के पूतली रोड स्थित हंसा मैरीज होम में आर्य समाज द्वारा स्वामी आदित्यानंद के संयोजन में आयोजित किये गये दो दिवसीय गुरुकुल सत्र का समापन हुआ।

आर्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गुरुकुल टटेसर दिल्ली के आचार्य हनुमत प्रसाद एवं दयानंद आर्य ने सनातन वैदिक विद्या की जानकारी देते हुए ईश्वर के गुण, कर्म, स्वभाव की व्याख्या करते हुए ईश्वर सच्चिदानंद, सर्वशक्तिमान, न्यायकारी, सर्वज्ञ, अजन्मा, निराकार, दयालु अनेक नामों की व्याख्या करते हुए मुख्य नाम ओउम की महत्ता पर प्रकाश डाला। वर्तमान युवा पीढी को सनातन संस्कृति का मूल वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया। समाज में धर्म के नाम पर फैली गलत जानकारियों को दुरुस्त करते हुए कर्तव्यों का पालन करना ही धर्म कहलाता है की विस्तृत व्याख्या की। कथा युवा पीढ़ी को दुर्व्यसनों को छोडने का संकल्प दिलाया। आचार्य हनुमत प्रसाद ने कहा कि हजार वर्षो की गुलामी में इस राष्ट्र को चार चार नामों से जाना गया, जबकि इस राष्ट्र का मुख्य नाम आर्यवर्ता था। वेदों के सिद्धांतों पर चलते हुए और प्रत्येक मनुष्य मात्र आर्य कहलाता था तब इस राष्ट्र का नाम आर्यवर्ता जो मुगलों की गुलामी के कारण इसका नाम हिंदुस्तान पड़ा, अंग्रेजों की गुलामी के कारण इसका नाम इंडिया पडा तथा और यदि आज भी हमें इस राष्ट्र की भौगोलिक जानकारी नहीं हुई तो न जाने इस देश को कितने नामों से जाना जायेगा और हमारी भौगोलिक सीमाओं को न जाने कितने टुकडों में विभक्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को सचेत रहने का आह्वान किया कि हमें अपने देश और संस्कृति के लिए सतत् कार्य करना पड़ेगा। सत्र की समाप्ति पर युवाओं ने वैदिक संस्कृति के प्रतीक यज्ञोपवीत धारण कर राष्ट्र उन्नति में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। आर्य समाज के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों एवं भामाशाहो का स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वामी आदित्यानंद एवं उमेश बंसल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आर्य समाज के प्रधान हरीश गुर्जर, रामकुमार सैनी, जयराम आर्य, बनवारी लाल आर्य, जगदीश आर्य, अथर्व आर्य, राजेश आर्य, बंशीधर आर्य व ताराचंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत जोधपुरिया के गांव जगतपुरा में मंगलवार को अद्वेत आश्रम हरभांवता के संत बालकानन्द गिरी महाराज व जगतपुरा आश्रम के व यज्ञ समिति के अध्यक्ष संत शिवपालनन्द गिरी महाराज के सानिध्य में बुधवार को नव दिवसीय एकादशीय 11 कुण्डात्मक श्रीरूद्रचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।



**श्रीरूद्रचण्डी महायज्ञ के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली।**

श्रद्धालु पूर्व सीआर मनफूल गुर्जर एवं समिति के महामंत्री नटवरसिंह ने बताया कि नव दिवसीय एकादशी रूद्रचण्डी महायज्ञ हरभांवता आश्रम के संत बालकानन्दगिरी एवं संत शिवपालनन्दगिरी के सानिध्य में महायज्ञ को लेकर बुधवार को सुबह 7 बजे यज्ञाचार्य पं.पूरण शास्त्री, उपाचार्य पं. कमलेश शर्मा, पं. गणपत शास्त्री अलियाबाद सहित कई विद्वान पंडितों द्वारा कलशों की विधिवत पूजा-अर्चना करके गांव लोदेडा के शिव मंदिर से अद्वेत आश्रम जगतपुरा तक डीजे एवं बैण्ड बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकडों महिलाओं ने सिर कलश धारण एवं मांगलिक गीत गाते हुए चल रही थी। इस दौरान डीजे के मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर ठुमके लगाए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के जमकर जयकारे लगाए। जिससे आसपास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा में भगवान राम दरबार की आकर्षक झांकी सजाई गई जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। उन्होंने बताया कि मंगलवार को यज्ञ की तैयारियों को लेकर दो बडे पाण्डाल तैयार किए गए जिसमें एक पाण्डाल में कथा का आयोजन होगा एवं दूसरे पाण्डाल में श्रद्धाओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ में 13 जून तक जयपुर के राष्ट्रीय कथा वाचक अनमोल श्री द्वारा सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 15 जून को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.)(जिला-टोंक)**
क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षे.नि./कृ.भू./2021-22/2959 दिनांक-7.6.2023
प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई**
**लोक सूचना**
श्री मुकेश पुत्र बजरंगलाल, हरिनारायण पुत्र बजरंग ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजनार्थ प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तह.निवाई जिला टोंक | निवाई | 2128,2129,2166 2167,2169,2170 | कुल किता 17996 वर्गगज |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान की और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक........ को जारी की जाती है।
(श्रीमति महिमा डागी) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र निवाई


# यू.पी.एस.सी. में चयनित भार्गव ने गौसेवा की

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** यूपीएससी में चयनित होकर इलाके की होनहार बेटी प्रियंका भार्गव सबसे पहले हांसपुर ग्राम पंचायत के सतीवाले जोहड़ में संचालित श्रीराम गऊ नंदीशाला पहुंची।

इंटरनेशनल आदिवासी सामाजिक मंच के संयोजक व श्रीराम गऊ नंदीशाला संचालक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि प्रियंका भार्गव निवासी कल्याणपुरा के अखिल भारतीय सिविल सेवा सर्विस में चयनित होने के बाद इनके ताऊ सुभाष भार्गव भारतीय संस्कृति का संदेश देते हुए गौवंश के लिए 1.5 क्विंटल जौ कि घाट की सवामणी बनाई गई, जिसे अपने परिवार व शुभचिंतको के साथ प्रियंका भार्गव गौवंश को खिलाने के लिए खुद श्रीराम गऊ नंदीशाला में पहुंची, यहाँ पहुंचने पर गऊशाला की ओर से दीपिका मीणा ने उनको तिलक लगाकर माला पहनाई व साफा पहनाकर स्वागत किया गया, इस मौके पर गऊशाला की ओर से मोतीलाल सैनी, जगदीश वर्मा , रामोतार कुमावत, प्रभुलाल सैनी, अशोक शर्मा, मनोज मीणा, हेमराज रेबारी, हांसपुर की युवा टीम ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया , उसके बाद प्रियंका भार्गव ने अपने हाथों से गौवंश को सवामणी खिलाई व गऊमाता से आशीर्वाद लिया, इस मौके उनके साथ उनके पिता दलीप कुमार, ताऊ सुभाष भार्गव, चाचा पिंटू भार्गव, राजेश भार्गव मेड, भाई लोकेश कुमार, विक्रम, प्रेणना, सुनील सामोता उप रजिस्ट्रार, मामराज सामोता आदि शामिल थे।

## निःशुल्क कम्प्यूटर कोचिंग शुरू

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा निःशुल्क बेसिक कम्प्यूटर कोचिंग का शुभारम्भ किया गया। मुख्य सुरक्षा अधिकारी अनिल डांगी ने बालिकाओं को कम्प्यूटर के महत्व के बारे में बताया। सीएसआर हैड राजेन्द्र कुशवाहा ने सीएसआर की गतिविधियों की जानकारी दी।

कोचिंग हेतु कुल 26 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमे जोधपुरा, मोहनपुरा, गोरधनपुरा से बालिकाओ ने भाग लिया।

अब तक कुल 323 बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस दौरान हेमंत श्रीवास्तव सहित ट्रस्ट के अशोक सुरेलिया व विजय सिंह यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं को पेंटिंग और सिलाई के गुर सिखाए

**निवाई, (निसं)।** भरथला के राजकीय उच्च उच्च माध्यमिक विद्यालय में कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में विद्यार्थियों ने फिल्मी और राजस्थानी गानों पर जमकर ठुमके लगा। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने बताया कि शिविर में सेवानिवृत्त व्याख्याता नरेंद्र कुमार वर्मा ने ड्राइंग व पेंटिंग और सिलाई के गुर सिखाए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी को अपनी-अपनी अभिरुचि का विकास करना ही चाहिए इसके लिए समर कैंप का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। कलाकार आरती नेमिया ने राजस्थानी और फिल्मी गानों पर विद्यार्थियों का अभ्यास करवाया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गानों पर डांस के स्टेप का अभ्यास किया। विद्यालय के भ्रमण पर आए गिरिराज प्रसाद पारीक व चांदमल सैन, शारीरिक शिक्षक भूपेंद्र सिंह ने कम्प्यूटर, डांस, सिलाई, ड्राइंग एंड पेंटिंग, स्काउट बैंड, इस्पोकन इंग्लिश, मैथ्स रीजनिंग आदि कक्षाओं का अवलोकन किया।

समर कैंप में व्याख्याता सीताराम मीणा, प्रधानाध्यापक आत्माराम सिंघाडिया, सुरज्ञान गुर्जर, छोटू लाल यादव, हरिशंकर शर्मा, गिरिजा कंवर, संजू मीणा व मोनू सिंह सोलंकी द्वारा विभिन्न विषयों का जीवंत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

समारोह में एसडीएमसी और एसएमसी के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पुलिस उपाधीक्षक ने प्रेस वार्ता की

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के बौंली उपखंड मुख्यालय पर प्रथम नवनियुक्त आरपीएस पुलिस उपाधीक्षक मीना मीणा ने मित्रपुरा एवं बौंली तहसील के पत्रकारों के साथ परिचय एवं प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान बौंली सीओ मीना मीणा ने क्षेत्र की गतिविधियों व आपराधिक तत्वों के बारे में जानकारी ली एवं सहयोग की अपील की। पत्रकार वार्ता के दौरान मित्रपुरा थाने पर तैनात सहायक उप निरीक्षक नंदराम गुर्जर पर बौंली न्यायालय में दर्ज मामले पर जानकारी मांगी जिसपर दर्ज मुकदमे की विस्तार से जानकारी दी। प्रेस वार्ता के दौरान आरपीएस मीना मीणा ने बताया कि अपराध व अवैध बजरी खनन व परिवहन के साथ-साथ थाने पर आने वाले फरियादियों की रिपोर्ट पर तुरंत सुनवाई करना पहली प्राथमिकता रहेगी।


**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा (विधि) जयपुर**
ब्लाक संख्या-7, डा. राधा कृष्णन शिक्षा संुल परिसर जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
फोन नं. 0141-2700285, Email-jprdeolegal@gmail.com
क्रमांक-जिशिअ/प्राशि/विधि/जय/फा.निविदा/2023/434 दिनांक-01.06.2022
**निविदा सूचना**
इस कार्यालय में निम्न विवरणानुसार फोटो स्टेट कार्य में दक्ष फर्म से इस वित्तीय वर्ष के लिए सक्षम निविदादाताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 15.06.2023 से दिनांक 21.06.2023 तक कार्यालय समय में 200/- रूपये निविदा शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है। पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा प्रपत्र सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 22.06.23 को दोपहर 12.00 बजे तक देना होगा। दिनांक 23.06.2023 को दोपहर 02.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदाएं खोली जावेगी।

| क्र.सं. | निविदा कार्य | अनुमानित राशि |
|---|---|---|
| 1 | फोटो स्टेट साईज A-4 प्रति पेज एक तरफ | 30000 |
| 2 | फोटो स्टेट साईज A-4 प्रति पेज दोनों तरफ | 20000 |
| 3 | फोटो स्टेट साईज Legal प्रति पेज एक तरफ | 30000 |
| 4 | फोटो स्टेट साईज Legal प्रति पेज दोनों तरफ | 20000 |
| 5 | स्केनर प्रति पेज | 20000 |
| | योग | 120000 |

नोट- विस्तृत निविदा सूचना sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा (विधि) जयपुर


## धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** पीपलू पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए धोखाधडी के मामले में तीन माह से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानीसिंह एवं पुलिस वृताधिकारी इन्दु लोदी के निर्देशानुसार, अपराधियों पर अंकुश लगाने के अभियान को लेकर टीम का गठन किया। जिस पर कार्यवाही करते हुए तीन माह से फरार नरसीलाल मीणा निवासी समदपुरा थाना पीपलू को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस थाने में परिवादी कमलेशी मीणा निवासी समदपुरा ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपी नरसी, बन्ना,कमलेश, मुकेश, ग्यारसी निवासी समदपुरा ने 28 सितम्बर 2०1० को एक बीघा 19 बिस्वा जमीन के धोखाधडी से केसीसी उठा ली थी। उक्त मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है एवं शेष रहे अपराधियों के धरपकड जारी है।

# ओ.एस.डी. ने जिले के लिए तथ्यात्मक रिपोर्ट संकलित की

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर बार एसोसिएशन के अनुरोध पर नवीन जिले के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट संकलित करने सांभर पहुंची ओएसडी अर्तिका शुक्ला से बुधवार को बार एसोसिएशन, जिला बनाओ संघर्ष समिति व जनहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की ओर से मुलाकात कर सांभर जिले के संदर्भ में अपनी-अपनी विचारधारा रखी तथा अलग-अलग इस आशय के प्रतिवेदन प्रस्तुत किए।



**ओएसडी अर्तिका शुक्ला से बार एसोसिएशन, जिला बनाओ संघर्ष समिति व जनहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मुलाकात की।**

ओएसडी शुक्ला ने उपखंड अधिकारी जयंत कुमार चौधरी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं मौजूद पदाधिकारियों के साथ यहां गौरव पथ स्थित नवीन उपखंड व तहसील कार्यालय के भवनों का अवलोकन किया। पदाधिकारियों ने सांभर को जिला बनाने के संदर्भ में खाली पड़ी सरकारी भूमि को भी दिखाया तथा आवश्यकता पड़ने पर इसके लिए अपेक्षित योगदान दिए जाने का भी मौखिक वचन दिया। विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम प्रमुख रूप से इस बात को पुनः दोहराया की दूदू में सांभर फुलेरा को किसी भी रुप में सम्मिलित किया गया तो इसका कड़ा विरोध प्रदर्शन के रूप में किया जाएगा। सभी ने एक स्वर में सांभर फुलेरा को जयपुर जिले में यथावत रखने तथा सांभर को जिला बनाए जाने के संदर्भ में इसके ठोस प्रमाण के आधार भी ओएसडी शुक्ला को गिनाए। इस बाबत ओएसडी शुक्ला ने तीनों संगठनों के मौजूद पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी ओर से वास्तविक आधारों पर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को पेश की जाएगी। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज कुमावत, सचिव निशांत शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शेख शमीम उल हक, दीपेंद्र सिंह खंगारोत, जिला बनाओ संघर्ष समिति के अनिल कुमार गट्टानी, जितेंद्र डांगरा, पार्षद गौतम सिंघानिया, उमाशंकर व्यास, मनीष सूंठवाल, नवल किशोर जांगिड़, जनहित संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक सिंवाल व उनकी टीम के समी सदस्यों सहित अनेक वकीलों की भी मौजूदगी मौजूदगी रही।

## 86.43 लाख की स्वीकृति जारी

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग जयपुर ग्रामीण द्वितीय अतिरिक्त मुख्य अभियंता द्वारा चीथवाडी में श्मशान भूमि पर नलकूप और डीआई पाइपलाइन के लिए 86.43 लाख रुपयों की स्वीकृति जारी की है।

विधायक रामलाल शर्मा द्वारा चीथवाड़ी में जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने पाइपलाइन और नलकूप की मांग प्रमुखता से उठाई थी, ग्रामवासियों ने विधायक शर्मा को अवगत करवाया था कि बुनकर मोहल्ले और मुख्य आबादी में जाने वाली पानी की पाइप लाइन जगह जगह से टूट चुकी है और ग्रामवासियों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक रामलाल शर्मा ने जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया।

इस पर जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत चीथवाड़ी में श्मशान भूमि पर एक नलकूप एवं बुनकरों के मोहल्ले और एसआर टंकी से मुख्य आबादी तक 100 डीआई पाइप लाइन कार्य के लिए 86.43 लाख रुपयों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डावरी (दौसा)**
क्रमांक-न.पा.म./2023/916 दिनांक-07.06.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तृतीय चरण के दौरान 69-ए पट्टे/नवीनीकरण/पट्टा स्थानांतरण/ पूर्ण स्वामित्व पट्टा प्राप्त करने के लिये पत्रावलिया प्राप्त हुई है उक्त पत्रावलियों में किसीभी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में मय लिखित सबूत पालिका में अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद कोई उज्रदारी मान्य नहीं होगी। अतः सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक.....को जारी की है।
**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मोहल्ला/वार्ड | क्षेत्रफल वर्गगज में |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रमा देवी पत्नी श्री मदन लाल गौतम | मैन मार्केट, मण्डावरी | 56.88 |
| 2 | श्रीमती सुभीता शर्मा पत्नी सुमेश कुमार शर्मा | ब्रह्माणी मंदिर के पास | 46.75 |
| 3 | श्री बजरंग लाल मीना पुत्र श्री अम्बालाल मीना | कचहरी मोहल्ला, मण्डावरी | 240.22 |
| 4 | श्री ललित मोहन अग्रवाल पुत्र श्री रामावतार अग्रवाल | मैन मार्केट, मण्डावरी | 46.01 |
| 5 | श्री अनिल कुमार सोनी पुत्र श्री सिताराम सोनी | सोनी मोहल्ला, मण्डावरी | 29.90 |
| 6 | श्री बन्नूखॉ पुत्र श्री इदु खॉ | मस्जिद मोहल्ला, मण्डावरी | 58.66 |
| 7 | श्री श्याम सुन्दर मित्तल पुत्र श्री कजोड मल मित्तल | गढ मोहल्ला, मण्डारी | 78.83 |
| 8 | श्री सूरजमल पुत्र श्री रामप्रसाद महाजन | गंगापुर रोड, मण्डावरी | 22.77 |
| 9 | श्री पदम चन्द गुप्ता पुत्र श्री ओमप्रकाश गुप्ता | शिव चौक, मण्डावरी | 58.00 |
| 10 | श्री विनोद कुमार पुत्र श्री सत्यनारायण | हताई मोहल्ला, मण्डावरी | 21.66 |
| 11 | श्री बाबूलाल लखेरा पुत्र श्री सत्यनारायण लखेरा | सोनी मोहल्ला, मण्डावरी | 70.19 |
| 12 | श्री बजरूद्दीन पुत्र श्री अजीज खां | कोली मोहल्ला, मण्डावरी | 141.33 |
| 13 | श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री घनश्याम गुप्ता | मुख्य सडक, मण्डावरी | 23.11 |
| 14 | श्री रमेश चन्द पुत्र श्री मूल चन्द लखेरा | मैन बाजार, मण्डावरी | 28.33 |
| 15 | श्री लालचन्द अग्रवाल पुत्र श्री रामस्वरूप अग्रवाल | मैन बाजार, मण्डावरी | 28.22 |
| 16 | श्री मदन मोहन, चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री रामजीलाल गुप्ता | नाई मोहल्ला, मण्डावरी | 90.27 |
| 17 | श्री मदन मोहन, चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री रामजीलाल गुप्ता | मैन बाजार, मण्डावरी | 51.23 |
| 18 | श्री शिव कुमार लखेरा पुत्र श्री कजोड मल लखेरा | ब्रह्माणी माता के पास | 162.91 |
| 19 | श्री चिरंजी लाल शर्मा पुत्र श्री माधोलाल शर्मा | तामडायत मोहल्ला | 94.00 |

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, मण्डावरी

## संक्षिप्त

### वेंडिंग कमेटी के चुनाव संपन्न

**मंडावरी, (निसं)।** नगरपालिका मुख्यालय पर बुधवार को राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार के स्ट्रीट वेंडर आजीविका संरक्षण एवं विनियम नियम 2014 एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर की अधिसूचना के अंतर्गत मंडावरी क्षेत्र के लिए वेंडिंग कमेटी का निर्वाचन के माध्यम से गठन करवाया गया। अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने बताया कि मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र के लिए वेंडिंग कमेटी गठन में तीन प्रतिनिधि फुटकर फेरी जिसमें एक महिला सदस्य का कार्यकाल पांच साल के लिए होना है। उक्त कमेटी के गठन के लिए उपखंड अधिकारी द्वारा तहसीलदार मदनलाल मीणा को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। चुनावों में चांद किरण देवी चावला मुकेश कुमार शर्मा मुकेश कुमार माली को सदस्य निर्वाचित किया गया।

### सट्टा प्रकरण में दो जने पकड़े

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा थाना पुलिस ने बुधवार को दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे अवैध सट्टा प्रकरण में लिप्त दो जनों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि आईपीएल सट्टा प्रकरण में लिप्त महावीर पुत्र नारायण खटीक निवासी वार्ड नम्बर 14 खटीकों का मौहल्ला मालपुरा को गिरफ्तार किया गया। वहीं अंकों पर सट्टा लगाने के मामले में बिरधीचन्द उर्फ सुनिल पुत्र बद्रीलाल माली निवासी अजमेरों की ढाणी मालपुरा को गिरफ्तार किया गया।

### युवक का नहीं लगा सुराग

**मालपुरा, (निसं)।** ट्रक स्टैण्ड से लापता हुए एक युवक का 6 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने मालपुरा थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया। परिजनों ने बताया कि युवक मोहन लाल पुत्र कालू लाल सैनी जो कि 6 दिन पूर्व 2 जून को जयपुर परचूनी सामान लेने के लिए घर से निकला था। जो कि आज तक वापस नहीं लौटा। जगह-जगह तलाश किये जाने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है।

# कचरा निस्तारण प्लांट के लिए जगह चिन्हित करने को लेकर बैठक



खाटूश्यामजी नगरपालिका बोर्ड की विशेष बैठक आयोजित हुई।

- पूर्व बैठक के एजेंडे की प्रति मांगने पर अध्यक्ष-ईओ-कर्मचारी एक दूसरे का मुंह ताकते रहे
- चलती बैठक को छोड़कर चली गई नगरपालिका अध्यक्ष
- 18 लाख रुपए प्रतिमाह खर्च करने के बाबजूद कस्बे की सफाई व्यवस्था बदतर

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** नगरपालिका बोर्ड की विशेष बैठक नगरपालिका के सभागार में अध्यक्ष ममता मुंडोतिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। खाटूश्यामजी में कचरा निस्तारण के लिए जगह चिंहित करने के लिए बैठक आहुत की गई थी।

ईओ अरूण शर्मा द्वारा बैठक शुरू करते ही पार्षद राजू माटोलिया गत बैठक की कार्यवाही की प्रति की मांग करने लगा। जिस पर उपाध्यक्ष पूरणमल हरनाथका, पार्षद रवि स्वामी सहित पार्षद पूरी बैठक के दौरान एजेंडे की प्रति की मांग करते रहे लेकिन अधिकारी-कर्मचारी इधर उधर की बात करके टालते रहे। दो घंटे चली बैठक के दौरान अभी आ रही है करते रहे लेकिन बैठक पूरी होने तक एजेंडे के प्रति उपलब्ध नहीं करवाई गई। इस दौरान पार्षद विकास कार्यों व सफाई को लेकर चर्चा करने लगे और कचरा निस्तारण की बात आते ही पूर्व बैठक की कार्यवाही प्रति की मांग करते रहे। आधी बैठक के दौरान ही चेयरपर्सन ममता देवी भी बैठक छोड़कर चली गई। चेयरमैन के जाने के बाद ईओ ने जब कचरा निस्तारण के स्थान को चिंहित करने का प्रस्ताव रखा तो पार्षदों ने कहा कि बिना चेयरमैन के बैठक का क्या औचित्य है। जिस पर ईओ ने कहा कि उपाध्यक्ष बैठक में मौजूद हैं। हालांकि कचरा निस्तारण की जगह चिंहित करने के प्रस्ताव पर उपाध्यक्ष भी चुप रहे। इसके पश्चात ईओ ने पार्षदों को मौखिक रूप से कचरा निस्तारण प्लांट के लिए जगह पर प्रस्ताव मांगा तो कुछ पार्षदों ने पीडब्ल्यूडी चौकी के पास लगाने की बात कही और कुछ पार्षद चुप रहे। बैठक में सफाई व्यवस्था को सुदृढ करने, पार्किंग व्यवस्था को सही तरीके से संचालित करवाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष पूरणमल हरनाथका सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते रहे। सदन में बताया कि 18 लाख रूपये प्रतिमाह सफाई व्यवस्था पर खर्च करने के बाबजूद भी सफाई की स्थिति बदतर बनी हुई हैं। बैठक में सभी पार्षदों से वार्डों में विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव मांगे गए।

अरूण शर्मा ईओ नगरपालिका का कहना है कि बोर्ड बैठक में बहुमत से कचरा निस्तारण प्लांट के लिए पीडब्ल्यूडी चौकी के पास जगह चिंहित कर ली है और यह विशेष बैठक होने की वजह से इधर उधर की बातें नहीं हो, इसके चलते एजेंडे की प्रति सदन में नहीं दी गई। अब किसी भी पार्षद को प्रति चाहे तो अधिशासी अधिकारी के कार्यालय से ले सकते हैं।

राजू माटोलिया पार्षद नगरपालिका का कहना है कि इनके पास पूर्व बैठक की एजेंडे की प्रति नहीं थी, सदन को गुमराह किया गया है और चेयरमैन ने आधी बैठक छोड़कर जाने के बाद जगह चिंहित करने के लिए वोटिंग कराने का क्या औचित्य है और पालिकाध्यक्ष बैठक छोड़कर जाने के बाद नियमानुसार बोर्ड बैठक ही सम्पन्न हो जाती है।

## शिक्षण शिविर में मनुष्य जन्म का उद्देश्य बताया

**फागी, (निसं)।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में 2 जून से शुरू हुए शिक्षण शिविर के छठे रोज बुधवार को कार्यक्रम में मनुष्य जन्म के उद्देश्य की जानकारी दी गई। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि इसी कड़ी में शिविर के छठे रोज जैन धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों द्वारा प्रातः श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा और सामूहिक रूप से अष्टद्रव्यों से पूजन की गई।

कार्यक्रम में शास्त्री सत्येंद्र भैया एवं सम्यक भैया के द्वारा शिविर में बताया कि जीव को मनुष्य गति में जन्म लेने का उद्देश्य क्या है इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कल्याणकारी अस्तित्व और व्यक्तित्व का निर्माण करना जीवन का परम उद्देश्य है, ईश्वर की प्राप्ति करना, जिसके द्वारा ही मानव के द्वारा भ्रम कर्मकांड की बेड़ियों से निजात पाकर परमात्मा के दर्शन किए जा सकते हैं। मनुष्य जन्म का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा की भावना ,प्रेम की भावना, दान की भावना, दुख में पीड़ित लोगों की सहायता करना आदि कल्याणकारी एवं परोपकारी कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक निखिल जैन एवं शिविर व्यवस्थापक विनोद मोदी ने बताया कि जैन धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों के अलावा समाज की महिलाएं भी शिक्षण शिविर में धर्म लाभ प्राप्त कर रही है। कार्यक्रम में समाज सेवी केलास कलवाडा,सोहनलाल झंडा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा,पारस नला, राजकुमार मांदी, सुनील मोदी, तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मौजूद थे।

## महंगाई राहत शिविर में 1850 लोग लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में कुल 14 स्थानों पर स्थाई महंगाई राहत एवं ग्राम पंचायत कोटडी सीमारला व सिहोड़ी में प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन किया गया। 14 स्थानों पर लगे स्थाई महंगाई राहत कैम्पों में राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार 10 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन किये।

इस दौरान उपखण्ड श्रीमाधोपुर में राज्य सरकार की 10 योजनाओं के अन्तर्गत कुल 4122 रजिस्ट्रेशन किए गये। उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत कोटडी सीमारला में लगे शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 7 महिलाओं की गोद भराई एवं चार बच्चों के अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हरी सब्जियों की रंगोली बनाकर मानव जीवन में हरी सब्जियों के महत्व के बारे में बताया गया। कोटडी सीमारला व सिहोड़ी में लगे शिविर में 1850 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त उपखण्ड श्रीमाधोपुर में नगरपालिका श्रीमाधोपुर एवं नगरपालिका अजीतगढ़ में भी प्रशासन शहरों के संग अभियान का आयोजन किया जाकर आमजन को राहत प्रदान की गई।



ग्राम पंचायत कोटडी सीमारला में महिलाओं की गोद भराई की।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरित किया

**लालसोट, (निसं)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा उपखंड मुख्यालय पर पर्यावरण संरक्षण एवं ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिकल प्रभाग तथा भारत सरकार की सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान के अंतर्गत नशा मुक्त राजस्थान अभियान का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम विजेंद्र मीणा व ब्रह्माकुमारी ललिता दीदी सेवाकेंद्र संचालिका बस्सी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। विशिष्ट अतिथियों में रक्षा मिश्र चैयरमैन नगर पालिका लालसोट व ब्रज मोहन मीणा पूर्व आईएएस भी उपस्थित रहे। चैयरमैन नगर पालिका रक्षा मिश्र ने कहा की कि पर्यावरण को हमें बचाना चाहिए ताकि हमें एवं हमारी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा मिल सके एवं सम्पूर्ण वातावरण अच्छा बन सके। ब्रह्माकुमार डॉ. ओम प्रकाश एडवोकेट बार काउन्सिल ओफ़ राजस्थान ने नशा मुक्त राजस्थान अभियान के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ की राजयोगा जीवन शैली द्वारा किसी भी तरह का नशा सम्पूर्ण रूप से छुड़ाया जा सकता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ललिता दीदी ने पर्यावरण के महत्तव के बारे में बताया एवं नशा मुक्ति की ज़रूरत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाई बहनों से नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा भी करवाई।

### बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के काशीपुरम स्थित वीर हनुमान मंदिर में विश्व हिंदू परिषद् द्वारा सत्संग व नगर बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर संगठन की आचार पद्धति के बाद श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया। बजरंग दल जिला सह संयोजक नेमीचंद ने त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा कर अगले माह में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम करने का निर्णय लिया। जिला सहमंत्री आशीष भारतीय ने कोटपूतली नगर ईकाई का विस्तार करते हुए संदीप सैनी को बजरंग दल नगर सह संयोजक, दानिश सैनी को नगर विधार्थी प्रमुख व मोनू सैनी को नगर बलोपासना प्रमुख का दायित्व दिया।

## सैनी समाज की बैठक आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित सैनी समाज शिव मन्दिर परिसर में समाज की एक बैठक धर्मेन्द्र सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि इस दौरान 4 जून को जयपुर विद्याधर नगर में हुए माली समाज के महासंगम कार्यक्रम में फुलेरा सैनी समाज के सैंकड़ों बन्धुओं ने हिस्सा लिया। उक्त महासंगम कार्यक्रम में आय एवं व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा उपस्थित सभी समाज बन्धुओं एवं पदाधिकारियों के संज्ञान में लाकर मन्दिर प्रांगण में सभी महानुभावों एवं आगंतुकों के अवलोकनार्थ चस्पा किया गया। इसके साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ऐसे समाज बन्धु जिन्होंने नकद अंशदान, भोजन व्यवस्था, जल व्यवस्था, मिठाई व्यवस्था एवं डीजे व्यवस्था में अपना योगदान दिया। उनका आगामी 11 जून सांय 6 बजे सैनी समाज संस्था कार्यालय श्रीरामनगर फुलेरा पर सम्मान किया जाएगा।

## जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, बैजनाथ टेमानी के संयुक्त तत्वावधान में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा श्रीमाधोपुर के रोटरी भवन में 46 वां निशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ। क्लब के गिरिराज कयाल के अनुसार शिविर में 98 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 50 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के लिए बस से रेफर किया गया जहां चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

### रक्तदान किया

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में बुधवार को 05 युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। बीसीएमओ डॉ. बिजेय यादव ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया है। इस दौरान सी.पी. शर्मा, ललित सैनी, डॉ. रमन मीणा, देशराज गुर्जर, राजाराम गुर्जर व योगेश सैन आदि मौजूद थे।

## पूर्व टी.वी. एंकर का पुतला जलाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्रीमाधोपुर के मुख्य चौपड़ पर विप्रसेना ने पूर्व टीवी एंकर रवीश कुमार के द्वारा उड़ीसा रेल दुर्घटना के बहाने विप्र सेना व ब्राह्मण महापंचायत को कथित रूप से बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया है इसके विरोध में चौपड़ बाजार श्रीमाधोपुर में विप्र सेना के द्वारा नारेबाजी कर पुतला दहन किया। विधानसभा अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रवीश कुमार ने षडयंत्र पूर्वक ब्राह्मण समाज एवं ब्राह्मण महा पंचायत को टारगेट किया है पूर्व में भी रवीश कुमार सनातन मान मूल्यों के खिलाफ बोलते रहे हैं। ब्राह्मण महापंचायत के क्षेत्रीय समन्वयक दिनेश गोविंद शर्मा ने कहा कि रेल हादसे का ब्राह्मण समाज से कोई संबंध नहीं होते हुए भी हमे दोषी ठहराना गलत है। ब्राह्मण सर्व हितैषी विचारो वाला है अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। पूर्व प्रधान मख्खन लाल शर्मा ने कहा कि कोई भी ओछी मानसिकता से ब्राह्मणों को बदनाम करने वाले वक्तव्य देगा तो सहन नहीं होगा।

## सार-समाचार

### रैली निकालकर सम्मानित किया



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोडा के राजस्व ग्राम श्याम नगर के क्षेत्र ढाणी नागान खेड़ीराम मार्ग पर संचालित हाइपर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का माध्यमिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट होने पर निदेशक प्रदीप लखेरा के नेतृत्व में विजय रैली निकालकर पंचायत चौक काचरोदा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या सुमन लखेरा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में छात्रा मेघाश्री पुत्री बालकिशन लखेरा ने 90.17 प्रतिशत अंक अर्जित करके अपने शिक्षकों, अपने परिजनों के साथ ही फुलेरा क्षेत्र और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में विजय रैली विद्यालय परिसर से शुरू हुई। इस दौरान जगह जगह पर लोगों ने इन होनहार प्रतिभाओं का माल्यार्पण और पुष्प वर्षा कर सम्मान किया। पंचायत चौक में पंचायत समिति सदस्य नेमीचन्द कुमावत, वार्ड पंच हेमराज कुमावत, पूर्व मेंबर हरीश कुमावत ने होनहार प्रतिभाओं मेघाश्री, पलक कुमावत, भूमिका, हर्षिता, मेघना आदि का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह के साथ मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दी।

### गौसेवा को लेकर लोगों में उत्साह



**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा क्षेत्र में इन दिनों लोगों में गौ सेवा के लिए अपार उत्साह एवं श्रद्धा देखने को मिल रही है। संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिदिन सवेरे जल्दी उठकर बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवा आसपास की गौशालाओं में गौ सेवा करने के लिए निकलते हैं और क्षेत्र के लोगों के सहयोग से खेतों में जाकर वहां ज्वार आदि की कटाई कर वाहनों से गौ शालाओं में लाकर गौ सेवा के कार्य में लगे रहते हैं। संकल्प हरियाली समिति संयोजक नीरज सैन ने बताया कि गौ माताओं की सेवा के लिए मैक्स संजीवनी हॉस्पिटल निदेशक डॉ. सुरेन्द्र यादव, महावीर यादव, एडवोकेट विजय यादव, जीतू यादव, बालूराम राठी, रामकरण राठी, महेन्द्र यादव सहित समिति सदस्यों ने एक-एक हरे चारे की पिकअप भेंट की है। जिसे समिति के सदस्य प्रतिदिन सवेरे क्षेत्र की अलग-अलग गौशालाओं एवं खुले में विचरण कर रही गौ माताओं की सेवा में भेजा जायेगा। इस दौरान समिति के संरक्षक श्रीराम यादव, संकल्प हरियाली समिति संयोजक नीरज सैन, संकल्प गौसेवा समिति संयोजक सुभाष यादव, पंकज जिंदल, डॉ सुरेन्द्र यादव, भानू सैन, रामकरण राठी, लोकेश टांक, हरी यादव, महावीर यादव, सोनू कुमावत, मनीष सैन, रोहित शर्मा सहित मंढा एवं कारोली क्षेत्र के गौभक्त भी सुबह पांच बजे अपने अपने वाहनों से आकर इस गौसेवा जैसे पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे एवं गौमाताओं की सेवा में दिन रात लगें हुए हैं।

### डी.एस.पी. आनंद राव को विदाई दी



**बहरोड़/भिवाड़ी, (निसं)।** पुलिस अधिकारियों की फेरबदल के चलते जिला पुलिस भिवाड़ी क्षेत्र के बहरोड़ डीएसपी आनंद राव का स्थानांतरण होने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा उच्च पद पर पहुंचने की उन्नित कामना करते हुए साफा पहनाकर गुलदस्ता एवं मोमेंटो तथा माला पहनाकर विदाई दी। वहीं नए डीएसपी तेज कुमार पाठक द्वारा पदभार ग्रहण करने पर उनका गुलदस्ता भेंट कर गुलाबी माला पहना कर स्वागत किया गया। वृताधिकारी आनंद राव का स्थानांतरण बहरोड़ से नवलगढ़ होने पर क्षेत्र के लोगों ने अधिकारी के कुशल कार्यकाल से प्रभावित होकर उनको गुलदस्ता तथा मोमेंटो एवं साफा तथा माला पहनाकर विदाई दी। इस दौरान बहरोड़ तथा नीमराणा के संबंधित पुलिस अधिकारी एवं स्टाफ तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

### परिंडे लगाये

**दूदू, (निसं)।** पंचायत दूदू के उपसरपंच अमित जोशी के नेतृत्व में युवाओं ने पक्षियों के लिए जगह- जगह परण्डि लगाये। इस दौरान युवा टीम साथ रही।

# ई.आर.सी.पी. की जागरूकता रैली की तैयारी बैठक

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित नेहरू गार्डन संयुक्त मोर्चा बैनर तले ईआरसीपी योजन लागू करने की मांग को लेकर क्षेत्र में आयोजित होने वाली नुक्कड़ सभा एवं रैली आदि कार्यक्रम को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

- 8 से 10 जून तक जागरूकता कार्यक्रम होंगे

पूर्वी राजस्थान में छूटे हुए बांध जलाशय आदि को इस परियोजना से जोड़ने को लेकर उसकी आवाज बुलंद करने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्रवासियों को ईआरसीपी को लेकर जागरूक करने हेतु उपस्थित सभी लोगों ने अपने अपने सुझाव रखे। वहीं संयुक्त मोर्चा बैनर तले लालसोट क्षेत्र में आगामी आठ से दस जून को होने वाली नुक्कड़ सभाओं और रैलियों का कार्यक्रम भी सुनिश्चित किया गया। जिसके तहत क्षेत्र में 8 जून व 9 जून को होने वाली नुक्कड़ सभाओं के जरिए क्षेत्र के लोगों को ईआरसीपी के लिए जानकारी देते हुए जागरूक किया जाएगा और दस जून को होने वाली लालसोट की रैली में आने का निमंत्रण दिया जाएगा। जिसके तहत सभी ईआरसीपी पर कार्यरत लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। वहीं दस जून को होने वाली उपखंड मुख्यालय की रैली में करीब हजारों लोगों को एकत्रित करने का भी लक्ष्य तय किया गया।

इस तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख समाजसेवी का राजेश्वरी देवी मीणा खुर्रा ने कहा कि अगर पूर्वी राजस्थान में ईआरसीपी परियोजना में शामिल होने से छुटे बांधों जलाशयो को नहीं जोड़ा गया तो यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के लिए ना किसानों के लिए काम की है ना ही अन्य लोगों के लिए लाभदायक रहेगी। इस मौके पर प्रमुख समाज सेविका राजेश्वरी देवी रामावतार जोरवाल कमलेश लोटन दिनेश हंसराज थुनियां विमल गोठवाल लालाराम बैरवा सरपंच सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।




लालसोट उपखंड मुख्यालय पर ई.आर.सी.पी. परियोजना को लेकर होने वाली रैली-सभाओं की तैयारी बैठक में सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### दौसा को नया खंड बनाया

**दौसा, (निसं)।** सिविल कार्यों का समय पर निष्पादन एवं समुचित पर्यवेक्षण हेतु राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा दौसा को नया खंड बनाया है। बताया जा रहा है कि इसके बनने से मंडी क्षेत्र में चल रहे कार्यों को गति मिलेगी। राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने भौगोलिक दृष्टि का वित्तीय भार के मद्देनजर सिविल कार्यों का समय पर निष्पादन संपादन व समुचित पर्यवेक्षण हो इसके लिए आशु चौधरी महाप्रबंधक द्वारा आदेश जारी कर दौसा को नया खंड बना दिया है। उक्त नवसृजित दौसा खंड जयपुर के अधीन रहेगा व नवीन खंड दौसा प्रथम में विधानसभा क्षेत्र दौसा, लालसोट बांदीकुई एवं गौण मंडी बेजूं पाड़ा के समस्त कार्य वही दौसा द्वितीय खण्ड में विधानसभा क्षेत्र सिकराय महवा व टोडाभीम के समस्त मंडी संबंधी कार्य संपादित होंगे। दौसा नवीन खंड बनने पर दौसा प्रधान प्रहलाद मीणा नांगल राजावतान प्रधान दिनेश बारवाल लवाण प्रधान बीना बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस दौसा हेमराज निमाली, लवाण ब्लाक अध्यक्ष रामरतन सैनी, मीडिया प्रभारी उमाशंकर बनियाना, घनश्याम भांडारेज रामप्रसाद खानपुरा, प्रमोद मीणा रामनिवास गागड़िया रामनाथ राजोरिया पदम बरखेड़ा सहित दौसा वासियों ने कृषि विपणन मंत्री मुरारी लाल मीणा का आभार प्रकट किया।

# महंगाई राहत शिविर में जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई की

**मालपुरा, (निसं)।** बुधवार को टोरडी पंचायत मुख्यालय पर आयोजित महंगाई राहत कैम्प में पहुंची जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने कैम्प का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तत्पश्चात शिविर में ही जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई की।

- ग्रामीणों ने विद्यालय के लगाया ताला, एक गिरफ्तार

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के समक्ष समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन करते हुए अवगत करवाया कि लम्बे समय से पंचायत में मनरेगा कार्य बंद पड़े हैं। ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

बीते दिनों आये तूफान में टूटे विद्युत पोल व विद्युत लाइन का समय पर मैन्टीनेन्स नहीं किये जाने से ग्रामीणों को विद्युत समस्या से जूझना पड़ रहा है। टोरडी चौकी से स्टेशन तक क्षतिग्रस्त सड़क का जल्द निर्माण करवाये जाने की मांग की तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग किये जाने पर जिला कलेक्टर ने एसडीएम महिपाल सिंह व सम्बन्धित विभाग अधिकारियों को निर्देश दिये।

टोरडी ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्य बंद होने तथा पंचायत मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी नदारद रहने से गुस्साए ग्रामीण द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा विरोध जता रहे एक जने को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि बुधवार को टोरडी निवासी रमेश चन्द रामस्वरूप कोठयारी ने विद्यालय के ताला लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाईश का प्रयास किया तो रमेश चन्द ने बताया कि लम्बे समय से पंचायत में मनरेगा कार्य बंद पड़ा है लेकिन पंचायत सचिव कार्य शुरू करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे यहां तक की पंचायत सचिव मुख्यालय से भी नदारद रहते हैं। विद्यालय के ताला लगा अशांति फैलाने के प्रयास पर रमेश चन्द कोठयारी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया।



जिला कलेक्टर ने टोरडी ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की।



'वह एक महान खिलाड़ी के साथ विनम्र व्यक्ति भी है। हम सभी भाग्यशाली थे कि हमें उसके साथ खेलने का मौका मिला और हमने उससे बहुत कुछ सीखा। वह सभी के लिए एक आदर्श है। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि (महेन्द्र सिंह) धोनी, (विराट) कोहली, रोहित शर्मा और सभी दूसरे खिलाड़ियों उनका नाम लेते हैं।'' – मोहम्मद कैफ

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, सचिन तेंदुलकर के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## अजिंक्ये रहाणे



**अजिंक्य रहाणे** ने अपने आक्रामक तेवरों के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार सभी को चौंकाया है और उन्होंने इसका श्रेय चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को दिया। रहाणे ने कहा,'' मैं आपको एक ही चीज कह सकता हूं.... मैंने वास्तव में अपनी पारी का भरपूर आनंद लिया। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हमने यह मैच जीता।'' रहाणे ने धोनी को श्रेय देते हुए कहा कि उन्हें केवल मौके की जरूरत थी और भारत के विश्वकप विजेता कप्तान ने उन्हें फॉर्म में वापसी के लिए यह मौका दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपनी टेस्ट जीवन की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाए।

## एशिया कप से बाहर हो सकता है पाकिस्तान

### श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तन हाइब्रिड मॉडल पर सहमत नहीं



लाहौर, 7 जून। सितंबर में होने वाले एशिया कप से पाकिस्तान बाहर हो सकता है। श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हाइब्रिड मॉडल में आयोजन करने से मना कर देने के बाद पाकिस्तान के पास एशिया कप से बाहर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। दरअसल एशिया कप की मेजबानी इस बार पाकिस्तान के पास थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से भारत ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाइब्रिड मोड में यानी 3-4 मैच पाकिस्तान और बाकी के किसी और देश में कराने की योजना पेश की, लेकिन श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान इसके लिए तैयार नहीं हुए। हालांकि उन्होंने पाकिस्तान से बाहर अन्य किसी एशियाई देश को एशिया कप की मेजबानी देने पर सहमति जता दी है। अध्यक्ष नजम सेठी क्रिकेट मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों और सरकारी अधिकारियों के संपर्क में हैं। सेठी कहते रहे हैं कि अगर पाकिस्तान में एशिया कप का कोई भी मैच नहीं खेला जाता है तो पाकिस्तान एशिया कप नहीं खेलेगा। संभव है कि यह आयोजन अब श्रीलंका में हो। पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट में नहीं खेलने पर एशिया कप के प्रसारणकर्ता दोबारा से प्रसारण की शर्तें और कीमतें तय करेंगे।

## सिंगापुर ओपन : सात्विक-चिराग पहले चरण में उलटफेर का शिकार

सिंगापुर, 7 जून। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को सिंगापुर ओपन 2023 के पहले चरण में जापान के अकीरा कोगा और टाइची साइतो से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयी। कोगा-साइतो ने 68 मिनट चले मुकाबले में सात्विक-चिराग को 21-18, 14-21, 21-18 से हराकर उलटफेर का शिकार किया। यह सात्विक-चिराग के खिलाफ जापानी युगल का दूसरा मुकाबला था और उन्होंने इस बार पिछली हार का हिसाब चुकता कर लिया। दूसरी ओर, त्रिशा जॉली और गायत्री पुलेला गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को भी पहले चरण में हॉन्ग कॉन्ग की यूंग एनजीए टिंग और यूंग पुइ लाम के हाथों हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह 66 मिनट चले मुकाबले में 14-21, 21-18, 19-21 की हार नहीं टाल सकीं। सिंगापुर ओपन में गुरुवार को किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत पुरुष एकल के दूसरे चरण में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी पुरुष युगल प्रतियोगिता में अपना अभियान आगे बढ़ाएंगी।

## भारतीय पैडल संघ से जुड़े पुलेला गोपीचंद

बेंगलुरु, 7 जून। तेजी से विकसित हो रहे खेल पैडल को भारत में बढ़ावा देने के लिये भारतीय पैडल संघ (आईपीएफ) ने दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी और कोच पुलेला गोपीचंद को अपना सलाहकार नियुक्त किया है। संघ ने बुधवार को इस साझेदारी की घोषणा करते हुए एक विज्ञिप्त में कहा कि वह इस खेल को दुनिया में अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने के लिये तैयार है। गोपीचंद ने इस साझेदारी पर कहा, ''मैं एक सलाहकार के रूप में भारतीय पैडल संघ से जुड़कर रोमांचित हूं। पैडल जबरदस्त क्षमता वाला एक रोमांचक खेल है, और मैं इसे नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिये अनुभव का उपयोग करने के लिये प्रतिबद्ध हूं। इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना, प्रतिभा का पोषण करना और पैडल खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करना है।'' दुनिया भर में तेजी से विकसित हो रहे खेल पैडल ने इससे पहले बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप की पूर्व कांस्य पदक विजेता सुप्रिया देवगन का ध्यान आकर्षित किया था, जो अब एक प्रमुख बोर्ड सदस्य के रूप में आईपीएफ में शामिल हैं।

## फ्रेंच ओपन : सेमीफाइनल में पहुंची हद्दाद मैया, स्वियातेक

पेरिस, 7 जून। बीट्रिज़ हद्दाद मैया बुधवार को क्वार्टरफाइनल में ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली ब्राज़ीलियन महिला बन गयीं। कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर खेले गये मुकाबले में हद्दाद मैया ने जब्योर को दो घंटे 29 मिनट में 3-6, 7-6(5), 6-1 से मात दी। सेमीफाइनल में हद्दाद मैया का सामना गुरुवार को पोलैंड की इगा स्वियातेक से होगा, जो एकतरफा क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की कोको गौफ को 6-4, 6-2 से हराकर आ रही हैं। हद्दाद मैया किसी ठौंड स्लैम आयोजन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी ब्राज़ीलियन महिला भी हैं। ओपन एरा में उनसे पहले सिर्फ मारिया बुएनो (1968) ने अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में ब्राज़ील का प्रतिनिधित्व किया है। रोला गैरों से पहले हद्दाय मैया ने न तो किसी ठौंड स्लैम प्रतियोगिता के दूसरे चरण से आगे कदम रखा था और न ही जब्योर के खिलाफ एक भी सेट जीता था। क्वार्टरफाइनल के पहले सेट में भी जब्योर ने ही बाज़ी मारी, लेकिन हद्दाद मैया ने शानदार वापसी करते हुए जीत अपने नाम कर ली। पहला सेट गंवाने के बाद हद्दाद मैया ने मजबूत सर्विस की। जब मुकाबला 5-5 पर बराबर था तब जब्योर ने दो ब्रेक पॉइंट अर्जित किये, लेकिन हद्दाद मैया ने दोनों बार ही उन्हें जीतने नहीं दिया। तीसरे सेट में हद्दाद मैया ने तेजी के साथ 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन जब्योर ने भी संघर्ष करते हुए एक गेम अपने नाम किया। जब हद्दाद मैया 5-1 से आगे थीं तब जब्योर ने सर्व करते हुए चार अप्रत्याशित गलतियां कीं, जिन्होंने हद्दाद मैया को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 327 रन बनाए

लदंन, 7 जून। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूसी) के फाइनल का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा है। द ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टंप्स तक तीन विकेट पर 327 रन बना डाले हैं। ट्रेविस हेड 146 और स्टीव स्मिथ 95 रन पर नाबाद हैं। दोनों चौथे विकेट के लिए 251 रन की पार्टनरशिप कर चुके हैं। हेड करियर का 5वां शतक जमाया। वे फाइनल में शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज बने। स्टीव स्मिथ 38वीं फिफ्टी बनाकर नाबाद हैं। दिन की शुरुआत में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को शुरुआती झटके लगे। टीम ने 2 रन के स्कोर पर उस्मान ख्वाजा का विकेट गंवाया। यहां ख्वाजा जीरो पर आउट हुए। ख्वाजा के आउट होने के बाद डेविड वार्नर (43 रन) ने मार्नस लाबुशेन (26 रन) के साथ अर्धशतकीय साझदारी कर पारी को संभाला।

पहले दिन के पहले सेशन में भारतीय गेंदबाजों का दबदबा रहा। कंगारू टीम ने 73 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए हैं। ठीन ट्रैक पर शमी-सिराज की जोड़ी ने स्विंग से अपना जलवा दिखाया और चौथे





ओवर की चौथी बॉल पर टीम को पहली सफलता मिल गई। यहां सिराज ने ख्वाजा को पवेलियन भेजा। 2 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद वार्नर-लाबुशेन के बीच 69 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को शार्दूल ठाकुर ने तोड़ा। दिन का दूसरा सेशन ऑस्ट्रेलियाई टीम के नाम रहा। इस सत्र में टीम ने एक विकेट खोकर 97 रन बनाए। सत्र की शुरुआत में ही लाबुशेन का विकेट गंवाने के बाद स्टीव स्मिथ ने ट्रेविड हेड के साथ 164 बॉल पर 94 रन की नाबाद साझेदारी की।

दिन के आखिरी सेशन में भी ऑस्ट्रेलियाई बैटर हावी रहे। इसमें भारतीय गेंदबाज एक भी विकेट लेने में नाकाम रहे। तीसरा सेशन विकेटरहित रहा और इसमें 157 रन बने।

76 रन पर तीसरा विकेट गंवाने के बाद ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया की पारी संभाली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 251 रन से ज्यादा की पार्टनरशिप कर कर चुके हैं। चौथे ही ओवर में पहला विकेट गंवाने के बाद डेविड वार्नर और मार्नस लाबुशेन ने ऑस्ट्रेलिया की पारी संभाली। वॉर्नर ने उमेश यादव के एक ओवर में 4 चौके लगाए, दोनों के बीच 108 गेंद पर 69 रन की साझेदारी हुई। वार्नर 43 रन बनाकर शार्दूल का शिकार हुए और ये पार्टनरशिप टूटी।

## मोइन अली ने टेस्ट से रिटायरमेंट वापस लिया

### जैक लीच की जगह इंग्लैंड की एशेज टीम में शामिल, सीरीज 16 जून से

नई दिल्ली, 7 जून। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मोईन अली ने टेस्ट क्रिकेट से अपना रिटायरमेंट वापस ले लिया है। उन्होंने टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स, इंग्लैंड के हेड कोच ब्रैंडन मैकुलम और इंग्लैंड क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉबर्ट कीसे से बातचीत के बाद यह फैसला किया। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। मोईन अली ने साल 2021 में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। हालांकि वनडे और टी-20 में खेलना जारी रखा। अब एशेज सीरीज से पहले उन्होंने अपनी वापसी कर ली है। मोईन अली को स्पिनर जैक लीच के जगह पर टीम में शामिल किया गया है।

**16 जून से शुरू होगी एशेज सीरीज**



इंग्लैंड के गेंदबाज जैक लीच पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेच फ्रैक्चर के कारण एशेज से बाहर हो गए हैं। लीच की जगह मोईन अली को एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम शामिल किया गया है। एशेज सीरीज की शुरुआत 16 जून से होगी और 31 जुलाई तक यह खेला जाएगा।

**मोईन अली का टेस्ट करियर**

मोईन अली ने इंग्लैंड के लिए साल 2014 में टेस्ट डेब्यू किया था। इसके बाद सितंबर 2021 में भारत के खिलाफ उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट खेला था। उन्होंने इंग्लैंड के लिए कुल 64 टेस्ट मैच खेले जिसमें 5 शतक और 14 अर्धशतक के साथ 2914 रन बनाए। टेस्ट में उनके नाम 195 विकेट हैं।

**एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोनाथन बेयरस्टो, मोईन अली, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, ओली पॉप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जोश टैंग, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

## मोहम्मद रिजवान ने अमेरिका में सड़क पर नमाज पढ़ी

### 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक मैच के दौरान ग्राउंड पर नमाज अदा की थी

नई दिल्ली, 7 जून। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने अमेरिका में सड़क किनारे नमाज पढ़ी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिजवान कप्तान बाबर आजम के साथ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बिजनेस ऑफ एंटरटेनमेंट, मीडिया और स्पोर्ट्स से जुड़े एक एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में भाग लेने अमेरिका गए हुए हैं। यह प्रोग्राम मैसाचुसेट्स में 31 मई से 3 जून तक हुआ।

**रिजवान ने क्लासमेट को दी कुरान**

रिजवान और बाबर ने क्लासमेट के साथ फोटो भी शेयर की थी। रिजवान ने क्लासमेट को कुरान भी भेंट की। इसकी फोटो उन्होंने शेयर की।

**टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक मैच के दौरान रिजवान ने ग्राउंड पर पढ़ी थी नमाज**

रिजवान इससे पहले साल 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान बीच मैदान में नमाज पढ़ते नजर आ चुके हैं। दरअसल साल 2021 में 24 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेले गए थे। भारतीय पारी के दौरान ड्रिंक्स के दौरान रिजवान ने ग्राउंड पर ही नमाज अदा की थी। इस मैच में भारत 10 विकेट से हार गया था। पहली बार भारत को पाकिस्तान से वर्ल्ड कप के किसी फॉर्मेट में हार का सामना करना पड़ा था।

**सड़क पर नमाज पढ़नाः भारत में आम, मुस्लिम देशों में गैर कानूनी**

सड़क पर नमाज पढ़ना भारत में आम है, लेकिन इस्लामिक देशों में खुले में नमाज पढ़ना गैर कानूनी है। सऊदी अरब में गाड़ी रोककर नमाज पढ़ने को कानून का उल्लंघन माना जाता है।

डब्ल्यूसी फाइनल से पहले कोहली बोले-

## ऑस्ट्रेलिया अब टीम इंडिया को हल्के में नहीं लेता, टेस्ट टीम के रूप में भारत को रेस्पेक्ट मिला

नई दिल्ली, 7 जून। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा, भारतीय टेस्ट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसकी ही सरजमीं पर दो बार हराकर सम्मान हासिल कर लिया है, अब टीम इंडिया को एक टेस्ट टीम के रूप में हमें हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोहली ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, शुरुआत में प्रतिद्वंद्विता काफी कड़ी थी, माहौल भी काफी तनावपूर्ण हुआ करता था। लेकिन जब से हमने ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत हासिल की है, प्रतिद्वंद्विता सम्मान में बदल गई है और अब हमें एक टेस्ट टीम के रूप में हल्के में नहीं लिया जाता है।

उन्होंने आगे कहा, हम उस सम्मान को महसूस कर सकते हैं जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हैं कि हमें उन्हें उनकी सरजमीं पर लगातार दो बार हराया है और यह बराबरी की लड़ाई होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से द ओवल में फाइनल खेला जाएगा। भारत ने इसी साल मार्च में खेले गए बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था।

कोहली ने कहा, मैं उस मानसिकता को समझता हूं कि सभी 11 खिलाड़ियों की सोच एक तरह की है और वे प्रत्येक मौके का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसलिए इस टीम (ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ मेरा मोटिवेशन बढ़ जाता है जो इतनी अवेर और कॉम्पिटिटिव है कि मुझे अपने खेल के स्तर को ऊपर उठाना पड़ता है।

भारत के पूर्व कप्तान का मानना है कि फाइनल का नतीजा ओवल में टीमों को परिस्थितियों से तालमेल बिठाने और अपनाने पर निर्भर करेगा। बता दें, ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों का द ओवल में रिकॉर्ड कुछ खास नहीं है। ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने अपने 38 टेस्ट मैचों में से सिर्फ सात जीते हैं, वहीं भारत 14 मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल कर पाया है। कोहली ने कहा, ''मुझे लगता है कि ओवल चुनौतीपूर्ण होगा, हमें सपाट विकेट नहीं मिलेगा और बल्लेबाजों को सतर्क रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, ओवल में बल्लेबाजी के लिए जाते वक्त आप एक खास तरह की कंडिशन की उम्मीद नहीं कर सकते। इसलिए हमें सामंजस्य और तालमेल बैठाना होगा। दोनों टीम के लिए न्यूट्रल वेन्यू पर यह एक मैच है, जो टीम बेहतर तालमेल बिठाएगी, वही जीतेगी। यही की खूबसूरती है। के डेब्यू सीजन के फाइनल में भारत को न्यूजीलैंड से हार मिली। टीम इंडिया फाइनल में दो स्पिनरों के साथ खेलकर गलती की थी, जबकि परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं।

पहलवानों के गृहमंत्री से मिलने के बाद बड़ा बदलाव

## रेसलर्स की ड्यूटी जॉइन, बृजभूषण पर दिल्ली पुलिस की सख्ती, 9 का खापों का कार्यक्रम रद्द

पानीपत, 7 जून।। रेसलर्य और पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण विवाद में नई संसद भवन के सामने 28 मई को हंगामे और पहलवानों की सामने आने के बाद गृह मंत्रालय एक्टिव हुआ। 4 जून को गृहमंत्री अमित शाह के घर बजरंग विनेश और साक्षी मलिक ने उनसे मुलाकात की जो 2 घंटे चली। इस मुलाकात में कोई तीसरा पक्ष मौजूद नहीं था। बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 23 अप्रैल से बड़ा प्रदर्शन कर रहे पहलवान अचानक साइलेंट हो गए। इसका बड़ा कारण अमित शाह से मुलाकात माना जा रहा है। इस बड़ा कारण यह भी है कि इसके तुरंत बाद पहलवानों ने अपनी ड्यूटी जॉइन कर ली।

हालांकि बजरंग, विनेश और साक्षी ने साफ किया है कि वह अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए नौकरी पर लौटे हैं, लेकिन इंसाफ के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी। इस पूरे विवाद की वजह से भाजपा के अंदर भी बेचैनी है। का एक बड़ा धड़ा बृजभूषण सिंह के खिलाफ कार्रवाई के पक्ष में है।

मुजफ्फरनगर के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने पहलवानों से बात की। उनकी मुलाकात केंद्र में एक शीर्ष नेता से कराने का भरोसा दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बागपत के सांसद सत्यपाल सिंह भी इस विवाद में मध्यस्थ की भूमिका में नजर आए। केंद्र सरकार किसी भी तरह से पहलवानों के मामले को शांत कराने की ठान चुकी थी, इसलिए पहलवानों के साथ बातचीत का दोतरफा संवाद शुरू हुआ। एक तरफ हरियाणा और दूसरी ओर यूपी के नेता, इसके लिए आगे आए। हरियाणा से जुड़े एक खाप प्रतिनिधि के मुताबिक, जंतर मंतर से लगते केरल हाउस में पहलवानों और केंद्र सरकार के मध्यस्थों की बैठक हुई। यह बैठक मई के अंतिम सप्ताह में हुई थी। यहीं से पहलवानों के साथ अमित शाह की मुलाकात का रास्ता खुला।

शाह की बैठक के लिए हरियाणा से राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, चरखी दादरी के विधायक सोमबीर सांगवान और भाजपा शासित एक बड़े प्रदेश के राज्यपाल प्रयासरत रहे। खास बात यह है कि हरियाणा से कार्तिकेय शर्मा बतौर निर्दलीय प्रत्याशी, राज्यसभा पहुंचे थे। सोमबीर सांगवान भी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने गत विधानसभा चुनाव में भाजपा नेता और पहलवान बबिता फोगाट को हराया था।

हरिद्वार में नरेश टिकैत ने पहलवानों से 5 दिन मांगे थे। उन्होंने भरोसा दिलाया था कि इस अवधि में खाप पंचायत एवं किसान संगठन कुछ न कुछ करेंगे। सोरम में हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के खाप प्रतिनिधियों की बैठक हुई। माना जा रहा था कि बैठक में कोई बड़ा निर्णय होगा, लेकिन राकेश टिकैत ने कहा, पंचायत ने फैसला ले लिया है और इसकी जानकारी कुरुक्षेत्र में होने वाली खाप पंचायत में दी जाएगी।

खास बात है कि यही वो पंचायत थी, जब पहली बार यह आवाज सुनाई पड़ी कि पहलवानों का आंदोलन हाईजैक हो रहा है। खाप प्रतिनिधियों के बीच मनमुटाव जैसा कुछ दिखा। कुरूक्षेत्र की पंचायत में कुछ खास नहीं हुआ। वहां भी सरकार को 9 जून तक का समय दे दिया। अगर इस अवधि में बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार नहीं किया गया तो किसान संगठन एवं खाप पंचायतें, दोबारा से पहलवानों को लेकर जंतर मंतर पर पहुंच जाएंगी। जिस वक्त कुरुक्षेत्र की खाप पंचायत चल रही थी, उसी समय खबर आई कि बृजभूषण सिंह की अयोध्या में होने वाली रैली स्थगित कर दी गई है। ये संयोग नहीं था, बल्कि पहलवानों के आंदोलन में केंद्र सरकार की एंट्री का इफेक्ट था।

एक जून को यूपी के मुज्जफरनगर के सोरम में आयोजित महापंचायत में 5 राज्यों की खापों ने भाग लिया था। यहां पर पहलवान भी पहुंचे थे। इस पंचायत के दौरान खाप प्रतिनिधियों के पास गृह मंत्रालय से कॉल आनी शुरू हुई। जिस कॉल में इस मुद्दे पर बातचीत के जरिए हल निकालने जैसी बात कही गई थी। जिस पर खाप प्रतिनिधियों ने कहा था कि वे इस बारे में पहलवानों से बात करें। उनकी संतुष्टि होनी जरूरी है। उम्मीद जताई जा रही है कि इसी दिन से ही गृहमंत्रालय से खिलाड़ियों को बातचीत के टेबल पर लाने के प्रयास शुरू कर दिए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्र पहलवानों की 5 मांगों को मानने को तैयार है। इनमें महिला कुश्ती कैंप लखनऊ से पटियाला, आरोपी कोच को हटाने, को सस्पेंड करने, पहलवानों पर दर्ज दंगे के केस वापस लेने और महिला कुश्ती की कमान किसी महिला को सौंपना शामिल है। केंद्र पहलवानों से बातचीत के लिए 4 मंत्रियों की कमेटी बना रहा है।

## 15 जून तक होगी बृजभूषण के खिलाफ जांच पूरी : ठाकुर

नयी दिल्ली, 7 जून। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ छह घंटे तक चली बैठक के बाद बुधवार को कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस की जांच 15 जून तक पूरी हो जायेगी। ठाकुर ने कहा कि डब्ल्यूएफआई के नये अध्यक्ष के चुनाव 30 जून तक होंगे। कुश्ती महासंघ का दैनिक कामकाज फिलहाल भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति के हाथ में है। ठाकुर ने कहा कि चुनाव होने तक इस समिति में दो कोचों को शामिल किया जायेगा।

ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने कल सरकार की ओर से पहलवानों को बैठक का न्योता दिया था। लगभग छह घंटे चली इस बैठक में हमने पहलवानों को आश्वासन दिया है कि (बृजभूषण पर) लगे आरोपों की जांच करके 15 जून तक चार्जशीट दायर की जायेगी, और डब्ल्यूएफआई के चुनाव 30 जून तक किये जायेंगे। उन्होंने कहा, कुश्ती महासंघ में शिकायत समिति बनायी जायेगी, जिसकी अध्यक्षता एक महिला करेगी। जब तक कुश्ती महासंघ के चुनाव नहीं होते तब तक आईओए की तदर्थ समिति में दो कोचों को शामिल करने के लिये उनका नाम प्रस्तावित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ठाकुर ने मंगलवार देर रात ट्वीट कर कहा था कि पहलवानों को बैठक के लिये आमंत्रित किया गया है। उन्होंने ट्वीट किया था, सरकार पहलवानों से उनके मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है।

// ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल, ये मैदान इंडिया के लिए खास //

# यहीं भारत ने इंग्लैंड को पहली बार उसके घर में हराया

नई दिल्ली, 7 जून।। द ओवल, इंग्लैंड का क्रिकेट ग्राउंड इंडिया के लिए बेहद खास है। इस मैदान पर टीम इंडिया ने ऐसी कई यादगार परफॉर्मेंस दी हैं, जिन्होंने भारतीयों को गर्व से भर दिया। सबसे खास पल तब आया, जब रेडियो पर कान लगाए क्रिकेट फैंस हर बॉल, हर शॉट का लुत्फ उठाते थे। 1971 में भारत को आजाद हुए 24 साल बीत चुके थे। इंडिया की टीम इंग्लैंड दौरे पर गई और 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का निर्णायक मैच ओवल के मैदान पर खेला गया। अजित वाडेकर की कप्तानी में भारत ने यह मैच और सीरीज जीती। यह पहली बार था जब भारत ने इंग्लैंड को इंग्लैंड में शिकस्त दी थी। इसी वजह से ओवल का मैदान इंडियन क्रिकेटर्स और फैंस के लिए किसी पवित्र जगह जैसा बन गया। इस मैदान से जुड़ी भारत की खास परफॉर्मेंस...

**पटौदी की जगह वाडेकर कप्तान बने, वेस्टइंडीज को हराकर इंग्लैंड आए**

नवाब पटौदी की जगह टीम इंडिया की कप्तानी अजित वाडेकर को सौंपी गई थी। वाडेकर की टीम ने फरवरी-मार्च के बीच वेस्टइंडीज की टीम को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से हराया था। इसके बाद टीम जुलाई-अगस्त में इंग्लैंड गई। सीरीज 3 टेस्ट मैच की थी। इंग्लैंड के लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में खेले गए मुकाबले ड्रॉ रहे थे और निर्णायक मैच ओवल में 19 से 24 अगस्त के बीच हुआ।

**इंग्लैंड ने पहली पारी में 355 का स्कोर बनाया, विकेटकीपर नॉट ने खेली विस्फोटक पारी**

इंग्लैंड के कप्तान रे इलिंगवर्थ ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और टीम ने 355 का स्कोर बनाया। विकेटकीपर बैटर ऐलन नॉट ने 90 रनों की पारी खेली। उन्होंने इस पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। भारत की ओर से एकनाथ सोलकर ने 3 विकेट लिए। भारत ने भी टक्कर दी और 284 का स्कोर बनाया। फारूख इंजीनियर ने 59 रन की पारी खेली। इंग्लिश कप्तान इलिंगवर्थ ने 5 विकेट लिए। चंद्रशेखर का कमाल और इंग्लैंड 101 पर

**ऑलआउट, रेस्टोरेंट ने सूप का नाम चंद्रशेखर रखा**

दूसरी पारी में इंग्लैंड महज 101 रन पर ऑलआउट हो गई। भागवत चंद्रशेखर ने 38 रन देकर 6 विकेट लिए। इंग्लिश बल्लेबाज उनकी लेग ब्रेक और टॉप स्पिन को समझ नहीं सके। अजित वाडेकर ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा था कि चंद्रशेखर का वो स्पेल उनकी जिंदगी का यादगार स्पेल था। मैच खत्म होने के बाद एक इंडियन रेस्टोरेंट ने अपने सूप का नाम चंद्रशेखर सूप रख दिया।

**173 का टारगेट मिला, वाडेकर-सरदेसाई के बाद इंजीनियर ने खेली विजयी पारी**

भारत को 173 का टारगेट मिला। अजित वाडेकर (45), दिलीप सरदेसाई (40) और गुंडप्पा विश्वनाथ (33) ने अच्छी पारियां खेलीं। पर एक मौके पर इंडिया के 5 विकेट गिर चुके थे और क्रीज पर आए फारूख इंजीनियर। उन्होंने 28 रन की अहम पारी खेली। विश्वनाथ के साथ साझेदारी कर टीम को जीत तक पहुंचाया। हालांकि जीत मिलने तक विश्वनाथ क्रीज पर नहीं थे। 3 रन बाकी रहते वो आउट हो गए। सैयद आबिद अली ने चौका मारकर ऐतिहासिक जीत दिलाई।

**एकनाथ सोलकर का सुपर कैच**

एक पल ऐसा भी था, जब अजित वाडेकर के माथे पर शिकन थी। वजह थे एलन नॉट, जिन्होंने पहली इनिंग में 90 रन की पारी खेली थी। वाडेकर जानते थे कि वो जीत दूर ले जा सकते हैं। अभी नॉट ने एक रन ही बनाया था। बॉल थमाई गई वेंकटराघवन को और शॉर्ट लेग पर खड़े थे एकनाथ सोलकर। नॉट ने शॉट खेला और गेंद शॉर्ट लेग की तरफ गई। सोलकर ने यादगार कैच पकड़ा। सोलकर ने एक आर्टिकल में लिखा था- मैं बस कूद पड़ा। गेंद उंगलियों में फंस गई और वो गिर भी सकती थी पर किसी तरह मैंने कैच पकड़ लिया। ये यादगार कैच था।

**मैदान पर फैंस ले आए थे हाथी**

एक और वाकया हुआ था। फाइनल डे पर गणेश चतुर्थी थी और इंडियन फैंस मैदान पर एक हाथी ले आए। फैंस इसे शुभ मान रहे थे और उन्होंने चेसिंगटन चिड़ियाघर से एक हाथी किराये पर लिया था, जो मैच के दौरान मैदान पर भी आया। इसका नाम बेला था। इंडिया मैच भी जीत गया।

**ओवल में गावस्कर का दोहरा शतक**

लिटिल मास्टर के नाम से मशहूर सुनील गावस्कर ने 1979 में इंग्लैंड दौरे पर चार मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में ओवल मैदान पर 221 रनों की पारी खेली थी। भारत को जीत के लिए 438 रनों का रिकॉर्ड टारगेट मिला था। गावस्कर 443 गेंदों का सामना कर 21 चौकों की मदद से 221 रन बनाकर आउट हुए। गावस्कर केवल दो रन से चौथी पारी में सर्वोच्च स्कोर का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से चूक गए थे। भारत इस मैच में जीत के काफी करीब था, लेकिन उनके आउट होने के बाद ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था।

**रोहित की शतकीय पारी से जीती थी टीम इंडिया**

टीम इंडिया ने ओवल के मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट मैच साल 2021 में खेला था। इस मैच में भारतीय ओपनर रोहित शर्मा ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में 127 रनों की शतकीय पारी खेली थी। रोहित के इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। विराट कोहली की अगुआई में टीम इंडिया ने यह मुकाबला

**शार्दुल ने लगाया था ओवल में सबसे तेज अर्धशतक**

साल 2021 इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट सीरीज का चौथा मैच ओवल में खेला गया था। इस मैच में टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने 31 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की थी। शार्दुल इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए थे। इस मामले में उन्होंने इयान बॉथम और कपिल देव जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया था। बता दें कि शार्दुल ने अपनी पारी के दौरान 36 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की शानदार पारी खेली थी।



स्मिथसोनियन'स नैशनल ज़ू एण्ड कन्ज़र्वेशन बायोलॉजी इन्स्टीट्यूट में, पाँच वर्षों में पहली बार अत्यंत संकटग्रस्त वैस्टर्न लोलैण्ड गोरिल्ला प्रजाति के बच्चे का जन्म हुआ है। अभी पता नहीं है कि बच्चा नर है या मादा। यह बच्चा 20 वर्षीय मादा कालाया और 31 वर्षीय नर बाराका की दूसरी संतान है। ज़ू में नर-वानरों (प्राइमेट्स) की क्यूरेटर बैकी मालिंस्की ने ज़ू से जारी किये गये एक बयान में कहा, "हमें अपने वैस्टर्न लोलैण्ड गोरिल्ला समूह में एक नये शिशु का स्वागत करते हुये अपार हर्ष हो रहा है। कालाया एक अनुभवी माँ हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वह अपने शिशु का बहुत अच्छा और वैसा ही खयाल रखेगी, जैसा उसने अपनी पहली संतान मोक का रखा था। मोक का जन्म वर्ष 2018 में हुआ था और तब से ही कालाया बहुत ही अच्छे तरीके से उसका पालन-पोषण कर रही है तथा उसके साथ खूब खेलती-कूदती है।" एसोसिएशन ऑफ ज़ू एण्ड अक्वेरियम्स के स्पेशल सरवाइवल प्लान के सुझाव पर कालाया और बाराका को प्रजनन के लिए चुना गया था। यह संस्था जैनटिक मेकअप, स्वास्थ्य, स्वभाव व अन्य कारकों के आधार पर प्रजनन के लिए गोरिल्ला का चयन करती है। ज़ू के अनुसार कालाया बहुत "प्रोटैक्टिव" व सतर्क स्वभाव की है, वहीं बाराका मस्त मौला किस्म का है, वह अपनी 5 वर्षीय संतान की शरारतों के प्रति बेहद सहिष्णु है। कालाया, बाराका व उनके दो बच्चों के साथ, स्मिथसोनियन के लोलैण्ड गोरिल्ला समूह में एक 41 वर्षीय मादा मंदारा व उसकी 14 साल की बेटी किबीबी भी शामिल है। जंगल में तो, नर हो या मादा, 8 साल के होने पर गोरिल्ला उस मूल समूह को छोड़ देते हैं, जिसमें उनका जन्म हुआ। नर को तो कभी-कभी जबरन निकाल दिया जाता है। समूह से निकाले गए नर प्रायः एक बैचलर ग्रुप बना लेते हैं और अपना स्वयं का समूह बनाने योग्य होने तक ग्रुप में सभी नर साथ रहते हैं।

# वसुंधरा राजे की दिल्ली यात्रा से राजनीतिक सरगर्मियां तेज हुईं

## वसुंधरा राजे ने दिल्ली में भाजपा के संगठन महासचिव बी.एल. संतोष से मुलाकात की

नई दिल्ली, 7 जून। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की दिल्ली में भाजपा संगठन बी.एल संतोष से मुलाकात सियासी गलियारों में चर्चा बनी हुई है।

हालांकि, दोनों नेताओं के बीच किन मुद्दों पर बातचीत हुई, इसको लेकर जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इस मुलाकात से वसुंधरा राजे समर्थक बेहद प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। विधानसभा चुनाव से पहली हुई बैठक को लेकर अलग-अलग सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

बता दें राजस्थान में वसुंधरा राजे समर्थक लंबे समय से राजे को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की करते रहे हैं। जबकि वसुंधरा राजे का धुर विरोधी धड़ा प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने की मांग करता रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मीटिंग में चुनावी रणनीति पर चर्चा होने की जानकारी सामने आ रही है। वसुंधरा समर्थकों को दिल्ली यात्रा के परिणाम का इंतजार है।

■ सियासी जानकारों का कहना है कि, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली हार से भाजपा आलाकमान बेहद चिंतित है। क्योंकि दोनों राज्यों के चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर लड़े गए थे। लेकिन भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रणनीतिकार राजस्थान में ऐसे हालात नहीं देखना चाहते हैं।

सियासी जानकारों का कहना है कि, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली हार से बीजेपी आलाकमान बेहद चिंतित है।

क्योंकि दोनों राज्यों के चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर लड़े गए थे। लेकिन बीजेपी को करारी हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी की रणनीतिकार राजस्थान में ऐसे हालात नहीं देखना चाहते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बीएल संतोष और वसुंधरा राजे के बीच सीएम फेस को लेकर बातचीत जरुर हुई होगी। मुलाकात के दौरान राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह भी साथ थे।

इसके अलावा वसुंधरा राजे को प्रधानमंत्री की 9 वर्ष की अपलब्धियों के लिए झारखंड में महासंपर्क अभियान का प्रभारी बनाया गया है। इससे पहले आज दिल्ली से मैडम सीधे उदयपुर पहुंचेंगी, लेकिन आज दिल्ली में मैडम से जुड़े दूसरे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। ऐसे में अब हर किसी को मैडम की दिल्ली यात्रा के परिणामों का इंतजार है। वसुंधरा राजे के दिल्ली दौरे को लेकर राजस्थान में सरगर्मियां बढ़ गई हैं। बताया जा रहा है कि इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव और संगठन में होने वाले बदलावों में विस्तार से चर्चा हुई है।

## चारों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैं, पर अभी निर्णय होना बाकी है।

खासकर राजस्थान में जहां कांग्रेस की हालत खराब है और गहलोत-पायलट के झगड़े को सुलझाने के लिए, पार्टी नेतृत्व को समय नहीं मिल रहा है।

## भाजपा के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के अलावा उन्होंने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों पर भी चर्चा की गई। ये राज्य हैं-मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र।

उन्होंने राज्यवार स्थिति को परखा और कुछ राज्यों में अध्यक्षों एवं संगठन सचिवों को बदलने पर चर्चा की।

पार्टी तेलंगाना के मुद्दे पर भी गंभीर है। पार्टी के सूत्रों के अनुसार केन्द्र में कुछ मंत्रियों और पदाधिकारियों को बदला जाएगा।

बैठक में राजस्थान, बिहार और उड़ीसा में पार्टी संगठन के रिक्त पदों पर नियुक्ति के मसले पर चर्चा की, जहां हाल ही में राज्य अध्यक्ष नियुक्त किये हैं। उत्तर प्रदेश में भी नई नियुक्तियों की आशा है। नेताओं ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में टी.डी.पी. के साथ चुनावी गठबंधन को मंजूरी दी।

# कार-ट्रेलर भिड़ंत में जोधपुर के चार युवकों की मौत

जोधपुर, 7 जून (कासं)। प्रदेश के सीकर जिले के फतेहपुर शेखावाटी में बुधवार की अलसुबह करीब पांच बजे भीषण हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

हादसा फतेहपुर-सालासर हाईवे पर मरडाटू बस स्टैंड के पास हुआ, जहाँ एक ट्रेलर और कार के बीच भिड़ंत हो गई।

हादसे में कार ड्राइवर समेत चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मरने वाले सभी लोग जोधपुर के रहने वाले हैं और इनमें जोधपुर कमिश्नरेट का एक कांस्टेबल भी शामिल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे शवों को बाहर निकाला। ड्राइवर समेत एक अन्य व्यक्ति के शव को क्रेन की मदद से निकालना पड़ा। हादसे के बाद ट्रेलर ड्राइवर मौके से फरार हो गया, ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है।

हादसे में मरने वाले जोधपुर के तेजाराम सिहाग (27) निवासी बुडकिया, शाहरुख खान (24) निवासी कालिया दुक्का हरिजन बस्ती खांडा फलसा, जोधपुर, राजू रियाज खान (34) निवासी मियां का चौक मायलाबास खांडाफलसा जोधपुर, रेवंतराम चौधरी (28) पुत्र नरसिंहराम बुडकिया तहसील भोपालगढ़ के रूप में

■ सीकर जिले में अलसुबह हुए इस हादसे में मरने वाले चार युवकों में से एक कांस्टेबल था।

चिन्हित किए गए हैं। इनमें एक युवक की जेब से जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के कांस्टेबल का आईकार्ड मिला है। इसकी पहचान रेंवतराम के रूप में हुई, जो कि अभी खांडाफलसा थाने में पदस्थापित है। शवों को सीकर के धानूका अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# चेरापूंजी और मासिनराम में सूखे जैसी स्थिति

शिलॉन्ग, 7 जून। दुनियाभर में सबसे ज्यादा वर्षा होने के लिए प्रसिद्ध मेघालय के मासिनराम और चेरापूंजी में सूखे जैसी स्थिति आ गई है। इसके अलावा 52 सालों में पहली बार यहां बिजली की किल्लत देखी जा रही है। मासिनराम और चेरापूंजी में सबसे ज्यादा बारिश होती है। सालाना मासिनराम में जहां 11,871 मिमी बारिश होती है वहीं इससे 15 किलोमीटर दूर चेरापूंजी में 11,777 मिमी की वार्षिक औसतन बारिश होती है। चिंता की बात ये है कि पिछले कुछ सालों में बारिश में भारी गिरावट की वजह से यहां पानी की कमी हो गई है। जिसका असर यहां के बिजली उत्पादन पर पड़ा है। मेघालय में बिजली का मुख्य स्त्रोत जल विद्युत है, जो बारिश के पानी के ऊपर ही निर्भर है।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने खुद इसकी पुष्टि की है।

# कोटा में कोचिंग छात्र की संदिग्ध मौत

कोटा, 7 जून (निसं)। शहर के महावीर नगर थाना इलाके में कोचिंग छात्र की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। कोचिंग छात्र अपने रूम के बाहर बेहोश मिला था, जिसके बाद उसके रूम पार्टनर और मकान मालिक उसे एमबीएस अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना एमबीएस पुलिस चौकी ने महावीर नगर थाने को दी। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि, जनवरी 2023 से मई तक 12 कोचिंग छात्र आत्महत्या की कोशिश कर चुके हैं। जिनमें से 10 की मौत हो चुकी है।

■ मृतक छात्र, पारितोष कोहिरी प. बंगाल में पुरूलिया का रहने वाला था और यहां नीट की तैयारी कर रहा था।

■ पारितोष अपने कमरे के बाहर बेहोश पड़ा दिखा तो उसका रूम पार्टनर व मकान मालिक उसे पास के अस्पताल ले गए, जहां से उसे एम.बी.एस. अस्पताल भेज दिया गया। अस्पताल ने पारितोष को मृत घोषित कर दिया।

महावीर नगर थाने के एएसआई हरिओम ने बताया कि मृतक छात्र की शिनाख्त पारितोष कोहिरी (18) के रूप में हुई है। जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के पुरुलिया का रहने वाला है। वर्तमान में महावीर नगर में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। छात्र की मौत की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। साथ ही एमबीएस चौकी पुलिस ने उसके शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया है। उसके दोस्त आनंद का कहना है कि पारितोष रूम के बाहर ही बेहोशी की हालत में मिला था। पारितोष की मौत कैसे हुई इस संबंध में फिलहाल कोई खुलासा नहीं हुआ है। पीजी मालिक विशाल बाकलीवाल का कहना है कि महावीर नगर द्वितीय में उनका मकान है। मृतक छात्र पारितोष फरवरी से ही यहां रह रहा था। उसके बेहोश होने की सूचना उसके दोस्त ने दी थी। जिसके बाद उसे अस्पताल लेकर गए थे। हृदय गति रुक जाने के चलते मौत की संभावना जताई जा रही है।

मृतक छात्र पारितोष के रूम पार्टनर आनंद का कहना है कि सुबह ही पारितोष से बातचीत हुई थी। मैंने उसे अपने पेरेंट्स को लेने जाने की बात कही थी, इसके बाद में अपने पेरेंट्स को लेने के लिए गया था। वापस लौटा तब पारितोष बेहोशी की हालत में मिला। उसे तुरंत हम पीजी मालिक विशाल बाकलीवाल के साथ नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां से उसे एमबीएस अस्पताल ले जाने के लिए कहा जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आनंद का कहना है कि कोचिंग में ही दोनों की मुलाकात हुई थी और दोनों एक रूम लेकर बीते 4 महीने से यहां रह रहे थे। पहले हम एक हॉस्टल में ही अलग-अलग रूम में रहते थे। आनंद कुमार का कहना है कि पारितोष बीते 1 साल से कोटा में कोचिंग कर रहा है।

जनवरी में वह अपने घर चला गया था। क्योंकि उसे हेपेटाइटिस हो गया था। काफी दिन पश्चिम बंगाल स्थित अपने घर पर रहा था। उसके पेरेंट्स मिलने नहीं आते थे। लेकिन फोन पर लगातार अपने पैरेंट्स से बात करता था। उसका व्यवहार भी किसी तरह से कोई असामान्य नहीं लगा साथ ही वो पढ़ाई में भी काफी अच्छा था। वर्तमान में 12वीं के साथ ही नीट की तैयारी कर रहा था और अगले साल ही एग्जाम देना था।

# बी.एस.एन.एल. को मिलेगा 5 जी स्पैक्ट्रम

नयी दिल्ली 7 जून (वार्ता)। सरकार ने दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के पुनरुद्धार की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उसे 4जी/5जी स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए 89047 करोड़ रुपए का पैकेज देने जी घोषणा की।

प्रधाममंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार शेयर निवेश के जरिए बीएसएनएल को ये स्पेक्ट्रम आवंटित करेगी। इसके साथ ही बीएसएनएल की अधिकृत पूंजी 1.5 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2.10 लाख करोड़ रुपए हो जायेगी।

इस पुनरुद्धार पैकेज से बीएसएनएल को एक मां स्थिर टेलीकॉम सेवा प्रदाता के रूप में उभरने में मदद मिलेगी।

# पहलवानों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की, विरोध प्रदर्शन स्थगित हुआ

## इस बातचीत में बृजभूषण सिंह के खिलाफ 15 जून तक पोक्सो एक्ट में चार्जशीट पेश करने पर चर्चा हुई

नई दिल्ली, 7 जून। रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यु.एफ.आई.) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने बुधवार (सात जून) को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। करीब छह घंटे तक चली इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच कई मामलों पर सहमति बनी है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक के बाद इस बात की जानकारी दी कि खिलाड़ियों के साथ बातचीत में 15 जून तक यौन शोषण के मामले में चार्जशीट दाखिल करने पर चर्चा हुई।

अनुराग ठाकुर ने कहा, पहलवानों के साथ सकरात्मक बातचीत बहुत संवेदनशील मुद्दे पर हुई है। लगभग छह घंटे चली इस बैठक में जिन मुद्दे पर चर्चा हुई है उसमें जो आरोप लगाए गए हैं उन आरोपों की जांच पूरी करके 15 जून तक चार्जशीट दायर की जाए और रैसलिंग फैडरेशन का चुनाव 30 जून तक किया जाए। रेसलिंग फेडरेशन की आंतरिक शिकायत समिति बनाई जाए और उसकी अध्यक्षता कोई महिला करे।

सरकार के नरम रुख को देखकर लगता है कि, पिछले एक सप्ताह में सरकार ने इस मसले का हल निकालने के प्रयास तेज किए हैं। भाजपा सूत्रों ने कहा कि इसके पीछे की वजह 2024 के लोकसभा चुनाव हैं और तीन राज्यों में जाट मतदाताओं की नाराजगी का डर है। इसके अलावा भाजपा यह भी मेसेज देने से बचना चाहती है कि वह किसी भी मसले को सुलझाना नहीं चाहती या वह ऐसा कर नहीं पा रही है।

आंदोलनकारी पहलवान जाट समुदाय से ही आते हैं और बिरादरी के नेताओं का भी उनके साथ समर्थन दिखा है। ऐसे में पहलवानों के आंदोलन के बहाने भाजपा जाट समुदाय को नाराज नहीं करना चाहती, जिन्हें अपना पाले में लाने के लिए उसने काफी प्रयास किए हैं। राजस्थान, हरियाणा, यूपी और दिल्ली के एक हिस्से में जाटों का अच्छा प्रभाव है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इन राज्यों की कुल 40 लोकसभा सीटों पर जाट बिरादरी के मतदाता असर रखते हैं। एक नेता ने कहा, 2016 के जाट आरक्षण आंदोलन के बाद से ही भाजपा समुदाय को लेकर सतर्क रहती है कि आखिर वह पार्टी के बारे में क्या राय रखता है।

भाजपा नेता ने कहा, पश्चिम यूपी में जाटों का अच्छा प्रभाव है और भाजपा ने 2022 विधानसभा चुनाव में यहां अच्छा प्रदर्शन किया था।

## ओडिशा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रेल लाइन पर काम कर रहे थे जहां एक मालगाड़ी खड़ी थी। उन्होंने इसके नीचे शरण ली, लेकिन दुर्भाग्य से मालगाड़ी जिसमें इंजन नहीं लगा था वह चलने लगी जिससे दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप छह मजदूरों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 'रेलवे सेफ्टी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करोड़ रू. रह गया। रेल्वे जोन्स इस धनराशि का पूरा उपयोग करने में असफल रहे। सात जोन्स ने 2017-18 में 299 करोड़ रू. की राशि सरेंडर कर दी, वर्ष 2018-19 में नौ जोन्स ने 162.88 करोड़ रू. की राशि सरेंडर की, वर्ष 2019-20 में पांच जोन्स ने 11.68 करोड़ रू. की राशि सरेंडर की। इन चार वर्षों की अवधि के दौरान ऑडिट द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार 31 डिविजनों और 16 जोन्स में ट्रैक के पूरे नवीनीकरण के 9278.17 किलोमीटर में से 7984.31 कि.मी. ही हो सका, जो लक्ष्य से 1298.81 कि.मी. कम है। अपनी संसद की रेल्वे पर स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में टिप्पणी की है, "ट्रेक रेले परिवहन प्रणाली की रीढ़ की हड्डी है, इसलिए इसका सुरक्षा और सही हालत में रखना आवश्यक है। स्थायी समिति ने इस बात पर जोर दिया कि हर वर्ष 4500 कि.मी. ट्रैक का नवीनीकरण करवाया जाना चाहिए। ये लक्ष्य पूरे नहीं हो रहे हैं।

## 'मुझे एक पार्टी ऐसी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कांग्रेस की सीटों में हुई नाटकीय बढ़ोतरी से जाहिर है। यद्यपि राजनैतिक विश्लेषक चेतावनी दे रहे हैं कि अगर जद (एस) भाजपा से हाथ मिला लेती है तो इसके लिए मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। लेकिन स्पष्ट संकेत है कि दोनों दल चुनावी गठबंधन भले ही ना करें,2 पर उनके बीच एक समझौता अवश्य हो सकता है।

पूर्व प्रधानमंत्री व जद (एस) के प्रमुख नेता एच.डी. देवेगौडा ने कहा कि गठबंधन के बारे में कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी होगा क्योंकि लोकसभा चुनाव अभी दूर हैं। और पार्टी का फोकस स्थानीय निकाय चुनाव हैं। लेकिन विभिन्न विपक्षी दलों को एकजुट करने की उनकी कोशिशों से उनकी सोच का संकेत मिलता है। उन्होंने गैर कांग्रेसी विपक्षी दलों के बारे में कहा कि, "मुझे एक ऐसी पार्टी बताइए जिसका भाजपा से संबंध नहीं रहा है।"

उनके हालिया बयानों और नई संसद के उद्घाटन में उनके शामिल होने को इस संदर्भ में देखा जा रहा है कि वे भाजपा के निकट जाने की कोशिश कर रहे हैं। और भाजपा दक्षिण में अपने आपको मजबूत करने के लिए पहले से ही सहयोगी दलों की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि 130 सांसद भेजने वाले दक्षिण भारत भाजपा की योजना में बेहत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय कई विपक्षी दलों ने नई संसद के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार किया था क्योंकि उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों नहीं करवाया गया था।

भाजपा के लिए कर्नाटक बहुत महत्वपूर्ण है। गत आम चुनाव में यहां की 28 में से 25 सीटें भाजपा ने जीती थीं। और पार्टी जानती है कि अगर वह यह प्रदर्शन दोहरा देती है तो वह कांग्रेस पर अंकुश लगा पाएगी। कर्नाटक की जीत से कांग्रेस की ताकत व मनोबल बढ़ गया है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिव कुमार पहले ही अपने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनावों पर फोकस करने के लिए निर्देश दे चुके हैं और उन्होंने कहा है कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों तक पार्टी कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेंगे।

# शरद पवार का मानना है, देश में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राज्य विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव एक साथ करवाने का जोखिम लेगी। वे सिर्फ लोकसभा चुनाव पर ही फोकस करेंगे।

कानून एक व्यवस्था के बारे में और हाल ही में महाराष्ट्र में हुई कुछ घटनाओं के बारे में पूछने पर पवार ने कहा कि राज्य में छोटी-छोटी घटनाओं को धार्मिक रंग दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि, राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थापना के लिए सत्तारूढ़ पार्टी जिम्मेवार है, अगर सत्तारूढ़ पार्टियां और उनके लोग ही इन मुद्दों पर सड़कों पर उतरेंगे व दो समुदायों के बीच मतभेद पैदा करेंगे तो यह अच्छा संकेत नहीं है।"

उन्होंने कहा, "अगर औरंगाबाद में किसी व्यक्ति का पोस्टर दिखाया जाता है तो इस पर पुणे में हिंसा की क्या जरूरत है। पर यह हो रहा है।"

पवार ने आरोप लगाया, हाल ही में हमने अहमद नगर के बारे में सुना। आज मैंने कोल्हापुर के बारे में खबर देखी। लोग सड़कों पर उतर रहे है, छोटी-छोटी घटनाओं को धार्मिक रंग दे रहे हैं और फोन पर संदेश भेज रहे है। यह अच्छा संकेत नहीं है। सत्तारूढ़ पार्टी ऐसी चीज़ों को प्रोत्साहित कर रही है।

यह पूछे जाने पर कि नरेन्द्र मोदी सरकार अपने 9 साल पूरे कर चुकी है, उसमें उनका प्रिय मंत्री कौन है, तो पवार ने कहा, कुछ हैं जिनका काम विवादों से परे है, जैसे नितिन गडकरी, वे पार्टी के नजरिए से काम नहीं करते हैं। अगर हम उनके सामने कोई मुद्दा लाते हैं तो वे उसका महत्व देखते है ना कि व्यक्ति का जो काम कह रहा है।"

संसदीय गतिविधियों में बातचीत के महत्व पर जोर देते हुए पवार ने कहा कि संसद की नई इमारत के बारे में कोई भी फैसला अन्य राजनैतिक दलों से बातचीत कर लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यों में आमतौर पर बातचीत से इन्कार किया जाता है। पूर्व में भी राजनैतिक दलों में मतभेद होते थे पर वे बातचीत कर उन्हें हल करने की कोशिश करते थे।

मुझे समझ नहीं आया कि संसद की नई इमारत की क्या जरूरत थी। इसके बारे में बातचीत कर निर्णय लिया जा सकता था। पर मुझे भी नई संसद के बारे में अखबारों से पता चला।

लगभग 20 पार्टियां नई संसद के उद्घाटन से दूर रहीं। यह उद्घाटन 28 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने किया था। कांग्रेस का आरोप था कि मोदी ने यह उद्घाटन ऐसा किया मानो उनका राज्याभिषेक हो रहा हो।

किसी का नाम लिए बिना पवार ने कहा कि सरकार के प्रमुख लोग नियमित रूप से संसद में नहीं आते हैं। अगर सरकार का प्रमुख किसी दिन संसद आता है तो वह दिन अलग लगता है। संसद सर्वोच्च है। अगर इसे महत्व नहीं दिया जाएगा तो जनता भी प्रभावित होगी। खुद को संसद की एक छोटी पार्टी का नेता बताते हुए पवार ने कहा कि, हमने मांग की थी नई संसद के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित किया जाए। भाजपा को इस बात का विरोध करने की जरूरत नहीं थी। संसद के पहले सत्र के बाद एक तस्वीर खीचीं गई थी जिसमें बी.आर. अम्बेडकर और पंडित नेहरू सहित देश के कई नेता शामिल थे।

विपक्षी दलों में राष्ट्रपति की उपेक्षा किए जाने के कारण नई संसद के उद्घाटन का बहिष्कार किया था। उनका कहना था कि राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक संसद का उद्घाटन उन्हें ही करना चाहिए था।

पवार ने आरोप लगाया कि निर्वाचित नेताओं को नई इमारत में पहले प्रवेश नहीं करने दिया गया। नई संसद की पहली फोटो जो बाहर आई उसमें निर्वाचित नेता नहीं थे बल्कि वे लोग थे जिन्होंने भगवा पहन रखा था।

## उत्तराखण्ड ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को अगवा करने के कथित प्रयास को स्थानीय लोगों ने नाकाम कर दिया। लव जेहाद के इस कथित प्रयास के खिलाफ आसपास के कस्बों बरकोट और चिन्यालीसौर में दक्षिणपंथी गुटों के प्रदर्शन बढ़ रहे हैं। भैरव सेना नामक एक संगठन ने पुरोला में जुलूस निकाल कर लोगों से अपील की कि, वे एक समुदाय विशेष के षड्यंत्र को हराने के लिए संगठित हों। समाचार है कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए 15 जून को एक महापंचायत बुलाई जाएगी।

पुरोला से समाचार है कि लगभग 40 दुकानदारों ने पिछले दो हफ्तों से, जब से पोस्टर लगे हैं, अपने शटर बंद कर दिये, जबकि अभियुक्तों को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर, जेल भेज दिया गया है, लेकिन आंदोलनकारी इससे संतुष्ट नहीं हैं, और रोजाना अलग-अलग कस्बों में प्रदर्शन कर रहे हैं।

# खरीफ फसलों की एम.एस.पी. में बम्पर बढ़ोतरी, मूंग में 803 रू. का इजाफा

नई दिल्ली, 7 जून(वार्ता)। सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की बुधवार को घोषणा की जिसके तहत धान सामान्य और धान ग्रेड ए की कीमतों में 143 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है जबकि मूंग के कीमतों में 803 रुपये, अरहर की कीमतों में 400 रुपये और उड़द की कीमतों में 350 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गयी है। मूंगफली की कीमतों में 527 रुपये प्रति क्विंटल तथा मक्का की कीमतों 128 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की हुई बैठक में कृषि मंत्रालय के

खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। धान सामान्य का न्यूनतम समर्थन मूल्य में 2022-23 में 2040 रुपये प्रति क्विंटल था जिसे बढ़ाकर 2183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। धान ग्रेड ए का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2060 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2203 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मक्का की कीमत गत वर्ष 1962 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर 2090 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते कहा कि हुए वर्ष 2022-23 में मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7755 रुपये प्रति क्विंटल था जिसे बढ़ाकर 8558 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। अरहर दाल की कीमत गत वर्ष 6600 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर 7000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। उड़द की कीमत 6600 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6950 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है और मूंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5850 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6377 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। गोयल ने बताया कि सूरजमुखी का गत वर्ष समर्थन मूल्य 6400 रुपये प्रति क्विंटल था जिसे बढ़ाकर 6760 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसी तरह से सोयाबीन पीली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 4600 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

■ सरकार ने धान की एम.एस.पी. में 143 रू. व अरहर की एम.एस.पी. में 400 रू. प्रति क्विंटल का इजाफा किया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908